TNF TODAY
# टीएनएफ टुडे
थॉट्स न्यूज़ फैक्ट्स टुडे
tnftoday | tnftoday
www.tnftoday.com / epaper ▮ Trial Edition
पीएम के साथ प्रतिनिधिमंडल में ऑस्ट्रेलिया दौरे पर पूरन (पेज-3)
▮ पृष्ठ- 08 ▮ वर्ष-01 अंक-12 ▮ मूल्य ₹7 ▮ शुक्रवार ▮ दिनांक- 10.07.2026

## 23 देशों के 65 पर्यटकों ने ताजमहल, लालकिला देखा

### मतदाता पंजीकरण एवं ईपीआईसी केंद्र, ईवीएम वेयर हाउस का किया भ्रमण

टीएनएफ टुडे, आगरा।



23 देशों के 65 सदस्यीय विदेशी प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार को जनपद भ्रमण किया। इंडिया इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डेमोक्रेसी एंड इलेक्शन मैनेजमेंट नई दिल्ली के तत्वावधान में क्षेत्रीय भ्रमण के अंतर्गत जनपद का दौरा किया। डेलिगेशन ने ताजमहल, लालकिला विजिट के साथ मतदाता पंजीकरण एवं ईपीआईसी केंद्र, ईवीएम वेयर हाउस आदि का भी भ्रमण कराया गया। प्रतिनिधिमंडल में पेरू, अल्बानिया, कजाकिस्तान नामीबिया, थाईलैंड, फिलीपींस, केन्या, सियरा लियोन, मंगोलिया, भूटान, श्रीलंका, ब्राजील, पापुआ न्यू गिनी आदि देशों के इलेक्शन संबंधी सदस्य शामिल थे।

जिलाधिकारी /जिला निर्वाचन अधिकारी श्री मनीष बंसल जी द्वारा पीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से विदेशी डेलिगेशन को तहसील सदर सभागार में मतदाता पंजीकरण एवं ईपीआईसी केंद्र के संचालन, ईवीएम के रखरखाव, सुरक्षा,वेयर हाउस आदि चुनावी प्रक्रिया तथा इलेक्शन कामकाज के बारे में ब्रीफिंग कर जानकारी दी। जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी ने प्रतिनिधिमंडल का स्वागत करते हुए कहा कि भारत की निर्वाचन प्रणाली संविधान एवं भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित विधिक एवं संस्थागत व्यवस्थाओं पर आधारित है। देश के सभी राज्यों एवं जनपदों में निर्वाचन प्रक्रिया समान मानकों एवं निर्धारित प्रावधानों के अनुरूप संचालित की जाती है। जिससे प्रत्येक निर्वाचन स्वतंत्र, निष्पक्ष, पारदर्शी एवं विश्वसनीय रूप से संपन्न हो सके। प्रवासी भारतीय मतदाताओं (ओवरसीज इलेक्टर्स) के संबंध में जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि पात्र भारतीय नागरिक विदेश में रहते हुए भी ऑनलाइन माध्यम से मतदाता पंजीकरण हेतु आवेदन कर सकते हैं। आवश्यक दस्तावेजों के परीक्षण एवं सत्यापन के उपरांत उनका नाम संबंधित निर्वाचन नामावली में सम्मिलित किया जाता है। उन्हें निर्वाचक फोटो पहचान पत्र (ईपीआईसी) जारी किया जाता है। इस प्रक्रिया के लिए भारत आकर कार्यालय में उपस्थित होने की आवश्यकता नहीं होती।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी नगर यमुनाधर चौहान, एसडीएम सदर सचिन राजपूत, एसीएम नवोदिता शर्मा तथा संबंधित अधिकारीगण मौजूद रहे।

## राम मंदिर विवाद के बीच सनातन बोर्ड की मांग तेज


**अयोध्या।** अयोध्या के राम मंदिर चंदा चोरी विवाद को लेकर साधु-संतों ने श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष गोविंद देव गिरि के इस्तीफे की मांग की है। संतों ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि अगर गोविंद देव इस्तीफा नहीं देते तो साधु-संत आक्रोश प्रदर्शन करेंगे। साथ ही संतों ने एक बार फिर सनातन बोर्ड के गठन की मांग दोहराई है। उनका कहना है कि अगर सनातन बोर्ड होता तो शायद ऐसी घटनाएं नहीं होतीं।

आईएएनएस से बात करते हुए महंत देवेशाचार्य महाराज ने कहा कि गोविंद देव चंपत राय से मिले और बातचीत हुई। चार-पांच घंटे बैठकर गोविंद देव सबको मना रहे हैं। लेकिन, बैठक का एजेंडा सार्वजनिक नहीं किया गया। सबसे पहले तो गोविंद देव गिरि को खुद इस्तीफा देना चाहिए था। उन्होंने खुद कहा कि मेरे पास हस्ताक्षर का अधिकार नहीं था, चेक नहीं था, जानकारी नहीं थी। फिर वे कोषाध्यक्ष कैसे बने। जब घटना सामने आई, उसी दिन इस्तीफा देना चाहिए था।

## 'खेत बचाओ अभियान' में जुटे किसान

- प्रदेश सरकार के कृषिमंत्री की अध्यक्षता में हुआ कार्यक्रम
- एक सप्ताह में कोपरेटिव केंद्रों पर मिलेगी पर्याप्त खाद और बीज

टीएनएफ टुडे, आगरा।



मंत्री कृषि, कृषि शिक्षा, एवं कृषि अनुसन्धान उत्तर प्रदेश सरकार सूर्यप्रताप शाही की अध्यक्षता में "खेत बचाओ अभियान" तथा सुपर अलनीनो और सूखे के प्रभाव के अंतर्गत कृषकों के साथ संवाद एवं जनपद स्तरीय "तिलहन मेला" आरबीएस इंजीनियरिंग कॉलेज बिचपुरी सभागार में हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ कृषि मंत्री सूर्यप्रताप शाही, विधायक पक्षालिका सिंह, चौ. बाबूलाल, एमएलसी मानवेंद्र सिंह गुरुजी द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।

कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र बिचपुरी में वृक्षारोपण कर एक पेड़ मां के नाम तथा वृक्षारोपण महायज्ञ अभियान के अंतर्गत पौधारोपण किया। कृषि मंत्री ने कृषि यंत्रों ट्रैक्टर की चाभी, पीएम कुसुम योजना के अंतर्गत सोलर पंप, बीज मिनी किट का वितरण, किसान क्रेडिट कार्ड के लाभार्थियों तथा कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा विकसित तिल के बीजों का वितरण, मृदा स्वास्थ्य कार्ड आदि का वितरण कर किसान भाइयों को लाभान्वित किया। किसानों ने मक्का व मूंग के क्रय केंद्र खोलने, आलू की समस्या, डीएपी वितरण आदि समस्या को रखा। इस पर कृषि मंत्री ने कहा कि कम वर्षा की वर्तमान परिस्थितियों में किसानों को धान जैसी अधिक पानी वाली फसलों के स्थान पर ज्वार, बाजरा, मक्का, उड़द, मूंग, कोदो, सांवा एवं मड़ुवा जैसी मोटे अनाज और दलहनी फसलों की खेती अपनानी चाहिए। इन फसलों में पानी और उर्वरक की आवश्यकता कम होती है। लागत घटती है तथा किसानों को बेहतर लाभ प्राप्त होता है।

राजा बलवंत सिंह महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों के हित में निरंतर कार्य कर रही है। 'खेत बचाओ अभियान', 'किसान पाठशाला' तथा 'विकसित कृषि अभियान' जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से आधुनिक तकनीक किसानों तक पहुंचाई जा रही है। अब धान और गेहूं के साथ-साथ सरसों, अरहर, मक्का, बाजरा सहित कई फसलों की भी न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर खरीद की जा रही है। किसानों को भुगतान एक सप्ताह से दस दिन के भीतर सीधे उनके खातों में भेजा जा रहा है।

शाही ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसानों को समय पर यूरिया, डीएपी एवं अन्य उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। किसी भी समिति पर खाद की कमी पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने किसानों से रासायनिक उर्वरकों के संतुलित उपयोग की अपील करते हुए प्राकृतिक खेती, गोबर की खाद, जीवामृत, घनजीवामृत तथा हरी खाद के अधिकाधिक प्रयोग पर बल दिया।

उन्होंने बताया कि 12 जुलाई को प्रदेशभर में 35 करोड़ पौधे लगाए जाएंगे तथा सभी किसानों से "एक पेड़ मां के नाम" अभियान में सहभागी बनने का आग्रह किया। कार्यक्रम में संयुक्त कृषि निदेशक, फर्टिलाइजर हरेन्द्र मिश्रा, संयुक्त कृषि निदेशक विनोद यादव, उप निदेशक कृषि मुकेश कुमार, जिला कृषि अधिकारी विनोद कुमार, जिला उद्यान अधिकारी मनोज चतुर्वेदी,कृषि विज्ञान केंद्र प्रभारी आरएस चौहान एलडीएम ऋषिकेश बनर्जी, सीवीओ डॉ डीके पांडे मौजूद रहे।

## जिन्हें कब्रिस्तान प्यारा, वे ही कर रहे राम मंदिर का विरोध: सीएम योगी

**बांदा।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समाजवादी पार्टी और कांग्रेस को फिर निशाने पर रखते हुए इन सरकारों के कार्यों का अंतर बताया। इशारों-इशारों में उन्होंने कहा कि कुछ लोग विरासत को अपमानित करते हैं। उन्होंने हिंदू परंपरा व सनातन को कोसना जीवन का ध्येय बनाया है। वे वैभवशाली व विकसित भारत नहीं देखना चाहते। हमारी सरकार जो पैसा मंदिरों के विकास व धामों के सुंदरीकरण के लिए देती है, समाजवादी पार्टी के समय यही पैसा कब्रिस्तान की बाउंड्रीवाल के लिए जाता था। उन्हें कब्रिस्तान प्यारा है, इसलिए वे राम मंदिर, काशी विश्वनाथ, मां विंध्यवासिनी धाम, चित्रकूट, नैमिषारण्य धाम के विकास का विरोध करते हैं। सपा व कांग्रेस वाले भाजपा के प्रतिनिधियों द्वारा कराए जाने वाले विकास कार्यों को पचा नहीं पाते। सीएम ने प्रदेशवासियों से अपील की कि जिनकी सोच नकारात्मक व विकास विरोधी है, उन्हें खारिज कीजिए। सीएम योगी ने गुरुवार को बांदा व बबेरू विधानसभा क्षेत्र के लिए 710 करोड़ से अधिक की 229 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण/शिलान्यास किया। सीएम ने लोकार्पण व शिलान्यास की गईं कई योजनाओं को गिनाकर इसका श्रेय जनता व जनप्रतिनिधियों को दिया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुंदेलखंड की दुर्दशा के दौर को भी बयां किया।

## आगरा में साइबर क्राइम पर पुलिस का एक्शन

### 100 जगह छापामारी, 60 ठग गिरफ्तार, 50 करोड़ की ठगी खुलासा

**13 राज्यों से मिली 178 शिकायतें, 16 मुकदमे दर्ज, छानबीन में जुटी पुलिस**

टीएनएफ टुडे, आगरा।

नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल से मिली डिटेल्स पर आगरा पुलिस ने साइबर फ्रॉड के मामलों को लेकर साइबर क्रिमिनल्स की तलाश में बड़ा अभियान चलाया। साइबर क्राइम सेल और साइबर थाना पुलिस के साथ ही 16 थानों की पुलिस ने जिले में 100 से अधिक जगहों पर छापामार कार्रवाई की। जिसमें पुलिस ने 60 साइबर क्रिमिनल्स गिरफ्तार किए हैं। जिनको लेकर 13 राज्यों से 178 शिकायतें मिली थीं। छापामार कार्रवाई करके 16 मुकदमे दर्ज किए गए हैं। डीसीपी साइबर क्राइम आदित्य सिंह ने बताया कि साइबर क्रिमिनल से पूछताछ में 50 करोड रुपये से अधिक की साइबर ठगी का खुलासा हुआ है।

डीसीपी पश्चिमी व साइबर क्राइम आदित्य सिंह ने बताया कि साइबर क्राइम की वारदात होने पर नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल के साथ ही 1930 हेल्पलाइन पर शिकायत करते हैं। देशभर में साइबर क्राइम की इसी तरह से शिकायतें मिल रही हैं, जो अलग-अलग राज्यों की होती हैं। जिसमें ही नेशनल साइबर क्राइम पोर्टल से साइबर फ्रॉड से जुड़ीं शिकायतें साइबर पुलिस को मिल रही थीं। जो 13 अलग अलग राज्यों से 178 थीं। जिनको लेकर छानबीन कर साइबर क्रिमिनल को चिन्हित करके उनका सत्यापन किया गया। इसके बाद शिकायतों की पुष्टि होने के बाद आगरा साइबर सर्विलांस टीम, एसओजी, साइबर क्राइम थाना पुलिस, साइबर क्राइम सेल और अलग अलग थानों की पुलिस ने बड़ी कार्रवाई के लिए एक साथ 100 स्थानों पर छापामार कार्रवाई की। जिसमें 60 साइबर क्रिमिनल्स को हिरासत में लेकर पूछताछ की। जिसमें साइबर क्राइम के अलग अलग तरीके से साइबर ठगी के मामले खुले हैं। आगरा के अलग-अलग थानों में 16 मुकदमे दर्ज किए गए हैं। जो शिकायतें मिली हैं। उसमें 13 राज्यों के लोगों से करीब 50 करोड़ रुपए की ठगी का खुलासा हुआ है।



### साइबर क्राइम के इन तरीकों से हुई थी ठगी

डीसीपी साइबर क्राइम आदित्य सिंह ने बताया कि दबोचे गए सभी 60 साइबर क्रिमिनल्स से पूछताछ की तो साइबर ठगी के अलग अलग तरीके भी सामने आए हैं। सभी आरोपी आगरा के निवासी हैं। साइबर क्रिमिनल ने पूछताछ में साइबर क्राइम के अलग-अलग तरीके बताए हैं। जिनसे लोगों को जाल में फंसाकर ठगी की जाती थी। जिसमें मेट्रिमोनियल साइट्स पर फर्जी प्रोफाइल बनाकर शादी का झांसा देना, ऑनलाइन गेमिंग के नाम पर रुपये ऐंठना, फर्जी बिजनेस वेबसाइट बनाकर निवेश या खरीदारी के नाम पर ठगी करना, एटीएम और बैंकिंग फ्रॉड समेत अन्य शामिल है। इसके साथ ही कॉल या मैसेज के जरिए भी लोगों से ओटीपी, बैंक डिटेल और अन्य गोपनीय जानकारी हासिल करके ठगी के तरीके हैं। गिरफ्तार कई साइबर क्रिमिनल के खिलाफ जो मुकदमे दर्ज हुए हैं। उनके सात साल से अधिक की सजा है। ऐसे लोगों को जेल भेजा रहा है। जिन मामलों में सात साल से कम की सजा है। उन्हें नोटिस दिया जा रहा है।

### देशभर में फैला साइबर क्रिमिनल का नेटवर्क

डीसीपी साइबर क्राइम आदित्य सिंह ने बताया कि साइबर क्राइम पर लगाम लगाने के लिए देश के सभी राज्यों की पुलिस मिलकर काम कर रही है। क्योंकि, साइबर क्रिमिनल्स का नेटवर्क कई राज्यों में फैला होता है। जो ठगी की रकम एक राज्य से दूसरे राज्यों के बैंक खातों में ट्रांसफर कराते हैं। जो लोगों को रुपये का झांसा देकर उनकी आईडी पर सिमें खरीदने के साथ ही बैंक खाता भी खुलवाते हैं। जिनमें ठगी की रकम भेजी जाती है। इसके साथ ही साइबर क्रिमिनल का नेटवर्क दूसरे देशों में भी फैला हुआ है।

### साइबर ठगी से बचाएगी सतर्कता

डीसीपी साइबर क्राइम आदित्य सिंह ने बताया कि आए दिन साइबर क्रिमिनल्स नए-नए तरीकों से ठगी कर रहे हैं। साइबर क्रिमिनल और साइबर ठगी से बचने के लिए हर व्यक्ति को सतर्क रहना होगा।

- जिसमें किसी भी तरह के लालच में नहीं आएं।
- किसी भी अनजान कॉल करने वाले को बैंक की डिटेल्स ना दें।
- किसी भी अनजान मोबाइल नंबर से आए मैसेज पर भेजे लिंक का ना खोलें।
- मोबाइल पर किसी अनजान को बैंक डिटेल्स व ओटीपी की जानकारी नहीं दें।
- मेट्रिमोनियल या सोशल साइट्स पर अनजान लोगों से रुपयों का लेनदेन ना करें।
- किसी भी संदिग्ध वेबसाइट पर निवेश या भुगतान करने से पहले जांच करें।
- किसी भी तरह की ठगी होने पर साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत करें।
- साइबर क्राइम की शिकायत अपने नजदीकी थाना पुलिस से करें

## मेलबर्न में पीएम मोदी का मेगा शो

### पूरी दुनिया ने ऑपरेशन सिंदूर की गूंज सुनी: मोदी




एजेंसी, मेलबर्न।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इन दिनों तीन दिवसीय ऑस्ट्रेलिया दौरे पर हैं। उन्होंने गुरुवार को मेलबर्न में भारतीय समुदाय को संबोधित किया। इस मेगा शो में 30 हजार भारतीय शामिल हुए। पीएम मोदी ने भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए ऑपरेशन सिंदूर का एक बार फिर जिक्र किया है। पीएम ने कहा, ऑपरेशन सिंदूर के तहत आतंकी ठिकानों पर हुए धमाकों की गूंज पूरी दुनिया ने सुनी।

**पूरी दुनिया ने ऑपरेशन सिंदूर की गूंज सुनी- पीएम**

भारतीयों को संबोधित करते हुए कहा भारतीय प्रधानमंत्री ने कहा, ऑपरेशन सिंदूर के दौरान डेमो तो देख ही लिया होगा, धमाके पड़ोसियों पर हो रहे थे और गूंज पूरी दुनिया में सुनाई दे रही थी। आतंकी कैंप पर इस कड़े प्रहार से आपको गर्व हुआ कि नहीं हुआ? भारत इतने पर ही रुकना नहीं चाहता, भारत कह रहा है ग्रो मोर, ग्रो मोर।

**'भारतीय ऐसे ही हैं जैसे दूध में चीनी मिल जाती है'**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, "हम भारतीय ऐसे ही हैं जैसे दूध में चीनी मिल जाती है और उसे और भी मीठा कर देती है। वैसे ही, हम भारतीय दुनिया भर में अपने प्रेम का रंग घोलते रहते हैं। घर में दूध तो ऑस्ट्रेलिया वाला आता है, लेकिन चाय भारत वाली बनती है..." उन्होंने कहा, "आपने सुना होगा कि भारत में आजकल 'भजन क्लबिंग' का नया ट्रेंड चल रहा है। हमारी GenZ इसे आगे बढ़ा रही है और यहां ऑस्ट्रेलिया में भी, मैंने सुना है कि आपके वीकेंड भी आस्था और आध्यात्म से भरा रहता है। कहीं किसी के घर भगवान सत्यनारायण की कथा, तो कहीं गुरुद्वारे में अरदास, कहीं बच्चे द्वारा भांगड़ा, कहीं भरतनाट्यम की प्रस्तुति या कहीं कोई क्रिकेट टूर्नामेंट चल रहा होता है।

**'हम जब मदद करते हैं तो नागरिकों के पासपोर्ट नहीं देखते'**

वेनेजुएला में भूकंप के बाद भारतीय सेना के ऑपरेशन अमिस्ताद का जिक्र करते हुए पीएम मोदी ने कहा, भारत हमेशा आपदा में मदद करता है। हम जब मदद करते हैं तो नागरिकों के पासपोर्ट नहीं देखते। दुनिया आज भारत पर भरोसा करती है। पीएम मोदी ने तुर्किये और सीरिया में आए भूकंप के दौरान भी भारत की तरफ से भेजी गई मदद का जिक्र किया। उन्होंने खेल के क्षेत्र में दिए गए योगदान का भी जिक्र किया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, "मुझे खुशी है कि शिक्षा, हुनर और इनोवेशन के क्षेत्र में भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच रिश्ते गहरे और मजबूत हो रहे हैं। आज हजारों भारतीय छात्र ऑस्ट्रेलिया में पढ़ाई कर रहे हैं और अब ऑस्ट्रेलियाई यूनिवर्सिटीज भी भारत में अपने कैंपस खोल रही हैं। डीकिन और वोलोंगोंग यूनिवर्सिटीज के कैंपस शुरू हो चुके हैं और दूसरी ऑस्ट्रेलियाई यूनिवर्सिटीज भी इसी दिशा में आगे बढ़ रही हैं। और यह सिर्फ नए कैंपस खोलने की बात नहीं है, यह दुनिया को कुशल और इनोवेटिव टैलेंट देने वाले ग्लोबल लीडर तैयार करने का एक अभियान भी है। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने 2014 के ऑस्ट्रेलिया दौरे को याद करते हुए कहा कि उस समय करीब 28 वर्षों के बाद किसी भारतीय प्रधानमंत्री ने ऑस्ट्रेलिया की यात्रा की थी। उन्होंने कहा, "उस दौरान मैंने कहा था कि अगली बार भारत के प्रधानमंत्री के आने के लिए लोगों को 28 साल इंतजार नहीं करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि पिछले 12 वर्षों में यह उनकी ऑस्ट्रेलिया की तीसरी यात्रा है और यह एक तरह से 'हैट्रिक' है। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह बदलाव दर्शाता है कि भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच संबंध कितनी तेजी से मजबूत हुए हैं।

## रामभक्तों पर गोली चलवाने वालों का होगा मुंह काला: रामप्रताप

### 2017 वाले प्रदर्शन को उत्तर प्रदेश में फिर से दोहराएगी भारतीय जनता पार्टी

टीएनएफ टुडे, आगरा।

भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश में प्रथम बार आगरा आगमन पर गुरुवार को टूंडला टोल से गांधीनगर आवास तक हजारों की संख्या में उपस्थित महिला, पुरुष एवं युवा कार्यकर्ताओं द्वारा जोरदार स्वागत अभिनंदन किया गया।

काफिले की शुरूवात टूंडला टोल से आरम्भ होकर एत्मादपुर चौराहा, लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर जी की मूर्ति, राष्ट्रदीप होटल, कुबेरपुर, पीएनसी कोल्ड स्टोरेज, शाहदरा चुंगी, ट्रांस यमुना, रामबाग चौराहा, वाटरवर्क्स होते हुए सुल्तानगंज की पुलिया पर बने मंच पर भव्य स्वागत किया गया। गांधीनगर आवास पर जाने के कुछ देर बाद दीवानी स्थित भारत माता की मूर्ति पर माल्यार्पण, यमुना किनारा स्थित राणा प्रताप जी की भव्य प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया।




सुल्तानगंज की पुलिया पर भाजपा उत्तर प्रदेश के महामंत्री रामप्रताप चौहान ने कहा कि प्रदेश में केवल चुनाव में सक्रिय होने वाले अवसरवादी दलों का काला चिट्ठा आज प्रदेश की जनता के सामने खुल चुका है। सरकार बनाने के सपने संजोने वाले विपक्ष के नेता अब शून्य की और अग्रसर होते जा रहे है। आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा की बड़ी जीत की हैट्रिक होने जा रही है। प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी पर विश्वास कर एक बहुत बड़ी जीत की खुशबू अभी से वातावरण में फैल चुकी है। राम मंदिर हम सभी देशवासियों का गौरव और आस्था का प्रमुख केंद्र है। जिन लोगों ने अयोध्या में गलत किया उन सभी लोगों को उसके परिणाम भुगतने पड़ रहे है। प्रभु श्री राम का अनादर करने वाले समाजवादी पार्टी जैसे विपक्षी दल कभी भी सत्ता का सुख नहीं पा पाएंगे।

राज्यसभा सांसद नवीन जैन एवं भारतीय जनता पार्टी आगरा महानगर अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता ने टुंडला टोल से गांधीनगर आवास तक स्वागत यात्रा में शामिल हजारों कार्यकताओं का बारिश के मौसम के बावजूद शामिल होने के लिए उत्साहवर्धन किया। स्वागत कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद नवीन जैन, भाजपा आगरा महानगर अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता, विधायक जीएस धर्मेश, हेमंत भोजवानी, महेश शर्मा, नीतेश शिवहरे, राजू परमार, रोहित कत्याल, दीपू जादोन, नवीन गौतम, राहुल सागर, गौरव राजावत, अनीता खरे, डॉक्टर निधि शर्मा, मनमोहन कुशवाह, करुणा निधि गर्ग, अंजू गर्ग, नेहा गुप्ता, माधुरी माहोर, मुरारी लाल गोयल पार्षद, मनोज कुमार पार्षद, योगेश दिवाकर, शिव शैलेन्द्र, राहुल जैन आदि उपस्थित रहे।

## सीजेपी का 20 जुलाई को संसद मार्च का एलान

**नई दिल्ली।** देश में प्रतियोगी परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं और धांधली के विरोध में जंतर-मंतर पर चल रहा प्रदर्शन अब और उग्र रूप लेने जा रहा है। भारी बारिश के बीच जंतर-मंतर पर कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) का धरना गुरुवार को 20वें दिन भी जारी रहा। इस बीच, सीजेपी ने घोषणा की है कि वह संसद के मानसून सत्र के पहले दिन, यानी 20 जुलाई को जंतर-मंतर से संसद भवन तक एक शांतिपूर्ण मार्च निकालेगी।

**मार्च का मकसद:** सीजेपी ने देश भर के छात्रों, अभिभावकों और आम नागरिकों से इस मार्च में शामिल होने की अपील की है। इस आंदोलन की मुख्य मांग केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा और परीक्षा प्रणाली में पारदर्शिता लाना है।

खबर का असर

# अवैध नाव संचालन पर प्रशासन का ब्रेक

## उपजिलाधिकारी ने लिया संज्ञान, पुलिस टीम ने दी हिदायत

टीएनएफ टुडे, फतेहाबाद।

पारोली सिकरवार यमुना घाट पर अवैध नाव संचालन की खबर छपने व वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस व उपजिलाधिकारी फतेहाबाद ने संज्ञान लिया। उन्होंने अवैध नाव संचालन को रुकवाया और भविष्य में नाव संचालन ना करने की सख्त हिदायत देते हुए कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

थाना फतेहाबाद क्षेत्र के पारोली सिकरवार यमुना नदी घाट पर कुछ लोगों के द्वारा अवैध नाव संचालन किया जा रहा था। जिसका किसी ने 19 सेकंड का वीडियो बनाकर वायरल कर दिया गया। टीएनएफ टुड़े ने खबर को प्रकाशित किया। मामला संज्ञान में आने पर उपजिलाधिकारी फतेहाबाद स्वाति शर्मा ने संज्ञान लेते हुए प्रभारी निरीक्षक फतेहाबाद के नेतृत्व में पुलिस टीम और तहसील प्रशासन की टीम को मौके पर भेज कर जांच कराई गई। ग्रामीणों से बात करने पर अवैध नाव संचालन की पुष्टि हुई। अवैध नाव संचालन करने वाले उक्त लोगों को सख्त हिदायत दी गई और अवैध नाव संचालन को रुकवाया गया। भविष्य में पुनः नाव संचालन करने पर उक्त लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जाएगा। वहीं उपजिलाधिकारी ने हल्का लेखपाल से मामले की रिपोर्ट मांगी गई है। और अवैध नाव संचालन करने पर निगरानी करने के लिए निर्देशित किया गया है। उपजिलाधिकारी फतेहाबाद स्वाति शर्मा ने बताया कि तीन लोगों के द्वारा नाव का संचालन करने की पहचान की गई है। मौके पर नाव संचालन करते हुए नहीं मिला। नाव संचालन करने वाले लोगों को सख्त चेतावनी दी गई है। फिर भी अगर नाव संचालन किया जाएगा तो उक्त लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

# टोरंट पावर ने बमरौली कटारा में विद्युत सुरक्षा का फैलाया प्रकाश

- विद्युत दुर्घटनाओं से बचाव, सुरक्षित विद्युत उपयोग तथा ऊर्जा संरक्षण का दिया संदेश

टीएनएफ टुडे, आगरा।



बमरौली कटारा ग्राम में गुरुवार को विद्युत सुरक्षा एवं ऊर्जा संरक्षण को लेकर एक जनजागरूकता आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीणों को विद्युत दुर्घटनाओं से बचाव, सुरक्षित विद्युत उपयोग तथा ऊर्जा संरक्षण के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम में क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिक, ग्राम प्रधान, जनप्रतिनिधि, शिक्षक, सामाजिक कार्यकर्ता तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर टोरंट पावर के सुरक्षा विभाग के अधिकारियों सहित अन्य विभागीय अधिकारियों ने उपस्थित ग्रामीणों को विद्युत सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों की विस्तारपूर्वक जानकारी दी।

अधिकारियों ने बताया कि बिजली का सुरक्षित उपयोग ही दुर्घटनाओं से बचाव का सबसे प्रभावी उपाय है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे कभी भी टूटे हुए विद्युत तारों के संपर्क में न आएं, विद्युत लाइनों के नीचे निर्माण कार्य या पेड़ लगाने से बचें तथा किसी भी प्रकार की विद्युत खराबी की सूचना तुरंत संबंधित विभाग को दें। साथ ही बच्चों को भी बिजली से जुड़े संभावित खतरों के प्रति जागरूक करने का आग्रह किया गया। कार्यक्रम में ऊर्जा संरक्षण पर भी विशेष जोर दिया गया। अधिकारियों ने बताया कि अनावश्यक रूप से जल रहे बिजली के उपकरणों को बंद रखना, ऊर्जा दक्ष उपकरणों का उपयोग करना तथा बिजली की बचत करना न केवल आर्थिक रूप से लाभकारी है बल्कि पर्यावरण संरक्षण में भी महत्वपूर्ण योगदान देता है। जागरूकता अभियान के दौरान ग्रामीणों को विद्युत सुरक्षा संबंधी आवश्यक सावधानियों, आपातकालीन स्थिति में अपनाए जाने वाले उपायों तथा सुरक्षित विद्युत व्यवहार की जानकारी सरल एवं व्यवहारिक उदाहरणों के माध्यम से दी गई। उपस्थित लोगों ने अधिकारियों से विभिन्न प्रश्न भी पूछे, जिनका संतोषजनक उत्तर दिया गया। ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे जागरूकता कार्यक्रम समय-समय पर आयोजित किए जाने चाहिए, जिससे लोगों में सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़े और विद्युत दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके।

कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित लोगों से विद्युत सुरक्षा नियमों का पालन करने, ऊर्जा संरक्षण का संकल्प लेने तथा अपने परिवार एवं आसपास के लोगों को भी विद्युत सुरक्षा के प्रति जागरूक करने का आह्वान किया गया। अधिकारियों ने विश्वास व्यक्त किया कि जनसहभागिता से ऐसे अभियान समाज में सुरक्षा की संस्कृति को मजबूत करेंगे तथा विद्युत दुर्घटनाओं को रोकने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। यह कार्यक्रम पंडित देवेंद्र कटारा जी के आवास पर आयोजित किया गया। सुरेंद्र कटारा, देवेन्द्र कटारा, धर्मेंद्र जादोन, राकेश राणा, राकेश सिंह प्रधान, मनोज उपाध्याय, श्याम सिकरवार, ओमकार सिकरवार, आरिफ, सत्यभान, आकाश सिंह, अनुज कटारा, सोनू कटारा, सुनील कुमार, दीपक सिंह, शुभम शुक्ला, राजू तिवारी के साथ ही टोरेंट पावर के पीआरओ भूपेंद्र सिंह, पवन चौधरी एजीएम सेफ्टी,अतुल मिश्रा, कुश मल्होत्रा और अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# फतेहाबाद में रोपे जाएंगे 7.99 लाख पौधे

12 जुलाई को 27 विभाग मिलकर करेंगे पौधरोपण

टीएनएफ टुडे, फतेहाबाद।

तहसील फतेहाबाद में 12 जुलाई को वृहद पौधरोपण अभियान चलाया जाएगा। इसके लिए वन विभाग ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। शासन की ओर से फतेहाबाद क्षेत्र में 7 लाख 99 हजार पौधे रोपित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। अभियान में पुलिस, राजस्व, विकास, नगर पंचायत समेत 27 विभागों की सहभागिता रहेगी।

पौधरोपण अभियान को सफल बनाने के लिए वन क्षेत्राधिकारी कार्यालय स्थित नर्सरी से बड़े स्तर पर पौधों का उठान किया जा रहा है। विभिन्न विभागों को लक्ष्य के अनुसार पौधे उपलब्ध कराए जा रहे हैं। ताकि 12 जुलाई को एक साथ व्यापक स्तर पर पौधरोपण किया जा सके।वन क्षेत्राधिकारी विशाल राठौर ने बताया कि 27 विभागों के सहयोग से 7 लाख 99 हजार पौधे लगाने का लक्ष्य मिला है। इसके सापेक्ष अब तक करीब 40 प्रतिशत पौधों का उठान हो चुका है। शेष पौधों का वितरण भी जल्द पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि अभियान के तहत सरकारी कार्यालयों, विद्यालयों, ग्राम पंचायतों, सड़क किनारे तथा अन्य चिन्हित स्थानों पर पौधरोपण कराया जाएगा। अभियान को सफल बनाने के लिए सभी विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं।

# शाही दरगाह के सज्जादानशीन पीरजादा रईस मियां चिश्ती का निधन

सूफी परंपरा गंगा जमुनी तहजीब को दिया बढ़ावा

टीएनएफ टुडे, फतेहपुर सीकरी।

विश्व प्रसिद्ध हजरत शेख सलीम चिश्ती की दरगाह के सज्जादानशीन पीरजादा रईस मियां चिश्ती का बुधवार देर रात निधन हो गया। वह 88 वर्ष के थे उनके निधन से सूफी समुदाय और क्षेत्र में शोक की लहर है। पीरजादा के सुपुत्र अरशद फरीदी ने बताया कि रईस मियां चिश्ती ने 08 जुलाई बुधवार रात करीब 11:30 बजे लखनऊ के एरा मेडिकल कॉलेज में अंतिम सांस ली। वह कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे थे। जनाजा 09 जुलाई गुरुवार शाम 5:15 बजे फतेहपुर सीकरी स्थित हजरत शेख सलीम चिश्ती की दरगाह परिसर में सुपुर्द-ए-खाक किया गया । अंतिम दर्शन और नमाज-ए-जनाजा में शामिल होने के लिए देश के विभिन्न हिस्सों से जायरीन, उलेमा और सामाजिक लोग शामिल हुए

81 साल तक संभाली दरगाह की जिम्मेदारी वर्तमान में सज्जादानशीन उनके पुत्र अरशद फरीदी के अनुसार रईस मियां चिश्ती सूफी संत हजरत शेख सलीम चिश्ती की 16वीं पीढ़ी के प्रत्यक्ष वंशज थे। मात्र 7 वर्ष की उम्र में उन्हें सज्जादानशीन का पद सौंपा गया था। तब से वह 81 वर्षों तक इस जिम्मेदारी को निभाते रहे।

उन्होंने अपने कार्यकाल में सूफी परंपरा के प्रेम, शांति, भाईचारे और इंसानियत के संदेश को आगे बढ़ाया। उनके नेतृत्व में दरगाह पर भारत और विदेशों से आने वाले गणमान्य लोगों का स्वागत होता रहा। उनके समय में करीब 20 देशों के राष्ट्राध्यक्षों के अलावा भारत के कई प्रधानमंत्रियों और अन्य विशिष्ट हस्तियों ने दरगाह पर हाजिरी देकर आशीर्वाद लिया।रईस मियां चिश्ती अपनी सादगी और आध्यात्मिक मार्गदर्शन के लिए जाने जाते थे। उन्होंने हमेशाहिंदू-मुस्लिम एकता और गंगा-जमुनी तहजीब को मजबूत करने का संदेश दिया। उनके निधन को सूफी परंपरा और देश की साझा सांस्कृतिक विरासत के लिए बड़ी क्षति माना जा रहा है।

अतिम संस्कार के दौरान विशेष रूप से अजमेर शरीफ गद्दीनशीन सैयद अली हमजा ,डीएम भरतपुर कमर उल जमान चौधरी, ब्रजेश चाहर ,शूरवीर सिंह चाहर ,मुकेश राजपूत ,सुरेंद्र चौधरी ,प्रमुख पति गुड्डू चाहर , मंडल कोऑर्डिनेटर बसपा संतोष आनंद ,जाट महासभा जिलाउपाध्यक्ष प्रमेंद्र फौजदार ,राजेश शर्मा,राजेंद्र शुक्ला , अंजेय गोयल समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# खेरागढ़ में ठेका बना ओपन बार

## सुबह से देररात तक सड़क किनारे जमे रहते हैं शराबी

टीएनएफ टुडे, खेरागढ़।

क्षेत्र के नबाब बसई रोड स्थित कुसियापुर में संचालित अंग्रेजी और देशी शराब की दुकानों के बाहर खुलेआम शराबखोरी का सिलसिला लगातार जारी है। आरोप है कि शराब खरीदने वाले लोग दुकान से बोतल लेकर सड़क किनारे ही बैठकर पीने लगते हैं। जिससे पूरा क्षेत्र 'ओपन बार' में तब्दील हो जाता है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि सुबह से देर रात तक शराबियों के झुंड सड़क किनारे जमे रहते हैं। कई लोग शराब के नशे में सड़क पर घूमते और कई बार राहगीरों को असहज स्थिति का सामना करना पड़ता है। वहीं, शराब खरीदने आने वाले लोग अपने दोपहिया और चारपहिया वाहन भी सड़क पर ही खड़े कर देते हैं, जिससे किनारे खड़े वाहनों और नशे में धुत लोगों की वजह से हर समय दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।



ग्रामीणों ने आबकारी विभाग से शराब की दुकानों के बाहर खुलेआम शराब पीने पर रोक लगाने की मांग की है।

# स्वतंत्रता दिवस पर लगेगा रक्तदान शिविर



टीएनएफ टुडे, खेरागढ़।

अपना घर सेवा समिति खेरागढ़ द्वारा आगामी 15 अगस्त को आयोजित किए जाने वाले स्वैच्छिक रक्तदान शिविर की तैयारियों को लेकर बुधवार रात्रि समिति पदाधिकारियों की बैठक की। बैठक समिति अध्यक्ष गिर्राज किशोर सिंघल के निवास, पुरानी तहसील रोड खेरागढ़ पर हुई।

बैठक में निर्णय लिया गया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 15 अगस्त को प्रातः 9 बजे से सायं 4 बजे तक राधा पैलेस, खेरागढ़ में विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा।

समिति के संस्थापक रम्मो लाल गोयल ने बताया कि रक्तदान जैसे पुनीत कार्य को प्रोत्साहित करने के लिए सभी रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र के साथ स्मृति चिन्ह भी भेंट किए जाएंगे। उन्होंने अधिक से अधिक लोगों से रक्तदान शिविर में भाग लेकर जरूरतमंद मरीजों के जीवन बचाने में सहयोग करने की अपील की। बैठक में रक्तदान शिविर की व्यवस्थाओं, प्रचार-प्रसार एवं अधिकाधिक रक्तदाताओं को जोड़ने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में समिति के संरक्षक कृष्ण कुमार पंसारी, अध्यक्ष गिर्राज किशोर सिंघल, कोषाध्यक्ष संजय बंसल, ब्लड प्रबंधक प्रमोद कुमार मित्तल, सह महामंत्री मिट्ठन लाल गर्ग, मंत्री मनीष गर्ग, नरेश मंगल, नरेश गर्ग, प्रवीन मंगल सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# विवाहिता की मौत, ससुरालीजनों पर मुकदमा

टीएनएफ टुडे, फतेहाबाद।

थाना क्षेत्र गांव धारापुरा में अतिरिक्त दहेज का आरोप लगाते हुए विवाहिता की हत्या के मामले में पति, सास-ससुर, देवर सहित पांच के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया। थाना शमसाबाद क्षेत्र के गांव मोहनपुर निवासी रामनरेश पुत्र मुरारी लाल ने थाने में तहरीर देकर बताया कि अपनी पुत्री आरती (22 वर्ष) की शादी 20 फरवरी 2025 को थाना फतेहाबाद क्षेत्र के गांव धारापुरा निवासी राहुल पुत्र राजन सिंह के साथ की थी। आरोप है क शादी के कुछ समय बाद पुत्री का पति शराब पीकर मारने पीट करने लगा। इसके अलावा पति राहुल, सुसर राजन सिंह, शंकरवती, देवर अनिल, विष्णु दहेज को लेकर मानसिक एवं शारीरिक रूप से प्रताड़ित करने लगे। और अतिरिक्त दहेज में मोटर साइकिल की मांग करने लगे। मांग न पूरी न होने पर जान से मारने की धमकी देने लगे थे। बुधवार की शाम पांच बजे के करीब सभी लोगों ने मिलकर मेरी पुत्री के साथ बेरहमी से मारपीट की और मारपीट के दौरान उसकी मौत हो गई। वहीं पुलिस ने मृतका के पिता की तहरीर पर पति राहुल, ससुर राजन सिंह, सास शंकरवती, देवर विष्णु, अनिल के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कराया गया है।

## भक्तों का कल्याण करते हैं भगवान गणेशः डा. दीपिका

**आगरा।** 'भगवान गणेश विभिन्न युगों में विभिन्न रूपों में अवतरित होते हैं। सतयुग में महोत्कट रूप में, त्रेता में मयूरेश्वर रूप में, द्वापर में गजानन तथा कलियुग में धूम्रकेतु रूप में आकर भगवान गणेश अपने भक्तों का कल्याण करते हैं।' उक्त उद्गार कथावाचिका डॉ. दीपिका उपाध्याय ने श्री गणेश पुराण प्रवचन श्रृंखला में व्यक्त किए। गुरुदीपिका योगक्षेम फाउंडेशन के तत्वावधान में चल रही गणेश कथा का गुरुवार को तीसरा दिन था। भगवान गणेश को दूर्वा चढ़ाने का कारण बताते हुए कथावाचक ने बताया कि जब अनलासुर के द्वारा फैलाई जा रही अग्नि से संपूर्ण ब्रह्मांड दग्ध हो उठा था। तब भगवान गणेश ने अनलासुर को अपने कंठ में रखकर सृष्टि की रक्षा की थी। किंतु इससे उनके गले में दाह हो गया। इस पीड़ा को कम करने के लिए सभी ऋषि मुनियों ने उनके मस्तक पर 21 दुर्वांकुर अर्पित किए। जिनकी शीतलता से गणेश जी प्रसन्न हुए तभी से भगवान गणेश को दुर्वांकुर चढ़ाए जाने लगे।

## बरगद का पेड़ गिरने से भैंस मरी

### पीड़ित किसान ने की उचित मुआवजे की मांग

**खेरागढ़।** थाना क्षेत्र के गांव बुरहरा में बुधवार देर रात करीब 11 बजे वर्षों पुराना बरगद का पेड़ तेज हवाओं और बारिश के कारण गिर पड़ा। पेड़ के नीचे बंधी किसान की भैंस उसकी चपेट में आ गई। भैंस मौके पर ही मर गई। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। पीड़ित जितेंद्र बघेल के अनुसार उनकी भैंस की कीमत करीब एक लाख रुपये थी। भैंस मरने से किसान को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। सूचना मिलने पर पुलिस की 112 पीआरवी भी मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी ली। ग्राम प्रधान जितेंद्र सिंह ने बताया कि किसान की आर्थिक स्थिति बेहद कमजोर है और परिवार का भरण-पोषण खेती व पशुपालन पर ही निर्भर है। उन्होंने प्रशासन से पीड़ित किसान को शीघ्र आर्थिक सहायता व उचित मुआवजा दिलाने की मांग की। ग्रामीणों ने भी शासन से किसान की मदद करने की अपील की है।

## छात्र पर बाइक सवारों ने किया हमला

**सैंया।** इरादतनगर सैंया मार्ग पर एक छात्र लाइब्रेरी में पढ़ने साइकिल से सैंया जा रहा था। तभी सामने से आ रहे दो अज्ञात बाइक सवारों ने छात्र पर डंडे से प्रहार किया। छात्र ने झुक कर जान बचाई। वृहस्पतिवार की सुबह 8 बजे गांव रजपुरा निवासी रणविजय सिंह पुत्र ब्रजकिशोर सारस सैंया की लाइब्रेरी में साइकिल से पढ़ने जा रहा था। तभी सामने से आ रहे दो बाइक सवारों ने? डंडे से सिर पर हमला किया। छात्र ने झुक कर जान बचा ली। पीड़ित के पिता ब्रजकिशोर ने सैयां थाने में अज्ञात लोगों के विरुद्ध तहरीर दी है।

## सुरभि राय बनीं तहसीलदार खेरागढ़

**खेरागढ़।** जिला प्रशासन द्वारा किए गए प्रशासनिक फेरबदल के तहत नवागत अधिकारी सुरभि राय को तहसीलदार खेरागढ़ की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं अब तक खेरागढ़ में तैनात सतेंद्र कुमार सिंह का स्थानांतरण सदर तहसील कर दिया गया है। कार्यभार ग्रहण करने के बाद नवागत तहसीलदार सुरभि राय ने कहा कि उनकी प्राथमिकता प्रशासनिक एवं न्यायिक कार्यों को प्रभावी ढंग से संचालित करना होगी। उन्होंने कहा कि तहसील न्यायालय में लंबित राजस्व मामलों के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। ताकि फरियादियों को समयबद्ध न्याय मिल सके। उन्होंने यह भी कहा कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन, राजस्व कार्यों में पारदर्शिता तथा आमजन की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। साथ ही जनसुनवाई व्यवस्था को और अधिक सशक्त बनाकर लोगों को त्वरित राहत दिलाने का प्रयास किया जाएगा।

## दो बाइकों की आमने-सामने की भिड़ंत

**फतेहाबाद।** शमसाबाद-फतेहाबाद मार्ग पर गुरूवार की शाम दो बाइकों में आमने-सामने की भिड़ंत में दो घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार गुरुवार को शमसाबाद-फतेहाबाद मार्ग पर झाल के पास दो बाइकों में आमने-सामने की टक्कर हो गई।हादसे में बाइक सवार अशोक पुत्र तेजपाल निवासी रैपुरा थाना निबोहरा सहित दूसरी बाइक पर सवार युवक भी घायल हो गया। वहीं दोनों घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# साइबर ठगों ने व्यापारी के बैंक खाते से उड़ाए 45999 रुपए

टीएनएफ टुडे, सैंया।

थाना क्षेत्र के कस्बा सैयां में एक व्यापारी साइबर ठगी का शिकार हो गया। ठगों ने पीड़ित के बैंक खाते से 45,999 रुपए निकाल लिए। घटना के बाद पीड़ित ने पुलिस और साइबर सेल से कार्रवाई की गुहार लगाई है।

जानकारी के अनुसार, कस्बा सैयाँ निवासी राकेश त्यागी के साथ गुरुवार दोपहर करीब 2 बजे साइबर ठगी की वारदात हुई। किसी अज्ञात साइबर ठग ने उन्हें अपने जाल में फंसाकर उनके खाते से 45,999 रुपए की रकम निकाल ली। घटना का पता चलते ही राकेश त्यागी ने थाना सैयाँ पहुंचकर लिखित तहरीर दी। इसके साथ ही उन्होंने साइबर सेल में भी ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। साथ ही

पुलिस ने लोगों से अपील की है कि किसी भी अनजान कॉल, लिंक या मैसेज पर भरोसा न करें, किसी के साथ ओटीपी, बैंक खाते की जानकारी या यूपीआई पिन साझा न करें। किसी भी प्रकार की साइबर ठगी होने पर तुरंत 1930 साइबर हेल्पलाइन पर शिकायत करें और साइबर पोर्टल पर रिपोर्ट दर्ज कराएं।

## पुरानी पेंशन बहाली के लिए हस्ताक्षर अभियान 11 से

**आगरा।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ (पाण्डेय गुट) द्वारा पुरानी पेंशन योजना की बहाली सहित शिक्षकों की विभिन्न लंबित समस्याओं के समाधान के लिए 11 जुलाई से जनपद आगरा के समस्त माध्यमिक विद्यालयों में व्यापक हस्ताक्षर अभियान चलाया जाएगा। यह अभियान 31 जुलाई तक संचालित होगा। अभियान के समापन पर शिक्षकों द्वारा किए गए हस्ताक्षरों सहित एक ज्ञापन जिला विद्यालय निरीक्षक, आगरा के माध्यम से उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी को प्रेषित किया जाएगा। जिसमें पुरानी पेंशन योजना को शीघ्र लागू करने तथा शिक्षकों की लंबित समस्याओं के समाधान की मांग की जाएगी। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ (पाण्डेय गुट) के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. भोज कुमार शर्मा ने बताया कि संगठन की राज्य परिषद की बैठक में शिक्षकों की समस्याओं पर गंभीरतापूर्वक विचार-विमर्श किया गया तथा एक दर्जन से अधिक महत्वपूर्ण प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किए गए।

# एनसीसी कैडिटों ने सीखी राइफल हैंडलिंग



टीएनएफ टुडे, आगरा।

श्रीराम आदर्श महाविद्यालय पनवारी, आगरा में संचालित वन यूपी बटालियन, एनसीसी, आगरा में कैडिटों को राइफल हैंडलिंग की बारकियां सिखाई गईं। गुरुवार को कैंप कमांडेंट कर्नल दीपक जुयाल ने बताया कि सभी एनसीसी कैडेटों को अल्फा, ब्रावो, चार्ली और डेल्टा कंपनी में बांटा गया है। कंपनी के अनुसार विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं, सांस्कृतिक कार्यक्रम, और खेलकूद संपन्न होंगे, उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कैडिटों को समापन के अवसर पर मेडल देकर पुरस्कृत किया जाएगा। कैंप में सूबेदार मेजर निर्मल सिंह बताया कि एनसीसी के कैडेटों ने पॉइंट 22 राइफल की हैंडलिंग और उसका खोलना जोड़ना सीखा। इसके अलावा ड्रिल में सैलूट करना, क्वार्टर गार्ड ड्रिल का भी अभ्यास किया गया। ट्रेनिंग जेसीओ नायब सूबेदार एचआर यादव ने बताया की दिनभर के कड़े अभ्यास के बाद शाम को सांस्कृतिक कार्यक्रम होते हैं। जिसमें कैडिट नृत्य, गायन, देशभक्ति गीत का प्रदर्शन कर अपनी थकान मिटाते हैं कैंप की व्यवस्था मेजर शंभूजी पांडे, कैप्टेन मनीष, लेफ्टिनेंट वरुण कुमार, फर्स्ट अफसर ज्ञानेंद्र तिवारी, फर्स्ट अफसर विकास मिश्रा, सेकंड अफसर रजनी, सूबेदार बृजपाल सिंह, सूबेदार राजेंद्र लाल शाह, बी एच एम मोहम्मद मोइनुद्दीन, हवलदार हरदीप सिंह ने संभाली।

# प्रतिभाओं को कला तराशने का मौका देगा टीएनएफ टुडे

- 'कला मंथन' से सजेगा आगरा का वैचारिक मंच, टीएनएफ टुडे और केएमआई की अनूठी पहल

टीएनएफ टुडे, आगरा।

हिंदी दैनिक समाचार पत्र टीएनएफ टुडे (थॉट्स न्यूज फैक्ट्स टुडे) ने कला, संस्कृति और प्रतिभाओं को एक नया क्षितिज देने के उद्देश्य से एक अभिनव कार्यक्रम 'कला मंथन' की शुरूआत की है। इस साप्ताहिक संवाद श्रृंखला का आयोजन डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय के पालीवाल पार्क परिसर स्थित 'कन्हैयालाल माणिकलाल मुंशी हिंदी तथा भाषा विज्ञान विद्यापीठ' (केएमआई) के सहयोग से किया जाएगा। यह कार्यक्रम प्रत्येक शुक्रवार दोपहर 2 बजे केएमआई के 'सूर कक्ष' में आयोजित होगा, जहां आगरा सहित ब्रज क्षेत्र के कला-प्रेमी एकत्रित होकर विविध विषयों पर वैचारिक मंथन करेंगे। मनोरंजन जगत की प्रतिभाओं के संघर्ष, उनकी चुनौतियों और अन्य समसामयिक विषयों पर चर्चा की जाएगी।

### उद्देश्यः प्रतिभाओं को पहचान और मंच

इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य केवल चर्चा करना नहीं, बल्कि उन छिपी हुई प्रतिभाओं को सामने लाना है जो अभाव या मंच के अभाव में कहीं दब गई हैं। यह मंच हिंदी फिल्म उद्योग से लेकर रंगमंच और साहित्य तक के संघर्षरत कलाकारों के अनुभवों को साझा करने का एक सेतु बनेगा। टीएनएफ टुडे के संपादक धीरज शर्मा ने इस पहल पर कहा कि हमारा उद्देश्य पत्रकारिता को समाज के सरोकारों से जोड़ना है। कला मंथन केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि आगरा की बौद्धिक और सांस्कृतिक विरासत को पुनर्जीवित करने का एक संकल्प है। केएमआई जैसे प्रतिष्ठित संस्थान के साथ मिलकर हम युवा प्रतिभाओं को न केवल मंच दे रहे हैं, बल्कि उन्हें एक दिशा भी प्रदान कर रहे हैं।

### पत्रकारिता और शिक्षा जगत के बीच समन्वय होगा स्थापित

इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय का 'कन्हैयालाल माणिकलाल मुंशी हिंदी तथा भाषा विज्ञान विद्यापीठ' अपनी अकादमिक गरिमा और बौद्धिक आधार प्रदान करेगा। यह गठबंधन पत्रकारिता और शिक्षा जगत के बीच एक ऐसा समन्वय स्थापित करेगा, जो आने वाले समय में आगरा की सांस्कृतिक पहचान को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा। कार्यक्रम के संयोजक और युवा विचारक सूरज तिवारी ने कहा, कला मंथन में हर शुक्रवार एक नया विषय और एक नई ऊर्जा होगी। हम यहां कला के विविध पहलुओं पर चर्चा करेंगे और उन बारीकियों को समझने का प्रयास करेंगे, जो एक कलाकार को सामान्य से विशेष बनाती हैं। यह मंच सभी कला-प्रेमियों के लिए खुला है।

# विद्यार्थी राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्ति: बेबीरानी मौर्य

राष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस पर अभाविप का छात्र महोत्सव





टीएनएफ टुडे, आगरा।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, आगरा महानगर द्वारा परिषद के 78वें स्थापना दिवस को राष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस के रूप में मनाते हुए गुरुवार को सूरसदन प्रेक्षागृह, संजय प्लेस में भव्य छात्र महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं मां सरस्वती के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। कार्यक्रम का मंच संचालन प्रथम गोयल ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश सरकार की कैबिनेट मंत्री बेबीरानी मौर्य जी उपस्थित रहीं। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि विद्यार्थी ही राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्ति हैं। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने 78 वर्षों से राष्ट्रवादी छात्र शक्ति को संगठित कर शिक्षा, समाज और राष्ट्रहित के लिए निरंतर कार्य किए हैं। युवाओं को राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ समाज के विकास में सक्रिय योगदान देना चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. एम.पी.एस. ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के चेयरपर्सन स्क्वाड्रन लीडर ए.के. सिंह ने की। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी परिषद युवाओं में नेतृत्व, अनुशासन और सेवा की भावना विकसित करने का कार्य कर रही है। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में अभाविप की राष्ट्रीय मंत्री सुश्री क्षमा शर्मा उपस्थित रहीं। उन्होंने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद केवल छात्र संगठन नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण का एक सशक्त आंदोलन है।

परिषद का प्रत्येक कार्यकर्ता शिक्षा, सेवा और संस्कार के माध्यम से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए कार्यरत है। इस अवसर पर छात्रों द्वारा देशभक्ति एवं भारतीय संस्कृति पर आधारित सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं, जिन्हें उपस्थित जनों ने खूब सराहा। महानगर अध्यक्ष डॉ. राजेश कुशवाह ने कहा कि अभाविप छात्रों के हितों के लिए निरंतर संघर्ष करती रही है और आगे भी शिक्षा में गुणात्मक सुधार, छात्र समस्याओं के समाधान एवं राष्ट्र निर्माण के कार्यों को नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ाएगी। महानगर मंत्री शिवांग खण्डेलवाल ने धन्यवाद ज्ञापित किया। मंच संचालन प्रथम गोयल ने किया। इस अवसर पर रजत जोशी विभाग संगठन मंत्री, सागर राणा, अभिषेक मौर्य, पुनीत कुमार, दीपक कश्यप, नितिन दुबे, प्रीति बघेल, भुवनेश्वर उपाध्याय, दीक्षा चौधरी, रोनित परमार, तपस्या त्रिपाठी, विवेक सिंह, शिवम कोली, रचित यादव, दीपक बजरंगी, ललित चौधरी, आशीष पांडे, अतिशय जैन, आयुष कश्यप, आयुष यादव, रितेश, यश, अतुल, हर्ष वर्धन, कार्तिक,सागर सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# 8 सैंपल भरे, 4 कुंतल खाद्य पदार्थ सीज

- खाद्य विभाग की कार्रवाई से व्यापारियों में मचा हड़कंप

टीएनएफ टुडे, आगरा।

आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन उत्तर प्रदेश तथा जिलाधिकारी आगरा के निर्देश पर गुरुवार को शहर में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने एवं मिलावटखोरी पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए विशेष प्रवर्तन अभियान चलाया गया। खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम ने विभिन्न प्रतिष्ठानों पर सघन निरीक्षण एवं नमूना संग्रहण की कार्रवाई की। एम/एस सूरजी स्पाइसेज, खासपुर, दयालबाग, आगरा का निरीक्षण कर धनिया पाउडर, साबुत जीरा, हल्दी पाउडर, सेंधा नमक, स्नैक्स मसाला, पिज्जा ओरेगानो तथा सलाद मसाला के कुल 07 विधिक नमूने संग्रहित किए गए। निरीक्षण के दौरान खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के प्रावधानों के अंतर्गत 300 किलोग्राम सेंधा नमक, 53.9 किलोग्राम हल्दी पाउडर तथा 56 किलोग्राम धनिया पाउडर, कुल 409.9 किलोग्राम खाद्य पदार्थ, जिनका अनुमानित मूल्य ?48,980, अभिग्रहित (सीज) किए गए। इसके अतिरिक्त एस.के. गोयल सेल्स, जगनेर, खेरागढ़, आगरा से गरम मसाला का 01 विधिक नमूना संग्रहित किया गया। इस प्रकार अभियान के दौरान जनपद में कुल 08 विधिक नमूने संग्रहित किए गए। सभी नमूनों को परीक्षण हेतु राजकीय खाद्य प्रयोगशाला प्रेषित किया जा रहा है। प्रयोगशाला से प्राप्त जांच रिपोर्ट के आधार पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 तथा नियमावली के अंतर्गत आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने जनपद के समस्त खाद्य कारोबारियों से अपील की है कि वे केवल मानक एवं सुरक्षित खाद्य पदार्थों का ही निर्माण, भंडारण एवं विक्रय करें तथा खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के समस्त प्रावधानों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित करें। विभाग द्वारा जनहित में इस प्रकार के विशेष प्रवर्तन अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेंगे।

# सुभाष बाजार में बारिश के दौरान ढह गई थी दुकान

टीएनएफ टुडे, आगरा।

शहर स्थित सुभाष बाजार में लगातार हो रही वर्षा के बीच दुकान ढहने से हुई दुखद घटना की सूचना पर भाजपा नेता डॉ. वात्सल्य उपाध्याय ने पहुंचकर राहत एवं बचाव कार्यों का जायजा लिया। क्षेत्रीय नागरिकों, व्यापारियों एवं प्रत्यक्षदर्शियों से जानकारी प्राप्त की।

डॉ. वात्सल्य उपाध्याय ने प्रभावित परिवारों एवं घायलों से भेंट कर उनके प्रति संवेदना व्यक्त की तथा सहायता दिलाने का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि इस कठिन समय में पीड़ित परिवार स्वयं को अकेला न समझें। सरकार और प्रशासन उनके साथ खड़े हैं। उन्होंने प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय को परिस्थितियों से अवगत कराया। उन्होंने घायलों के समुचित एवं बेहतर उपचार, प्रभावित परिवारों को तत्काल आवश्यक सहायता उपलब्ध कराने तथा घटना के कारणों की निष्पक्ष एवं पारदर्शी जांच सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। ड़ॉ. वात्सल्य ने सभी नागरिकों से अपील की कि लगातार हो रही वर्षा के दौरान जर्जर एवं असुरक्षित भवनों से दूरी बनाए रखें तथा किसी भी संभावित खतरे की सूचना तत्काल प्रशासन को दें, ताकि समय रहते आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

# बारिश की मार: खेत डूबे, शहर बेहाल

टीएनएफ टुडे, आगरा।



अलीगढ़ और आगरामंडल के जिलों में मानसून के आते ही समूचा इलाका जल मग्न हो गया है। जिससे पड़ी बारिस की मार ने लोगों को आफत में डाल दिया है।

आगरा और अलीगढ़ मंडल में लगातार हो रही मूसलाधार बारिश ने खेती और जनजीवन दोनों को गहरे संकट में डाल दिया है। सबसे अधिक मार किसानों पर पड़ी है, जहां खेतों में जलभराव से धान और बाजरे की फसलें बबार्दी की कगार पर पहुंच गई हैं। सब्जियों और बागवानी की फसलों में भी फंगस और सड़न की समस्या तेजी से बढ़ रही है। खेतों में पानी भर जाने से कृषि कार्य पूरी तरह ठप हो गए हैं, जिससे किसानों के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। किसानों का दावा है कि उनकी कुल उपज का करीब 30 से 40 प्रतिशत हिस्सा खराब हो चुका है और अब उन्हें नुकसान की भरपाई के लिए सरकारी सहायता की उम्मीद है।

बारिश का असर केवल ग्रामीण क्षेत्रों तक सीमित नहीं है। आगरा और अलीगढ़ के शहरों में भी हालात गंभीर बने हुए हैं।

आगरा में जर्जर भवन और दुकानें ढहने की घटनाओं में जनहानि हुई है। मलबे में दबे लोगों को निकालकर अस्पतालों में भर्ती कराया गया, जबकि प्रशासन और राहत दल लगातार बचाव कार्य में जुटे हैं। अलीगढ़ के मैरिस रोड और शाहजमाल जैसे निचले इलाकों में 62 मिमी से अधिक बारिश के बाद बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं। पॉश कॉलोनियों से लेकर थानों तक पानी भर गया, जिससे लोगों की आवाजाही और दैनिक जीवन प्रभावित हुआ।

आगरा-अलीगढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग पर खंदौली कस्बे में सड़क पर पानी भरने से आवागमन भी बाधित रहा। यहां ढाई करोड़ रुपये की लागत से बना नाला भी जलनिकासी में कारगर साबित नहीं हो सका। बारिश से बढ़ती मुश्किलों के बीच किसान संगठन सरकार से तत्काल नुकसान का आकलन कर मुआवजा देने की मांग कर रहे हैं। कृषि और राजस्व विभाग की टीमों को प्रभावित क्षेत्रों का सर्वे करने के निर्देश दिए गए हैं ताकि फसल नुकसान का आकलन कर आगे की कार्रवाई की जा सके। फिलहाल राहत और बचाव कार्य जारी हैं, लेकिन लगातार हो रही बारिश ने खेती और शहरी व्यवस्था दोनों के सामने बड़ी चुनौती खड़ी कर दी है।

**खेती पर सबसे बड़ी मार**

- खेतों में जलभराव से धान और बाजरे की फसल प्रभावित
- मिर्च, टमाटर समेत हरी सब्जियों में फंगस और सड़न
- कृषि कार्य पूरी तरह ठप
- किसानों के अनुसार 30-40 प्रतिशत तक फसल नुकसान

**शहरों में बिगड़े हालात**

- आगरा में भवन और दुकानें ढहने से जनहानि
- अलीगढ़ के निचले इलाकों में बाढ़ जैसे हालात
- पॉश कॉलोनियों और थानों तक पानी भरा
- खंदौली में राष्ट्रीय राजमार्ग पर जलभराव से आवागमन प्रभावित

# भारत-ऑस्ट्रेलिया सीईओ फोरम में पूरन डावर ने रखे विचार

भविष्य की अर्थव्यवस्था में शिक्षा और कौशल विकास पर दिया जोर

- वैश्विक मंच पर आगरा के उद्योग जगत का किया प्रतिनिधित्व




टीएनएफ टुडे, आगरा।

डावर ग्रुप के चेयरमैन एवं फुटवियर एवं चमड़ा उद्योग विकास परिषद के अध्यक्ष पूरन डावर ने प्रधानमंत्री के साथ ऑस्ट्रेलिया दौरे पर भारत-ऑस्ट्रेलिया सीईओ फोरम के दौरान आयोजित उच्चस्तरीय व्यापारिक प्रतिनिधिमंडल में भाग लिया।

उन्होंने भविष्य की अर्थव्यवस्था के लिए शिक्षा विषय पर अपने विचार रखते हुए शिक्षा, कौशल विकास और उद्योग जगत की बदलती जरूरतों पर विस्तार से प्रकाश डाला। पूरन डावर ने अपने संबोधन में कहा कि वह स्वयं को गर्व से मोची कहते हैं। उन्होंने कहा कि जूते मानव जीवन की यात्रा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और फुटवियर उद्योग आज भारत की अर्थव्यवस्था का मजबूत आधार बन चुका है। उन्होंने बताया कि भारत का फुटवियर एवं चमड़ा उद्योग वर्तमान में लगभग 26 अरब अमेरिकी डॉलर का है, जो निकट भविष्य में 50 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंचने की क्षमता रखता है।

### शिक्षा को बदलती जरूरतों के अनुरूप बनाने पर जोर

डावर ने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता के युग में केवल जानकारी याद रखना पर्याप्त नहीं है। शिक्षा को रचनात्मकता, आलोचनात्मक चिंतन, समस्या समाधान, संवाद कौशल, नेतृत्व क्षमता और अनुकूलन क्षमता विकसित करने पर केंद्रित होना चाहिए। उनके अनुसार बदलती परिस्थितियों के अनुरूप स्वयं को ढालने की क्षमता भविष्य का सबसे महत्वपूर्ण कौशल है। उन्होंने उद्योग और शिक्षा संस्थानों के बीच मजबूत साझेदारी की वकालत करते हुए कहा कि विद्यार्थियों को कक्षाओं के साथ-साथ कारखानों, डिजाइन केंद्रों, अनुसंधान प्रयोगशालाओं, परिवहन केंद्रों और नवाचार परिसरों में भी व्यावहारिक प्रशिक्षण मिलना चाहिए। उन्होंने शिक्षा, अनुसंधान, विनिर्माण, नवाचार और उद्यमिता को एक ही परिसर में विकसित करने की अवधारणा भी प्रस्तुत की।

### भारत और ऑस्ट्रेलिया मिलकर तैयार कर सकते हैं वैश्विक कार्यशक्ति

पूरन डावर ने कहा कि भारत की युवा शक्ति, प्रतिभा और विनिर्माण क्षमता तथा ऑस्ट्रेलिया की शिक्षा, अनुसंधान और तकनीकी विशेषज्ञता मिलकर भविष्य की वैश्विक कार्यशक्ति तैयार कर सकती है। उन्होंने दोनों देशों के बीच उद्योग आधारित पाठ्यक्रम, संयुक्त अनुसंधान, कौशल प्रमाणन, नवाचार और कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित साझेदारी को समय की आवश्यकता बताया। उन्होंने कहा कि भविष्य केवल बुद्धिमान मशीनों का नहीं, बल्कि उन लोगों का होगा जो मशीनों के साथ मिलकर नवाचार करना जानते हैं। उनका यह उद्बोधन भारत की नई शिक्षा नीति, कौशल विकास और विनिर्माण क्षमता की वैश्विक स्तर पर प्रभावशाली प्रस्तुति के रूप में देखा गया।

# जेवर हवाई अड्डे का नाम महामना मालवीय के नाम पर रखने की मांग

प्रधानमंत्री को भेजा गया पत्र, राष्ट्रनिर्माण में योगदान का किया उल्लेख

- आगरा संभाग ने प्रस्ताव का किया समर्थन

टीएनएफ टुडे, आगरा।



महामना मालवीय मिशन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र भेजकर नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (जेवर) का नाम बदलकर महामना पंडित मदन मोहन मालवीय अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा रखने की मांग की है। मिशन का कहना है कि शिक्षा, राष्ट्रनिर्माण, भारतीय संस्कृति और सामाजिक समरसता के क्षेत्र में महामना के योगदान को देखते हुए यह उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। मिशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष हरी शंकर सिंह द्वारा भेजे गए पत्र में कहा गया है कि वैश्विक स्तर के इस हवाई अड्डे का नाम महामना के नाम पर रखने से उनकी विचारधारा और आदर्शों का संदेश नई पीढ़ी तक पहुंचेगा तथा यह राष्ट्र के लिए गौरव का विषय होगा। मिशन के राष्ट्रीय सचिव एवं आगरा संभाग के मार्गदर्शक श्रीकृष्ण गौतम तथा आगरा संभाग के महासचिव राकेश शुक्ला ने संयुक्त बयान में कहा कि महामना मालवीय का शिक्षा-दर्शन और राष्ट्रप्रेम देश की अमूल्य धरोहर है। हवाई अड्डे का नाम उनके नाम पर रखे जाने से उन्हें स्थायी सम्मान मिलेगा और युवाओं को उनके आदर्शों से प्रेरणा प्राप्त होगी। मिशन ने कहा कि वह शिक्षा, संस्कार, युवा जागरण और समाज कल्याण के क्षेत्रों में लगातार कार्य कर रहा है तथा भविष्य में भी शिक्षा, सांस्कृतिक जागरण और राष्ट्रहित से जुड़े अभियानों को आगे बढ़ाता रहेगा।

आगमन

मां ज्वाला देवी की पावन ज्योत का आगरा में भव्य स्वागत

# कांगड़ा शक्तिपीठ से लाई गई ज्योत, निकली शोभायात्रा



टीएनएफ टुडे, आगरा।

- 15 जुलाई को होगा विशाल जागरण, 14 को निकलेगी भव्य यात्रा

हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा स्थित ज्वाला देवी शक्तिपीठ से लाई गई मां ज्वाला देवी की पावन ज्योत का गुरुवार को आगरा में भव्य स्वागत किया गया। ध्यानु भक्त मंडल की ओर से आयोजित कार्यक्रम में श्रद्धालुओं ने ढोल-नगाड़ों और जयकारों के साथ ज्योत का स्वागत किया। मंडल के सदस्य 7 जुलाई को आगरा से मां की पावन ज्योत लेने के लिए कांगड़ा रवाना हुए थे। 9 जुलाई को ज्योत के आगरा पहुंचने पर घटिया आजम खां से फुलट्टी चौक तक भव्य शोभायात्रा निकाली गई। श्रद्धालु पूरे मार्ग में माता रानी के जयकारे लगाते हुए चल रहे थे। शोभायात्रा का समापन फुलट्टी चौक स्थित कुआं वाले मंदिर में हुआ, जहां विधि-विधान से ज्योत की स्थापना की गई।

**11 से 15 जुलाई तक होंगे धार्मिक आयोजन**

- ध्यानु भक्त मंडल के अनुसार 11 जुलाई को हनुमान मंदिर (कुआं वाला मंदिर) फुलट्टी चौक में महायज्ञ का आयोजन होगा। 12 और 13 जुलाई को प्रातः 9 बजे से यज्ञ एवं महायज्ञ संपन्न होंगे।
- 14 जुलाई को दोपहर 4 बजे से फुलट्टी चौक से भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी, जो मनकामेश्वर महादेव मंदिर, दरेसी, मोतीगंज, बेलनगंज और घटिया मार्ग से होकर पुनः फुलट्टी चौक पहुंचेगी। यात्रा में माता रानी की पालकी, आकर्षक डोले और बैंड दल शामिल होंगे। इसी दिन श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद वितरण भी किया जाएगा।
- 15 जुलाई की रात्रि में फुलट्टी चौक स्थित कार्यक्रम स्थल पर प्रतिष्ठित भजन गायकों द्वारा मां दुर्गा का विशाल जागरण आयोजित किया जाएगा।

**इन श्रद्धालुओं का रहा विशेष योगदान**

मां की पावन ज्योत लाने में मुख्य पंडित सोनू सारस्वत, नारायण भगत, यादराम शर्मा, मोनू शर्मा, देवेश गोयल, ध्रुव सारस्वत, नीरज कश्यप, अरुण वार्ष्णेय, हर्ष सोनी, सुमित, सौरव वार्ष्णेय, दीपक शर्मा, रोहित, राजेंद्र पाराशर, आशुतोष गौतम, सुमित चौधरी, सर्वेश वर्मा (पांडू भाई), ध्रुव अग्रवाल (हनी), नीरज, अजय सहित ध्यानु भक्त मंडल के अनेक श्रद्धालुओं का विशेष योगदान रहा।

टीएनएफ टुडे मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड के लिए धीरज शर्मा द्वारा श्रीराम मार्केट फूलपुर अड्डा, देवरी रोड, फतेहाबाद आगरा से प्रकाशित एवं मुद्रक पवन पाठक द्वारा इम्प्रैशन प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग लिमिटेड गुरू का ताल सिकंदरा रोड आगरा से मुद्रित।
संपादकः धीरज शर्मा, फोनः 9412359817, E mail: tnftoday.com@gmail.com वेबसाइटः www.tnftoday.com
पंजीयन नं. UPHIN/25/A3702 (संपादक इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.पी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।)

## सम्पादकीय

# चम्बल का मान न घटाएं

मिली भगत से इनाम बढाके चिन्ह बसुलने बाले मामूली फरार चल रहे को चम्बल का बादशाह कह के चम्बल का अपमान कर रहे हैं '। चंबल के बीहड़ों के इतिहास और वहां के असली बागी (डकैतों) की एक अपनी परंपरा, सिद्धांत और गरिमा रही है। जो लोग सत्ता, मिलीभगत और मामूली अपराधों के दम पर अपना कद बढ़ाते हैं, उन्हें चंबल का 'बादशाह' या 'हीरो' कहना वास्तव में उस माटी और उसके गौरवशाली अतीत का खुला अपमान है। चंबल की माटी और जुर्म का सचः 'हीरो' बनाने की राजनीति का सचचंबल के बीहड़... एक ऐसा नाम, जिसके इतिहास में कभी 'बागी' शब्द का एक अलग ही अर्थ हुआ करता था। लेकिन आज विडंबना यह है कि चंद मामूली अपराधियों, अवैध खननकताओं से उगाही करने वालों और फिरौती के धंधे में लिप्त लोगों को चंबल का बादशाह और हीरो करार दिया जा रहा है। यह प्रवृत्ति न केवल चंबल के गौरव का अपमान है, बल्कि आपराधिक इतिहास को महिमामंडित करने की एक खतरनाक साजिश भी है।सच्चाई या महज एक दिखावा?इतिहास के पन्नों को पलटने पर पता चलता है कि तथाकथित चंबल का यह 'बादशाह' असल में एक साधारण दूधिया था। बहनोई की हत्या का बदला लेकर अपराध की दुनिया में कदम रखने वाला यह शख्स कब भैंस-ऊंट की फिरौती और अवैध खनन की वसूली कर पैसे वाला बन गया, यह किसी से छिपा नहीं है। अपराध दर्ज होते ही हाजिर हो जाना और बाहर आकर 'अंदर-बाहर' का खेल खेलना, एक सोची-समझी रणनीति का हिस्सा रहा है। नेता नगरी और जातीय राजनीति की बिसात पर मोहरा बनकर जो इनाम बढ़वाए गए, उसने एक मामूली अपराधी को चंबल का सबसे बड़ा इनामी बना दिया।राजनीति का हथकंडागुर्जर आरक्षण आंदोलन के दौरान तत्कालीन मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे के धौलपुर स्थित महल को उड़ाने की दी गई धमकी महज एक राजनीतिक स्टंट थी या कुछ और? सत्ता के गलियारों में अपनी धमक बनाने और जातीय राजनीति को साधने के लिए इस धमकी का इस्तेमाल किया गया। कभी कांग्रेस की सरकार आई तो खतरे का हवाला देकर जेल बदल दी गई। सत्ता और सिस्टम ने मिलकर एक ऐसे व्यक्ति को हीरो बनाने का खेल खेला, जिसे खुद भी यह पता था कि वह एक आम अपराधी है, न कि कोई सिद्धांतवादी बागी।चंबल का अपमान और भविष्य का आइनाजगजीवन जैसे किरदारों के खात्मे के बाद जब चंबल की घाटी शांत होने लगी, तब इस सूनेपन में एक नए 'हीरो' की गढ़ंत की गई। सवाल यह उठता है कि क्या राजनीति की रोटियां सेकने के लिए रचे गए ऐसे किरदारों को हम चंबल का असली डकैत मानेंगे या राजनीति का? एक साधारण अपराधी को राजनीतिक संरक्षण देकर उसका कद बढ़ाना और फिर उसे चंबल का सरताज बता देना, समाज और कानून व्यवस्था दोनों के साथ भद्दा मजाक है।चंबल की पहचान उसके स्वाभिमान और उसके असली बागी तेवरों से है, न कि मिलीभगत से इनाम बढ़वाने वाले उगाहीबाजों से। समय आ गया है कि समाज और मीडिया इस छद्म नायकत्व (Fake Heroism) के खेल को पहचाने और जुर्म को महिमामंडित करने की इस संस्कृति को नकार कर चंबल की वास्तविक गरिमा को बचाए रखे।

# आसमान खाली है, धरती प्यासी है... क्या आगरा आखिरी चेतावनी भी अनसुनी कर देगा?

## यमुना किनारे बैठा शहर पानी-पानी होने से पहले प्यासा क्यों हो रहा है?

> “
> भूजल किसी खानदानी जायदाद की तरह नहीं होता। वह बैंक खाते की तरह होता है। निकासी करते रहिए, लेकिन जमा मत कीजिए। एक दिन खाता खाली हो ही जाएगा। आगरा आज उसी दिन के दरवाजे पर खड़ा है। शहर की आबादी पचास लाख के करीब पहुंच गई है। हर साल लाखों सैलानी भी आते हैं। उद्योग बढ़ रहे हैं। अस्पताल, स्कूल और नई कॉलोनियां फैल रही हैं। पानी की मांग रोज बढ़ रही है।



अगर कोई कहे कि नदी किनारे बसा शहर प्यासा मर सकता है, तो शायद लोग हंस पड़ें। लेकिन आगरा की कहानी मजाक नहीं, एक कड़वी हकीकत है।

जुलाई आ चुकी है। मगर बादल जैसे रास्ता भूल गए हैं। न बिजली की गड़गड़ाहट, न बारिश की फुहार। खेतों में किसान रोज आसमान निहारते हैं। घरों में पानी की बाल्टियां गिनी जा रही हैं। ट्यूबवेल पहले से ज्यादा गहराई तक सांसें खींच रहे हैं। हर दिन बेचैनी बढ़ रही है। यमुना ताजमहल के कदम चूमती हुई बहती है। लेकिन उसी शहर के लाखों लोग पानी के लिए परेशान हैं। कभी जीवन देने वाली नदी आज सीवर, फैक्ट्रियों के कचरे और सरकारी लापरवाही का बोझ ढो रही है। गर्मियों में उसका हाल किसी थके हुए मुसाफि र जैसा हो जाता है। बारिश ने इस बार साथ नहीं दिया। लेकिन सारा इल्जाम मौसम पर डाल देना भी अपनी गलती से आंखें चुराना होगा।

सच यह है कि हमने धरती के नीचे का पानी ऐसे लुटाया, जैसे वह कभी खत्म ही नहीं होगा। जहां नई कॉलोनी बनी, वहां नया बोरवेल खोद दिया गया। होटल बने, लॉन हरे हुए, फव्वारे चले, स्विमिंग पूल भर गए। किसी ने यह नहीं पूछा कि इतना पानी आएगा कहां से। भूजल किसी खानदानी जायदाद की तरह नहीं होता। वह बैंक खाते की तरह होता है। निकासी करते रहिए, लेकिन जमा मत कीजिए। एक दिन खाता खाली हो ही जाएगा। आगरा आज उसी दिन के दरवाजे पर खड़ा है। शहर की आबादी पचास लाख के करीब पहुंच गई है। हर साल लाखों सैलानी भी आते हैं। उद्योग बढ़ रहे हैं। अस्पताल, स्कूल और नई कॉलोनियां फैल रही हैं। पानी की मांग रोज बढ़ रही है।

हमारे दादा-दादी मिट्टी के घड़े भरते थे। आज हम ओवरहेड टैंक, वॉशिंग मशीन, कार वॉश, कूलर और स्विमिंग पूल भरते हैं। आराम बढ़ा है। लेकिन पानी की कीमत भी बढ़ गई है।

खेती भी बदल गई है। कम पानी वाली फसलों की जगह ज्यादा पानी पीने वाली फसलें आ गई हैं। मौसम बेवफा हो रहा है। लागत बढ़ रही है। किसान मजबूरी में और गहरे बोरवेल खोद रहा है। धरती देती जा रही है। इंसान लेता जा रहा है। यह सौदा ज्यादा दिन नहीं चलेगा। शहर भी अब बारिश का दुश्मन बन गया है। जहां कभी मिट्टी पानी सोख लेती थी, वहां अब कंक्रीट बिछी है। सड़कें हैं, मॉल हैं, पार्किंग हैं। बारिश होती है तो पानी नालों में भाग जाता है। एक हफ्ते बाढ़ का शोर मचता है। अगले हफ्ते पानी की कमी का रोना शुरू हो जाता है।

सबसे बड़ा नुकसान हमने अपने तालाबों का किया।

कभी आगरा के आसपास लगभग हर गांव का अपना तालाब होता था। वही बारिश का पानी रोकता था। वही कुओं को जिंदा रखता था। वही मवेशियों की प्यास बुझाता था। आज कई तालाब नक्शों से तो नहीं, लेकिन जमीन से गायब हो चुके हैं। उन पर इमारतें खड़ी हैं या कूड़े के पहाड़।

हमने सिर्फ. तालाब नहीं खोए। हमने सूखे से लड़ने की अपनी सदियों पुरानी अक्ल भी दफना दी।

यमुना की सहायक नदियों का हाल भी कम दर्दनाक नहीं है। कहीं उन पर कब्जा है, कहीं वे नाले बन चुकी हैं। नदी अकेले नहीं जीती। उसकी सहायक धाराएं उसकी सांस होती हैं। सांसें बंद हों तो सबसे ताकतवर इंसान भी नहीं बचता। यही हाल नदियों का भी है।

उधर शहर रोज लगभग 286 मिलियन लीटर सीवेज पैदा करता है। शोधन संयंत्र बढ़े हैं, लेकिन अभी भी बड़ी मात्रा में गंदा पानी यमुना में गिर रहा है। हम एक तरफ नदी से पानी मांगते हैं, दूसरी तरफ उसी में जहर घोलते हैं। इससे बड़ा विरोधाभास और क्या होगा?

फिर भी तस्वीर पूरी तरह मायूस करने वाली नहीं है।

आगरा ने शोधित जल के दोबारा इस्तेमाल की दिशा में एक अहम कदम उठाया है। नौ सीवेज शोधन संयंत्र 220 एमएलडी से अधिक क्षमता के साथ काम कर रहे हैं। तीन और बन रहे हैं। अब शोधित पानी खेतों, रेलवे, मेट्रो स्टेशनों, पार्कों और कीठम झील तक पहुंचाने की योजना आकार ले रही है।

जगनपुर-दयालबाग संयंत्र से किसान सिंचाई कर रहे हैं। पीलाखार का पानी वेस्ट-टू-एनर्जी परियोजना में इस्तेमाल हो रहा है। धांधूपुरा, जगनपुर और बिचपुरी संयंत्रों से शोधित जल रेलवे, मेट्रो और कीठम झील तक पहुंचेगा। लगभग 93 करोड़ रुपये की इन परियोजनाओं से रोज 42 एमएलडी पानी दोबारा काम आएगा। गंगा जल परियोजना ने भी कुछ राहत दी है। लेकिन सच यही है कि कोई भी पाइपलाइन इंसानी लापरवाही की भरपाई नहीं कर सकती।

सरकार अपनी जगह है। योजनाएं अपनी जगह हैं। लेकिन पानी बचाने का असली आंदोलन घर से शुरू होगा। हर छत पर वर्षा जल संचयन होना चाहिए। हर तालाब को दोबारा ज़िंदा करना होगा। भूजल की अंधाधुंध निकासी रोकनी होगी। खेतों में कम पानी वाली खेती को बढ़ावा देना होगा। रिसती पाइपलाइनें ठीक करनी होंगी। यमुना के बाढ़ क्षेत्र और आर्द्रभूमियों को बचाना होगा। इतिहास ने आगरा को ताजमहल दिया। यमुना ने उसे जीवन दिया। सवाल यह है कि क्या हम इस विरासत को बचा पाएंगे? कमजोर मानसून असली मुसीबत नहीं है। वह तो सिर्फ. खतरे की घंटी है। मुसीबत तब होगी, जब घंटी बजती रहे और हम यह सोचकर बैठे रहें कि अगला बादल आएगा और सारी परेशानियां अपने साथ बहा ले जाएगा।

बादल शायद फिर लौट आएं। लेकिन अगर पानी बचाने की अक्ल नहीं लौटी, तो आने वाली पीढ़ियां हमें माफ नहीं करेंगी।

**-बृज खंडेलवाल द्वारा**

## विचार मंथन

# क्या है पूजा और उसका वास्तविक स्वरूप?: डा0 संजय राणा



आजकल पूजा के स्वरूप और उसके महत्व की चर्चा बहस का मुद्दा बनी हुयी है। जब से देश में मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के अयोध्या स्थित श्री राम मंदिर से 'चढ़ावा चोरी' का प्रकरण प्रकाश में आया है, तब से यह सवाल जनमानस में बहस का मुद्दा बना हुआ है कि क्या पूजा केवल मंदिरों में जाकर शीश नवाना, आरती करना, चढ़ावा चढ़ाना और भगवान की मूर्तियों के चरण स्पर्श करना ही है? यदि कोई व्यक्ति जीवनभर छल, कपट, अहंकार, अन्याय और द्वेष में जीता रहे, तो क्या केवल धार्मिक अनुष्ठान उसे धार्मिक बना देते हैं?

भारतीय दर्शन इस प्रश्न का उत्तर केवल कर्मकांड में नहीं, बल्कि आचरण में खोजता है। "यथा आचरणं तथा धर्मः" – मनुष्य का व्यवहार ही उसके धर्म का परिचय है। वेदों में भी निष्काम कर्म, सत्य, दया, आत्म संयम और लोक कल्याण को श्रेष्ठ जीवन का आधार बताया गया है। मेरे व्यक्तिगत विचार से सच्ची पूजा वह है जो हमारे व्यवहार में दिखाई दे–ईश्वर प्रदत्त प्रकृति का संरक्षण, जल, वायु, वन और वन्य जीवों का सम्मान, माता-पिता एवं बुजुर्गों की सेवा, महिलाओं का सम्मान, प्रत्येक जीव के प्रति करुणा, सत्य और ईमानदारी का पालन तथा "जियो और जीने दो" की भावना। यही पूजा है, यही धर्म है और यही ईश्वर के प्रति वास्तविक श्रद्धा है।

यदि कोई व्यक्ति जीवनभर मंदिर न जा सके, किंतु अपने आचरण से मानवता, प्रकृति और समस्त जीव-जगत का सम्मान करता रहे, तो वह निस्संदेह धार्मिक है। इसके विपरीत, यदि पूजा केवल मंदिर की चौखट तक सीमित रह जाए और जीवन में उसका कोई प्रभाव न दिखे, तो वह अधूरी है।

अंततः, धर्म का उद्देश्य केवल ईश्वर के सामने झुकना नहीं, बल्कि ऐसा जीवन जीना है जिसे देखकर समाज ईश्वर की करुणा, सत्य और प्रेम का अनुभव कर सके। जब पूजा हमारे चरित्र का हिस्सा बन जाती है, तभी वह वास्तव में पूजा कहलाती है। आओ मानवता की ओर लौटें।

**-( लेखक जाने-माने सामाजिक कार्यकर्ता, पर्यावरणविद एवं एस्त्रो नामक संस्था के निदेशक हैं।)**

# उत्तर प्रदेश की राह पर बंगाल

प.बंगाल में भाजपा शासन के आते ही राज्य में चारित्रिक बदलाव दिखाई देना शुरू हो चुका है। भाजपा शासन की खास पहचान बन चुके बुलडोजर और पुलिस मुठभेड़ दोनों का इस्तेमाल प.बंगाल में शुरू हो चुका है। सुवेन्दु अधिकारी के सत्ता संभालते ही तृणमूल कांग्रेस के नेताओं और कार्यकर्ताओं पर कानूनी कार्रवाई शुरू हो गई, कई मौकों पर जनता ने कानून हाथ में लिया और टीएमसी नेताओं पर अंडे फेंके। भाजपा ने इसे लोगों का गुस्सा बताकर न्यायोचित ठहराने की कोशिश की। कई बाजारों में रेहड़ी-पटरी वालों को जबरन हटाया गया और कुछ जगह बुलडोजर से व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को गिराया गया। और अब बारुईपुर मामले में एक अहम आरोपी की मुठभेड़ में मौत हो गई, जिससे प.बंगाल को भाजपाई रंग में ढलने में जो कसर बाकी थी, वह भी पूरी हो गई।

गौरतलब है कि बीते दिनों कोलकाता के दक्षिणी उपनगर स्थित बारुईपुर थाना क्षेत्र में एक नाबालिग लड़की की बलात्कार के बाद नृशंसता से हत्या कर दी गई। ऐसी एक भी घटना किसी भी सभ्य समाज के लिए बड़ा कलंक होनी चाहिए। जो समाज अपने बच्चों की, महिलाओं की हिफाजत न कर सके, उसे शर्मिंदा होना चाहिए। मगर बड़े अफसोस की बात है कि बलात्कार जैसा गंभीर अपराध अब राजनीति करने का जरिया बन चुका है। जब प.बंगाल में ममता बनर्जी सरकार के वक्त आर जी कर मेडिकल कॉलेज में बलात्कार और हत्या का मामला आया था, तब भाजपा ने बिना समय गंवाएं टीएमसी सरकार को घेरा, राज्य में धरना-प्रदर्शन सब किया। हालांकि तत्कालीन मुख्यमंत्री ने भी कार्रवाई की, आरोपियों को पकड़वाया, फिर भी उन पर ऊंगली उठाई गई कि वे बहन-बेटियों की सुरक्षा नहीं कर सकतीं। इस चुनाव में भी भाजपा ने इस मुद्दे को भुनाना चाहा और इसके लिए आर जी कर मेडिकल कॉलेज की दिवंगत पीड़िता की मां को टिकट दी, वे जीतीं और अब विधायक भी बन गई हैं। लेकिन अफसोस है कि वे भी अब पीड़ित परिवार के साथ खुलकर खड़े होने और ऐसे नृशंस अपराध पर आवाज उठाने की जगह खोखले तर्क दे रही हैं कि मेरी बेटी के साथ अस्पताल जैसी सुरक्षित जगह पर ऐसा हुआ, जबकि वो बच्ची बाहर थी या कहां थी, पता नहीं। इस बयान के बाद सभ्य समाज को अपने आप से यह सवाल करना चाहिए कि क्या बच्चे केवल अपने घर में सुरक्षित रह सकते हैं, बाहर नहीं। अगर ऐसा है तो हम किस अधिकार से खुद को सभ्य कहते हैं। और कई मामलों में घर में करीबी रिश्तेदार ही जो शारीरिक शोषण करते हैं, उस वक्त बच्चों के लिए कौन सा सुरक्षित स्थान बताया जाएगा। जाहिर है भाजपा विधायक अपनी पार्टी के खिलाफ या नयी सरकार की कानून व्यवस्था के खिलाफ खुल कर बोलने की स्थिति में नहीं हैं, तो उन्होंने सारा ठीकरा पिछली टीएमसी सरकार पर फोड़ दिया। हालांकि इसकी कोई तुक बनती नहीं। अगर ममता बनर्जी की सरकार लड़कियों के लिए सुरक्षित माहौल बनाने में नाकाम थी, तो जनता ने उन्हें सत्ता से हटा दिया है। अब जिनकी सत्ता है, यानी भाजपा की, तो उसे हर तरह से जिम्मेदारी लेना होगा। लेकिन इसकी जगह सुवेन्दु अधिकारी कहीं ममता बनर्जी को पीड़ित परिवार से मिलने से रोक रहे थे, तो कहीं उनके नेता इस घिनौने अपराध में भी हिंदू-मुसलमान कर रहे थे। चुनावी कवरेज विशेष इस घटना से नाराज भीड़ ने तो एक व्यक्ति की पीट-पीटकर हत्या भी कर दी, हालांकि अब भीड़ में शामिल कम से कम 200 लोगों पर कार्रवाई होगी, ऐसी बात प्रशासन कर रहा है। लेकिन एक अन्य आरोपी, जो इस घटना की अहम कड़ी बन सकता था, उसका रहस्यमय तरीके से एनकाउंटर कर दिया गया।



**-अनाम**

## सितारों की चाल: आपका भविष्यफल

**दिनांक 11 जुलाई 2026 शनिवार आषाढ़ कृष्ण द्वादशी**

**कल का दिन कैसा होगा? इसकी तैयारी आज ही करें!**

प्रिय पाठकों, TNF टुडे हमेशा आपकी सुविधा को सर्वोपरि रखता है। इसी उद्देश्य से हम आपको एक दिन अग्रिम (Advance) राशिफल प्रदान कर रहे हैं ताकि आप अपने महत्वपूर्ण कार्यों, बैठकों और यात्राओं की योजना आज रात ही बना सकें। सितारों की चाल जानकर संभावित चुनौतियों के प्रति पहले से सजग रहना ही सफलता की पहली सीढ़ी है।



मार्गदर्शन: आचार्य दीदी
डॉ. सरस्वती देवकृष्ण गौड़
(एस्ट्रो वास्तु शोधनम)
मो. 9119336673

### शुभकार्य हेतु आज का चंद्रबल

आज मेष मिथुन सिंह कन्या धनु और कुंभ राशि के जातकों का आत्मबल मानसिक उत्साह और भाग्य का सहयोग बहुत उत्तम रहेगा। शनिवार का दिन साक्षात न्याय के देवता शनि देव और विघ्नहर्ता भगवान गणेश की साधना के लिए विशेष रूप से फलदायी माना जाता है। आज के दिन शनि देव के सम्मुख सरसों के तेल का दीपक जलाना और जरूरतमंदों को काले तिल व वस्त्र का दान करना जीवन के सभी मानसिक संताप आर्थिक संकट और शारीरिक व्याधियों को पूरी तरह समाप्त कर देता है।

### मेष

आज आपके पराक्रम और सामाजिक प्रभाव में भारी वृद्धि होगी जिससे कार्यक्षेत्र में आपका वर्चस्व बढ़ेगा और सोचे हुए सभी पुराने रुके हुए काम गति पकड़ेंगे। व्यापारिक क्षेत्र में चल रही पुरानी मंदी आज पूरी तरह समाप्त होगी और अचानक नए माध्यमों से प्रचुर धन लाभ होने के सुंदर योग बन रहे हैं। हनुमान चालीसा का पाठ करें जिससे आपके मार्ग की सभी बाधाएं हमेशा के लिए दूर होंगी।

### वृष

आज का दिन आपके लिए आर्थिक और पारिवारिक दृष्टिकोण से अत्यंत भाग्यशाली सिद्ध होगा और पैतृक संपत्ति से जुड़े पुराने विवाद हल होंगे। कार्यक्षेत्र में वरिष्ठ सहयोगियों के सहयोग से आपको किसी बड़े और प्रतिष्ठित कार्य की जिम्मेदारी मिल सकती है जिससे मन अत्यंत प्रसन्न रहेगा। पीपल के वृक्ष के पास दीपक जलाएं जिससे आपके घर में स्थाई सुख और ऐश्वर्य का वास होगा।

### मिथुन

आज आप अपनी तीव्र बुद्धिमत्ता और प्रखर वाणी के बल पर जटिल से जटिल सांगठनिक और व्यापारिक समस्याओं को बेहद आसानी से हल कर लेंगे। स्वास्थ्य के प्रति बिल्कुल भी लापरवाही न बरतें और विशेष रूप से अत्यधिक काम के बोझ के कारण होने वाली शारीरिक थकावट से खुद को बचाएं। पक्षियों को बाजरा खिलाएं जिससे आपके भाग्य के बंद द्वार शीघ्र खुलेंगे।

### कर्क

मानसिक रूप से आज आप खुद को अत्यधिक ऊजार्वान और शांत महसूस करेंगे जिससे किसी बड़े व्यावसायिक निवेश का निर्णय लेने में आपको सफलता मिलेगी। परिवार की ओर से कोई अत्यंत सुखद और गौरवमयी समाचार प्राप्त हो सकता है जिससे पूरे परिवार में उल्लास का माहौल बना रहेगा। बहते जल में काले तिल प्रवाहित करें जिससे आपकी आर्थिक चिंताएं समाप्त होंगी।

### सिंह

आज कार्यस्थल पर सहकर्मियों या व्यावसायिक साझेदारों के साथ किसी भी प्रकार के व्यर्थ के अहंकार के टकराव से आपको पूरी तरह बचना होगा। वाहन या किसी भी प्रकार की मूल्यवान वस्तु खरीदते समय अपने बजट का विशेष ध्यान रखें और अत्यधिक फिजूलखर्ची पर नियंत्रण रखें। मस्तक पर सुंदर तिलक लगाएं जिससे राजनीति के क्षेत्र में आपकी ऐतिहासिक विजय होगी।

### कन्या

आज आपको मित्रों और वरिष्ठ सहयोगियों की मदद से किसी बड़े नए व्यावसायिक अनुबंध की प्राप्ति होगी जिससे आपकी संचित पूंजी में वृद्धि होगी। विद्यार्थियों को परीक्षा में अपनी कठिन मेहनत का बेहद सकारात्मक और मनोनुकूल परिणाम प्राप्त होने के सुंदर योग बन रहे हैं। असहाय लोगों को भोजन कराएं जिससे आपके यश में निरंतर वृद्धि होगी।

### तुला

आज सामाजिक और राजनैतिक क्षेत्र से जुड़े जातकों का प्रभाव क्षेत्र बढ़ेगा और समाज में उनके द्वारा किए गए कार्यों की हर स्तर पर सराहना होगी। दांपत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी और जीवनसाथी के सहयोग से कोई बड़ा रुका हुआ पारिवारिक काम आज आसानी से पूरा हो जाएगा। किसी मंदिर में काले चने का दान करें जिससे आपके जीवन के सभी भ्रम दूर होंगे।

### वृश्चिक

धार्मिक यात्राओं और देव दर्शन के सुंदर योग बन रहे हैं जिससे आपकी आंतरिक व्याकुलता पूरी तरह शांत होगी और मन को असीम संबल मिलेगा। व्यावसायिक क्षेत्र में किसी भी अपरिचित व्यक्ति पर जरूरत से ज्यादा भरोसा न करें अन्यथा आपको बड़ा आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है। शनि चालीसा का पाठ करें जिससे आपके मार्ग की सभी गुप्त राजनैतिक बाधाएं दूर होंगी।

### धनु

आज सेहत को लेकर विशेष रूप से सावधान रहने की आवश्यकता है क्योंकि अत्यधिक कार्यभार के कारण शारीरिक कमजोरी महसूस हो सकती है। सगे संबंधियों के साथ धन का बड़ा लेन देन करते समय पूरी सावधानी बरतें और बिना लिखा पढ़ी के कोई बड़ा आर्थिक व्यवहार न करें। महामृत्युंजय मंत्र का मानसिक जाप करें जिससे आपके भीतर एक अद्भुत और नई सकारात्मक ऊर्जा का संचार होगा।

### मकर

साझेदारी में चल रहे व्यापार में आज मनोनुकूल प्रगति होगी और नए बड़े व्यावसायिक सहयोगी जुड़ने से आपके काम को बाजार में एक नई गति प्राप्त होगी। प्रेम संबंधों और पारिवारिक रिश्तों में आपसी तालमेल बहुत मधुर रहेगा तथा सभी सदस्य एक दूसरे की भावनाओं का पूरा सम्मान करेंगे। शमी के पौधे में जल अर्पित करें जिससे आपके पारिवारिक जीवन के सभी कष्ट हमेशा के लिए दूर होंगे।

### कुंभ

आज आप अपने पराक्रम और कुशल कूटनीति के बल पर विरोधियों और शत्रुओं के हर चक्रव्यूह को पूरी तरह से ध्वस्त करने में सफल रहेंगे। पुराने कानूनी मामलों में आज आपके पक्ष में कोई बहुत बड़ी और सुखद खबर सुनने को मिल सकती है। गाय को हरी घास या भोजन खिलाएं जिससे आपके मन का अज्ञात भय पूरी तरह समाप्त हो जाएगा।

### मीन

कला साहित्य लेखन और रचनात्मक क्षेत्रों से जुड़ी प्रतिभाओं को आज कोई बड़ा राष्ट्रीय सम्मान या विशिष्ट पहचान मिलने के सुंदर योग बन रहे हैं। संतान पक्ष की शिक्षा या करियर को लेकर चल रही पुरानी चिंताएं आज पूरी तरह समाप्त होंगी जिससे मन को बड़ी राहत मिलेगी। भगवान गणेश को दूर्वा अर्पित करें जिससे आपके सुख और भौतिक साधनों में निरंतर वृद्धि होगी।

### आज का वास्तु शोधनम सूत्र

शनिवार के दिन घर के दक्षिण पश्चिम कोने में शाम के समय सरसों के तेल का एक दीपक जलाने से घर की नकारात्मक ऊर्जा और भयंकर पितृ दोष पूरी तरह शांत होता है तथा साक्षात न्याय देव की असीम कृपा से परिवार के सदस्यों का मानसिक संकट दूर होता है और सुख समृद्धि हमेशा बढ़ती रहती है।

TNF TODAY

टीएनएफ टुडे
थॉट्स न्यूज फैक्ट्स टुडे

tnftoday tnftoday
www.tnftoday.com / epaper

आगरा, शुक्रवार
10.07.2026



# खंभे नहीं, जमीन पर बिछी हैं बिजली की केबिलें

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।

- करंट से पशुओं की मौत का आरोप
- नई विकसित कॉलोनियों में इस तरह की व्यवस्था आम बात हो गई है

वृंदावन मार्ग स्थित कान्हा उपवन कॉलोनी में विद्युत व्यवस्था की बदहाल स्थिति को लेकर गंभीर सवाल उठने लगे हैं। युवक मंगल दल जौनाई के अध्यक्ष धीरज शर्मा और छटीकरा निवासी बॉबी ने मुख्यमंत्री को शिकायत भेजकर विद्युत विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों पर लापरवाही, अवैध वसूली तथा सुरक्षा मानकों की अनदेखी के आरोप लगाए हैं। शिकायत के बाद क्षेत्र में विद्युत व्यवस्था को लेकर लोगों में आक्रोश है। शिकायतकताओं का आरोप है कि विद्युत सब स्टेशन छटीकरा के अंतर्गत प्रियकांत जू मंदिर से वृंदावन जाने वाले मार्ग पर गोलोक धाम से पहले स्थित कान्हा उपवन कॉलोनी में बड़ी संख्या में बिजली कनेक्शन जारी कर दिए गए, लेकिन आज तक आवश्यक संख्या में बिजली के खंभे नहीं लगाए गए। इसके चलते उपभोक्ता दूर-दूर लगे खंभों से लंबी केबल खींचकर बिजली लेने को मजबूर हैं। धीरज शर्मा का कहना है कि कई स्थानों पर बिजली की केबलें खुलेआम जमीन पर पड़ी रहती हैं, जबकि कुछ तार बेहद कम ऊंचाई पर लटक रहे हैं। उनका आरोप है कि इस लापरवाही के कारण कई बार करंट फैलने की घटनाएं हुई हैं



और कई पशुओं की मौत भी हो चुकी है। इसके बावजूद विभाग ने अब तक स्थायी समाधान की दिशा में कोई प्रभावी कदम नहीं उठाया। शिकायत में यह भी सवाल उठाया गया है कि जब विभाग के पास पर्याप्त विद्युत खंभे लगाने की व्यवस्था नहीं थी, तब बड़ी संख्या में कनेक्शन क्यों जारी किए गए। साथ ही कनेक्शन देने के नाम पर उपभोक्ताओं से मनमाने तरीके से धनराशि वसूलने का भी आरोप लगाया गया है। बॉबी का आरोप है कि विद्युत प्रवर्तन दल समय-समय पर छापेमारी का भय दिखाकर अवैध वसूली करता है। उन्होंने दावा किया कि जब उन्होंने कथित अवैध उगाही का विरोध किया तो उनकी मां रामरती के विरुद्ध गलत तरीके से मुकदमा दर्ज करा दिया गया।

विद्युत प्रवर्तन दल मथुरा के निरीक्षक वरुण कुमार ने इन सभी आरोपों को निराधार बताया है। उन्होंने कहा कि शिकायतकताओं द्वारा लगाए गए आरोप तथ्यहीन हैं और किसी भी प्रकार की अवैध वसूली नहीं की जाती। वहीं, वृंदावन के अधिशासी अभियंता पंकज तिवारी ने बताया कि वह स्वयं मौके का निरीक्षण करेंगे। अपर पुलिस अधीक्षक सतर्कता, दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड आगरा, अलका सिंह ने कहा कि यदि उन्हें इस संबंध में शिकायत प्राप्त होती है तो पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाएगी।

## अधिक लाइन लॉस वाले फीडरों पर चला चेकिंग अभियान

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।

विजिलेंस एवं शहरी रेड्स टीम ने राल एवं खुशीपुरा गांव में अभियान चलाकर सात लोगों के यहां बिजली चोरी पकड़ी। राल फीडर पर लाइन लॉस अधिक है। इसीलिए यहां चेकिंग अभियान चलाया गया। कार्रवाई के दौरान अंदर लगे करीब पांच दर्जन मीटरों को बाहर किया गया। लाइन लॉस कम करने एवं राजस्व वसूली बढ़ाने को लेकर मुख्य अभियंता राजीव गर्ग द्वारा निर्देशित अधीनस्थों को निर्देशित किया गया। विजिलेंस प्रभारी अरूण कुमार,एई रेड्स सतेन्द्र,एई शुभम अग्रवाल,जेई किशन,जेई पवन,भरत,राजकुमार वर्मा ने टीम के साथ हाईलाइन लॉस फीडर राल एवं खुशीपुरा गांव में चेकिंग की। सात लोगों के यहां बिजली चोरी के मामले पकड़े। कार्रवाई से राल एवं खुशीपुरा गांव में अफरा-तफरी मची रही। टीम ने चेकिंग के दौरान केबलों को जब्त किया गया। एई शुभम के अनुसार इस फीडर पर राजस्व की अधिक हानि है। शहरी एसई मुदित तिवारी के अनुसार हाईलाइन लॉस फीडर क्षेत्र में चेकिंग के निर्देश दिए गए हैं।

## डॉ. आंबेडकर की प्रतिमाओं पर छतरी निर्माण व पार्कों के सौंदर्यीकरण की मांग

**मथुरा।** अखिल भारतीय समता फाउंडेशन की जिला ईकाई द्वारा फाउंडेशन के अध्यक्ष लुकेश कुमार राही के नेतृत्व में गुरुवार को जिला पंचायत राज अधिकारी धनंजय जयसवाल का राजीव भवन पहुंचकर उनके कार्यालय में स्वाफा बांध व स्मृति चिन्ह प्रदान कर नागरिक अभिनंदन किया। इसके बाद तीन सूत्रीय खुला मांग पत्र मुख्यमंत्री की घोषणा अनुसार बाबा साहब डॉ. आंबेडकर की प्रतिमाओं पर छतरी निर्माण एवं सुरक्षा की दृष्टि से पार्कों की बाउंड्री वॉल एवं सौंदर्यीकरण व निर्माण कार्य करने के संदर्भ में सौंपा गया। ज्ञापपन देने के बाद अध्यक्ष लुकेश राही ने कहा कि मथुरा ब्लॉक के ग्राम पंचायत जिखिन गांव मथुरा में स्थित अंबेडकर पार्क की प्रतिमा की छतरी निर्माण सौंदर्यीकरण कार्य एवं अनुसूचित जाति के अंत्येष्टि स्थल पर बारिश के मौसम में लोगों को खुले में अंतिम संस्कार करने को मजबूर है। साथ ही शमशान स्थल का संपर्क मार्ग कीचड़ एवं गंदगी जलभराव से भरा पड़ा है। इसके मार्ग का निर्माण शीघ्र कराया जाए। बसई खुर्द ग्राम पंचायत भोगांव तहसील छाता में बाबा साहब अंबेडकर पार्क की बाउंड्री वॉल कराए जाने के निर्माण अति आवश्यक है। इस मौके पर उपाध्यक्ष चित्रसेन मौर्य, सचिव सुमित कुमार , मीडिया प्रभारी सोहन सिंह , ऑडिटर आकाश बाबू ,सागर सिंह सक्रिय सदस्य, असलम कुरैशी,राज गब्बर, विक्रम सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

## ब्रज की लोक संस्कृति के संरक्षण का दिया संदेश

**मथुरा।** संस्कृति विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार एवं वृंदावन शोध संस्थान, वृंदावन के संयुक्त तत्वावधान में 24 जून से 8 जुलाई तक आयोजित हुई 15 दिवसीय चरकुला लोकनृत्य कार्यशाला का भव्य एवं गरिमामय वातावरण में समारोह पूर्वक समापन हुआ। समापन समारोह में प्रतिभागियों ने पारंपरिक चरकुला लोकनृत्य की मनोहारी प्रस्तुतियाँ देकर उपस्थित अतिथियों एवं दर्शकों को ब्रज की समृद्ध लोक-सांस्कृतिक विरासत से परिचित कराया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पद्मश्री मोहन स्वरूप भाटिया तथा विशिष्ट अतिथि संत गोविंदानंद तीर्थ जी महाराज रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में विशाल सिंह, आईएएस, निदेशक, संस्कृति निदेशालय, लखनऊ तथा डॉ. राजेश अहिरवार, सहायक निदेशक, संस्कृति निदेशालय, लखनऊ का विशेष सहयोग एवं मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। मुख्य अतिथि पद्मश्री मोहन स्वरूप भाटिया ने अपने संबोधन में कहा कि चरकुला लोकनृत्य ब्रज की सांस्कृतिक पहचान एवं लोक आस्था का सशक्त प्रतीक है। इस प्रकार की कार्यशालाएँ हमारी अमूल्य लोक परंपराओं को नई पीढ़ी तक पहुँचाने का प्रभावी माध्यम हैं। विशिष्ट अतिथि संत गोविंदानंद तीर्थ जी महाराज ने भारतीय संस्कृति एवं ब्रज की लोकधरोहर के संरक्षण को समय की आवश्यकता बताते हुए युवाओं से इन परंपराओं को आगे बढ़ाने का आह्वान किया। कार्यशाला में खामनी, मांट, गोवर्धन, सौंख, मथुरा एवं वृन्दावन से कुल 25 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। कार्यशाला में प्रशिक्षिका शशि देवी एवं राजेश प्रसाद शर्मा द्वारा प्रतिभागियों को चरकुला लोकनृत्य का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान करते हुए चरकुला नृत्य की पारंपरिक शैली, वेशभूषा, चरकुला गीत, ताल-लय एवं मंचीय प्रस्तुति का विस्तृत अभ्यास कराया गया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में रवि जोशी ने हारमोनियम, विजय सिंह ने ढोलक, दामोदर ने मंजीरा तथा शाहरुख ने छोटा नगाड़ा वादन कर लोकनृत्य को सजीव एवं आकर्षक बनाया। कार्यक्रम का संयोजन एवं प्रभावी संचालन ब्रज संस्कृति संग्रहालय की क्यूरेटर ममता गौतम द्वारा किया गया। उन्होंने सभी अतिथियों, प्रशिक्षकों, कलाकारों, प्रतिभागियों एवं सहयोगियों का स्वागत करते हुए कार्यशाला की रूपरेखा प्रस्तुत की तथा अंत में सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। समापन समारोह में 25 प्रतिभागियों ने चरकुला लोकनृत्य की उत्कृष्ट प्रस्तुतियाँ देकर दर्शकों की भरपूर सराहना प्राप्त की। उक्त कार्यशाला के माध्यम से चरकुला नृत्य के नवोदित कलाकारों के 04 ग्रुप तैयार हुए। समारोह के अंत में प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। प्रतिभागियों को शुभकामनाएँ देते हुए संस्थान द्वारा भविष्य में ब्रज की लोक-सांस्कृतिक परम्पराओं के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए इस प्रकार की कार्यशालाओं के निरंतर आयोजन का संकल्प लिया गया।

## अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने बनाया 78वां स्थापना दिवस

- भारत को पुन: विश्व गुरु बनाना अभाविप का लक्ष्य: डॉ.राजेश

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के 78वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में गुरुवार को कान्हा माखन पब्लिक स्कूल में विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सैकड़ों छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया। मुख्य वक्ता प्रांत उपाध्यक्ष एवं राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य डॉ. राजेश लवानिया ने छात्रों के समक्ष अभाविप की भूमिका रखी। उन्होंने भारत के गौरवपूर्ण इतिहास पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारत में नालंदा तक्षशिला जैसे विश्वविद्यालय थे जो कि पूरे विश्व के ज्ञान का केंद्र थे। उन्होंने भारत को पुन: परम वैभव पर ले जाने हेतु सन् 1949 में प्रारम्भ हुए इस महायज्ञ से विद्यार्थियों को जुड़ने और भारत को पुन: विश्व गुरु बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान देने हेतु प्रेरित किया। विभाग प्रमुख डॉ. एसके राय ने नशा मुक्त परिसर के विषय पर छात्रों का मार्गदर्शन करते हुए कहा जीवन में ध्येय न होने के कारण युवा हानिकारक पदार्थों के नशे में लिप्त होता जा रहा है। युवाओं को आवश्यकता है कि बड़े स्वप्न देखें, उनकी प्राप्ति के लिए कठोर परिश्रम करें और भारत को परम वैभव तक ले जाने का नशा रखें। कार्यक्रम अध्यक्ष डायरेक्टर शुभम अग्रवाल ने अभाविप के 78 वर्ष पूर्ण करने पर शुभकामनाएं प्रेषित की एवं विद्यार्थियों को अभाविप से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार शर्मा ने भी विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती और स्वामी विवेकानंद जी के चित्रपट के सम्मुख अतिथियों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर विभाग संगठन मंत्री दिव्यांशु पचौरी, जिला छात्रा प्रमुख विनीता शर्मा, प्रांत सह एसएफडी संयोजक भूपेंद्र सिंह, प्रांत कार्यकारिणी सदस्य उमंग अग्रवाल, अमन शर्मा, योगेंद्र चौधरी, वेदांत बारोलिया, कपिल उपाध्याय, हिमांशु गौड़, स्नेहा सैनी, अनमोल, हर्ष सक्सेना आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन अमन पांडे एवं धन्यवाद ज्ञापन साधना प्रजापति ने किया।

## आश्चर्य, झमाझम होती रही बारिश, भूतेश्वर अंडरपास नहीं डूबा

- वर्षों पुरानी जलभराव की समस्या से मिली मुक्ति
- नगर निगम ने निकाला हल, तीन दिन हुई बरसात में नहीं हुआ जलभराव

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।

भूतेश्वर अंडरपास पर वर्षों पुरानी जलभराव की समस्या से महानगर को मुक्ति मिल गई है। तीन दिन रूक रूक कर हुई बरसात के दौरान भूतेश्वर अंडरपास पर जलभराव नहीं हुआ। भूतेश्वर अण्डरपास पर वर्षा के कारण जलभराव की स्थिति उत्पन्न होने के कारण आवागमन रुक जाता था, नगर दो भागों में बंट जाता था, उक्त समस्या के समाधान हेतु जलकल विभाग, नगर निगम मथुरा-वृन्दावन द्वारा अवस्थापना विकास निधि के अंतर्गत जल निकासी हेतु भूतेश्वर अंडरपास से मसानी नाले तक 1800 मीटर 800 एमएम व्यास की डीआई पाईप लाईन बिछाए जाने का कार्य तथा



भूतेश्वर अंडरपास के नीचे सम्पवेल निर्माण का कार्य पूर्ण किया जा चुका है।

07 व 08 जुलाई 2026 की रात्रि एवं 08 जुलाई को 2-3 घंटे की वर्षा के दौरान भूतेश्वर अंडरपास में कोई भी जलभराव की स्थिति उत्पन्न नहीं हुई है तथा स्थापित कराये गये 80 एचपी एवं 50 एचपी की पंपिंग सेट के माध्यम से जल निकासी का कार्य कराया जा रहा है तथा उक्त रोड पर कोई भी ट्रैफिक जाम समस्या भी उत्पन्न नहीं हुई है।

नगर निगम मथुरा वृंदावन के महाप्रबंधक (जल) ने बरसात के दौरान भूतेश्वर अंडर पास के फोटो सोशल मीडिया पर जारी कर इस बात पर प्रशन्नता जाहिर की। मथुरा में भूतेश्वर अंडरपास पर जलभराव की समस्या का स्थायी समाधान करने के लिए नगर निगम मथुरा-वृंदावन द्वारा मसानी चौराहे तक लगभग 1800 मीटर लंबी अंडरग्राउंड पाइपलाइन बिछाने का महत्वाकांक्षी कार्य लगभग 6 करोड़ रुपये की लागत से किया गया है। मथुरा के भूतेश्वर रेलवे अंडरपास और आस-पास के क्षेत्रों (जैसे कंकाली मार्ग और नया बस स्टैंड) में बारिश के दौरान जलभराव की गंभीर समस्या हो जाती थी। अत्यधिक पानी भरने से यातायात कई घंटों तक ठप हो जाता था और शहर दो हिस्सों में बंट जाता था। इस पाइपलाइन को भूतेश्वर अंडरपास के समीप सड़क से एक मीटर नीचे और मसानी नाले तक पहुंचते पहुंचते 7 मीटर नीचे की गहराई पर सेट किया गया है, ताकि पानी का बहाव तेज गति से हो सके। भूतेश्वर अंडरपास के समीप एक पौंड (जल संग्रहण क्षेत्र) का निर्माण भी किया गया है, जहां जमा हुए पानी को पंपों के माध्यम से सीधे इस अंडरग्राउंड पाइपलाइन और फिर मसानी नाले में डाला जा सके।

## हाईवे अंडरपास पर भरा है पानी, बरसात में मुश्किल बढ़ी

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।

- राल कट छटीकरा में जलभराव पर की समस्या के स्थायी समाधान की उठी मांग

राल कट छटीकरा पर लंबे समय से बनी जलभराव की समस्या को लेकर बुधवार को भारतीय जनता पार्टी छटीकरा मंडल अध्यक्ष ठाकुर करतार सिंह ग्रामीणों की शिकायत पर मौके पर पहुंचे। उन्होंने नाला चोक होने के कारण सड़क पर बार-बार भर रहे पानी का मौके पर निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों से तत्काल स्थायी समाधान कराने की मांग उठाई।निरीक्षण के दौरान ठाकुर करतार सिंह ने कहा कि नाले की उचित सफाई और निकासी व्यवस्था नहीं होने से बारिश के दौरान सड़क पर पानी भर जाता है। इससे राहगीरों, स्थानीय लोगों और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। कई बार दोपहिया वाहन फिसलने और दुर्घटना की आशंका भी बनी रहती है।

ग्रामीणों ने भी उन्हें बताया कि यह समस्या लंबे समय से चली आ रही है, लेकिन अभी तक इसका स्थायी समाधान नहीं हो सका है। उन्होंने अधिकारियों से जल्द नाले की सफाई, जल निकासी की समुचित व्यवस्था तथा स्थायी समाधान सुनिश्चित कराने की मांग की। ठाकुर करतार सिंह ने कहा कि यदि आवश्यक हुआ तो वह इस गंभीर जनसमस्या को लेकर जिलाधिकारी के साथ साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भी लिखित शिकायत भेजेंगे, ताकि संबंधित विभागों को प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दिए जा सकें। उन्होंने यह भी बताया कि छटीकरा सर्विस रोड पर बार बार होने वाले जलभराव का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया जाएगा।

## शहर की हालत से आहत किसान संगठन, आंदोलन का ऐलान

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।

- जलभराव और टीलों पर मकानों के लगातार दरकने की समस्या को उठाया

गुरुवार को भारतीय किसान यूनियन सुनील की एक आवश्यक बैठक मथुरा महानगर के होली गेट चौराहे पर संपन्न हुई। बैठक में मथुरा महानगर में हो रहे जलभराव व चौबिया पाड़ा क्षेत्र में निरंतर फट रहे मकानों की समस्या पर रोष व्यक्त किया गया जल्द ही आंदोलन की रणनीति बनाई गई। बैठक को संबोधित करते हुए भारतीय किसान यूनियन सुनील के राष्ट्रीय प्रवक्ता पवन चतुर्वेदी, उत्तर प्रदेश के प्रमुख महासचिव उदय भान सिंह एडवोकेट महानगर अध्यक्ष भारत अग्रवाल नगर अध्यक्ष शिवा बघेल ने संयुक्त रूप से कहा मथुरा महानगर में जल भराव की समस्या सुरसा की तरह मुंह फाड़े हुए हैं। घंटे दो घंटे की बरसात से ही पूरा शहर जलमग्न हो जाता है। महानगर में कहीं भी पानी का निकास नहीं है। चौबिया पाड़ा क्षेत्र टीले पर बसा हुआ है करीब 20 हजार की आबादी यहां निवास करती है। इस क्षेत्र में नालियां अंग्रेजों के जमाने की बनी हुई है यहां पर रोड तो बन जाते हैं लेकिन नालियां नहीं गली महौली की पौर में गली धसक रही हैं। मकान अलग अलग हो गए हैं एक के ऊपर एक मकान झुक रहे हैं। नालियों का सारा पानी जमीन में जाकर मर जाता है स्थानीय पार्षद नगर निगम के अधिकारी विकास का दावा करते हैं जब की यहां पर विकास के नाम पर कुछ नहीं है विद्युत विभाग के केवल बॉक्स जगह-जगह खुले पड़े हुए हैं जिससे कभी भी गंभीर हादसा हो सकता है महानगर में जल भराव की समस्या ने जनता की कमर तोड़ दी है मथुरा महानगर के हृदय स्थल होली गेट चौराहे पर काफी दिन से सड़क खुद ही पड़ी हुई है बरसात के बाद होली गेट चौराहा ताल तलैया बन जाता है राहगीरों का निकलना बहुत मुश्किल बात है। किसान नेताओं ने कहा मथुरा महानगर की प्रमुख समस्याओं के समाधान की मांग के लिए जल्द ही मथुरा महानगर के हृदय स्थल होली गेट चौराहे पर बड़ा आंदोलन होगा।

## सेवारत शिक्षकों को टीईटी से मिले मुक्ति, आरटीई एक्ट में हो संशोधन

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।

- राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने उनके आवास पर जाकर सांसद को सौंपा ज्ञापन
- सांसद ने दिया आश्वासन, शिक्षकों की अवाज को शिक्षा मंत्री के सामने रखूंगा

अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के आवाहन पर राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ उत्तर प्रदेश की मथुरा जिला इकाई ने गुरुवार को राज्यसभा सदस्य तेजवीर सिंह को ज्ञापन सौंपकर टीईटी लागू होने से पूर्व नियुक्त सेवारत शिक्षकों को टीईटी की अनिवार्यता से मुक्त कराने तथा इसके लिए आरटीई एक्ट में आवश्यक संशोधन करने की माँग की। सांसद ने शिक्षकों को आश्वासन दिया कि मैं शिक्षकों की आवाज को शिक्षा मंत्री के सामने रखूंगा।

प्रादेशिक वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ. कमल कौशिक ने कहा कि शिक्षक नियुक्ति के लिए बाद में निर्धारित पात्रता मानदण्डों को भूतलक्षी प्रभाव से पूर्व नियुक्त शिक्षकों पर लागू करना न्याय, समानता एवं विधिक निश्चितता के सिद्धांतों के विपरीत है। इससे लाखों शिक्षकों एवं उनके परिवारों के भविष्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है, जबकि ये शिक्षक वर्षों से शिक्षा एवं राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। जिला अध्यक्ष अंजना शर्मा ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय के बाद देश एवं प्रदेश के उन लाखों शिक्षकों में चिंता व्याप्त है, जिनकी नियुक्ति टीईटी लागू होने से पूर्व तत्कालीन नियमों एवं निर्धारित योग्यताओं के आधार पर विधिवत हुई थी। प्रतिनिधिमंडल ने सांसद से अनुरोध किया कि 27 जुलाई 2011 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों के सेवा-अधिकारों, वरिष्ठता, पदोन्नति एवं अन्य वैधानिक लाभों की रक्षा के लिए संसद के आगामी मानसून सत्र में आवश्यक विधायी संशोधन अथवा विशेष प्रावधान लाने हेतु भारत सरकार के समक्ष प्रभावी पहल करें। जिला मीडिया प्रभारी गोवर्धन दास गुप्ता ने बताया कि यह अभियान देशभर में चलाया जा रहा है और विभिन्न जिलों में सांसदों को ज्ञापन सौंपे जा रहे हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सरकार लाखों शिक्षकों की सेवा सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए संवेदनशील एवं न्यायपूर्ण निर्णय लेगी। कार्यकारी अध्यक्ष हेमराज सिंह ने कहा शिक्षकों की इस लड़ाई को सड़क से लेकर संसद तक लड़ा जाएगा। ज्ञापन देने वालों में जिला अध्यक्ष राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ अंजना शर्मा,जिला मंत्री बच्चू सिंह, जिला संयुक्त मंत्री मनोज रावत , ब्लॉक अध्यक्ष गोवर्धन अशोक फौजदार , अविनाश शुक्ला, मनमोहन गौतम, दिगंबर सिंह, कृष्णकांत उपाध्याय संगठन पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## थाना कोतवाली पुलिस की तत्परता से गुजरात से आए व्यक्ति को वापस मिले गुम हुए 2 लाख रुपये

**मथुरा।** थाना कोतवाली पुलिस ने मानवता और कर्तव्यपरायणता की एक बेहतरीन मिसाल पेश करते हुए एक पीड़ित के खोए हुए 2 लाख रुपये मात्र 26 घंटे के भीतर बरामद कर उसे वापस लौटा दिए हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, गुजरात से मथुरा आए एक व्यक्ति के 2 लाख रुपये विगत 07 जुलाई 2026 को भैंस बहोरा के पास गिर गए थे। ये रुपये पीड़ित ने अपनी माताजी के लिए मकान बनाने के उद्देश्य से बैंक से निकाले थे। ये रुपये किसी अज्ञात व्यक्ति को मिल गए थे, जो उन्हें उठाकर ले गया।

पीड़ित की शिकायत के बाद, थाना कोतवाली पुलिस हरकत में आई और जांच शुरू की। पुलिस टीम ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज का बारीकी से अवलोकन किया। तकनीकी साक्ष्यों और फुटेज के आधार पर पुलिस ने रुपये ले जाने वाले व्यक्ति की पहचान की और उसका पता लगा लिया। पुलिस की तत्परता का नतीजा रहा कि 26 घंटे के भीतर ही गुम हुई पूरी धनराशि पुलिस टीम ने बरामद कर ली।

## बरारी ग्राम में रोपा लाडली वन, 100 गांवों में भी रोपे

टीएनएफ टुडे ब्यूरो, मथुरा।

- 1000 वर्ग मीटर के वन में एक हजार पौधों का किया रोपण
- उच्च प्राथमिक विद्यालय की 50 छात्राओं ने लिया तीन-तीन पौधों को गोद
- जिले के 100 गांवों में 12 जुलाई तक बनाए जाएंगे लाडली वन

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आवाह्न पर जनपद में एक पेड़ माँ के नाम, वृहद वृक्षारोपण अभियान 2026 में जिलाधिकारी चंद्रप्रकाश सिंह के मार्गदर्शन एवं मुख्य विकास अधिकारी डॉ. पूजा गुप्ता के नेतृत्व में जनपद के नवाचार में 101 ग्राम पंचायतों में मियावाकी पद्धति से लाडली वन-आओ लौटाए ब्रज की हरियाली की थीम पर वृक्षारोपण का अभियान का शुभारंभ गुरुवार को फरह ब्लाक की ग्राम पंचायत बरारी से विधायक पूरन प्रकाश ने किया। इस अवसर पर बरारी के लाडली वन में विधायक पूरन प्रकाश, जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह, सीडीओ डॉ. पूजा गुप्ता, डीपीआरओ धनंजय जायसवाल ने विधि-विधान से पूजन कर वन का शुभारंभ किया। सभी अतिथियों ने कहा कि इस मुहिम में सभी ग्राम पंचायतों को सहयोग देना चाहिए।

बलदेव क्षेत्र के विधायक पूरन प्रकाश ने कहा कि पेड़ लगाना पर्यावरण प्रदूषण रोकने के लिए बहुत जरूरी है। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को इस अभियान में अपना योगदान देना चाहिए। डीपीआरओ धनंजय जायसवाल ने बताया कि 1000 वर्ग मीटर स्थान में एक हजार पौधों का रोपण विधायक, जिलाधिकारी, पंचायतराज विभाग के अधिकारी कर्मचारी, गांवप्रधान, ग्रामीणों रोपण का किया गया। लाड़ली वन में उच्च प्राथमिक विद्यालय की 50 बालिकाओं द्वारा पौधारोपण कर तीन-तीन पौधों को गोद लेकर वृक्ष बनाने का संकल्प लिया गया।

जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह द्वारा पौधारोपण के साथ बालिकाओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान करते हुए सभी अवशेष 100 लाडली वन 12 जुलाई तक पूर्ण करने के लिए समस्त खंड विकास अधिकारियों, सहायक विकास अधिकारियों एवं ग्राम पंचायत सचिवों को निर्देशित किया गया। जिलाधिकारी द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ वृक्ष लगाओ के नारे से ब्रज की हरियाली लौटाने का आवाह्न किया गया। सीडीओ डॉ. पूजा गुप्ता द्वारा समस्त कंसल्टिंग इंजीनियर एवं सचिवों को बरारी में अपनायी गई तकनीकी का अध्ययन कर चिन्हित 100 ग्राम पंचायतों में लाड़ली वन की स्थापना के निर्देश दिए गए।

## अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने बनाया 78वाँ स्थापना दिवस

**मथुरा।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के 78वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में गुरुवार को कान्हा माखन पब्लिक स्कूल में विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रांत उपाध्यक्ष एवं राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य डॉ राजेश लवानिया ने छात्रों के समक्ष अभाविप की भूमिका रखी। उन्होंने भारत के गौरवपूर्ण इतिहास पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारत में नालंदा तक्षशिला जैसे विश्वविद्यालय थे जो कि पूरे विश्व के ज्ञान का केंद्र थे। उन्होंने भारत को पुनः परम वैभव पर ले जाने हेतु सन् 1949 में प्रारम्भ हुए इस महायज्ञ से विद्यार्थियों को जुड़ने और भारत को पुनः विश्व गुरु बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान देने हेतु प्रेरित किया । विभाग प्रमुख डॉ एस के राय ने नशा मुक्त परिसर के विषय पर छात्रों का मार्गदर्शन किया। उन्होंने कहा जीवन में ध्येय ना होने के कारण युवा हानिकारक पदार्थों के नशे में लिप्त होता जा रहा है। युवाओं को आवश्यकता है कि बड़े स्वप्न देखें, उनकी प्राप्ति के लिए कठोर परिश्रम करें और भारत को परम वैभव तक ले जाने का नशा रखें।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह और वृहद वृक्षारोपण की तैयारियां तेज, जिलाधिकारी ने लिया जायजा

टीएनएफ टुडे, मैनपुरी।



जिलाधिकारी डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी ने आगामी 11 जुलाई को श्रीदेवी मेला एवं ग्राम सुधार प्रदर्शनी में आयोजित होने वाले मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम और 12 जुलाई को होने वाले वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम स्थल का सघन निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने दोनों कार्यक्रमों की तैयारियों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए कि शासन की इन महत्वपूर्ण योजनाओं में किसी भी स्तर पर लापरवाही या शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी विभाग आपसी समन्वय बनाकर इन आयोजनों को गरिमामय और सफल बनाएं।

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि वर-वधू पक्ष को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। कार्यक्रम स्थल पर कम से कम 50 वेदियां बनाई जाएं, जहां प्रत्येक वेदी पर 4-4 जोड़ों का विवाह वैदिक रीति-रिवाज से संपन्न कराने के लिए एक-एक ब्राह्मण की व्यवस्था हो। वहीं, मुस्लिम समुदाय के जोड़ों के निकाह के लिए न्यूनतम दो मौलवी तैनात किए जाएं। बारिश की संभावना को देखते हुए पूरे परिसर में वॉटरप्रूफ टेंट और जल निकासी के बेहतर प्रबंध करने के निर्देश दिए गए हैं। मुख्य अतिथियों, नवविवाहित जोड़ों और उनके परिजनों के लिए अलग-अलग पंडालों में भोजन की व्यवस्था की जाएगी, जिसकी गुणवत्ता की जांच खाद्य सुरक्षा अधिकारी सुनिश्चित करेंगे। इसके साथ ही सफाई व्यवस्था, मोबाइल टॉयलेट, पेयजल टैंकर, डस्टबिन, सुरक्षा बल, पार्किंग और मेडिकल टीम की तैनाती के लिए भी संबंधित अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

इसके बाद जिलाधिकारी ने वृहद वृक्षारोपण अभियान के तहत लगभग 11 हेक्टेयर भूमि पर प्रस्तावित 21 हजार पौधों के रोपण स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि "एक पेड़ मां के नाम" अभियान के तहत गड्ढों की खुदाई, पौधों की उपलब्धता, सिंचाई और अन्य व्यवस्थाएं 11 जुलाई तक हर हाल में पूरी कर ली जाएं। इस अभियान में विद्यालयों के करीब 5 हजार छात्र-छात्राएं, नव-नियुक्त आरक्षी, जन-कल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थी, जनप्रतिनिधि और अधिकारी शामिल होंगे। भारी संख्या में लोगों की मौजूदगी को देखते हुए बैठने की समुचित व्यवस्था, पेयजल, प्राथमिक चिकित्सा और पार्किंग के कड़े प्रबंध करने के निर्देश दिए गए हैं। जिलाधिकारी ने बताया कि इस निर्धारित क्षेत्र में फलदार और छायादार पौधे लगाकर इसे जनपद का एक आदर्श वृक्षारोपण केंद्र विकसित किया जाएगा, जो पर्यावरण संरक्षण और जन-जागरूकता का बड़ा केंद्र बनेगा।

इस निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी नेहा बंधु, प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी शिवम मिश्रा, जिला विकास अधिकारी अजय कुमार सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी और अभियंता उपस्थित रहे।

## पीएम श्री राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में तंबाकू निषेध और वृक्षारोपण कार्यक्रम का



टीएनएफ टुडे, मैनपुरी।

पीएम श्री राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में गुरुवार को प्रधानाचार्य सुमन यादव के नेतृत्व में एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रार्थना सभा के दौरान आयोजित इस कार्यक्रम में प्रधानाचार्य ने छात्राओं को तंबाकू और धूम्रपान से होने वाले गंभीर व जानलेवा दुष्परिणामों के बारे में विस्तार से समझाया। उन्होंने युवाओं में बढ़ती व्यसन की प्रवृत्ति पर चिंता जताते हुए कहा कि नेशनल हेल्थ मिशन के अंतर्गत विद्यालयों में प्रत्येक गुरुवार को इस अभियान के माध्यम से छात्र-छात्राओं को सचेत किया जा रहा है। इस दौरान छात्राओं ने तंबाकू के दुष्प्रभावों को दर्शाते हुए आकर्षक चार्ट बनाए और भविष्य में किसी भी प्रकार के मादक पदार्थों का सेवन न करने का संकल्प लिया।

इसी कड़ी में पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए एक पेड़ मां के नाम (फेस 3) अभियान के तहत विशेष वृक्षारोपण कार्यक्रम चलाया गया। छात्राओं ने न केवल विद्यालय परिसर में पौधे रोपे, बल्कि पर्यावरण सुरक्षा से संबंधित सुंदर पोस्टर भी बनाए। प्रधानाचार्य सुमन यादव और इको क्लब प्रभारी पूनम दुबे ने छात्राओं द्वारा बनाई गई पोस्टर प्रदर्शनी और पौधों का बारीकी से अवलोकन कर उनकी सराहना की। इस अवसर पर समस्त शिक्षिकाएं–डॉक्टर सरोज यादव, आशा शर्मा, ज्योति सक्सेना, सुनीता देवी, शैली पांडे, खुशबू पांडे, ज्योति समीक्षा, अंजलि सक्सेना, किरण पाल, अंजना सक्सेना, कुशमा देवी, गीता श्रीवास्तव, सुमन और विद्यालय की छात्राएं मुख्य रूप से मौजूद रहीं।

## झोलाछाप के गलत इंजेक्शन से 8 वर्षीय मासूम की मौत, आरोपी हिरासत में

टीएनएफ टुडे, मैनपुरी।



जनपद के लखौरा क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही के चलते एक बेहद दुखद घटना सामने आई है। यहाँ कथित रूप से एक झोलाछाप चिकित्सक द्वारा गलत इंजेक्शन लगाए जाने के बाद 8 वर्षीय मासूम छात्र प्रतीक पुत्र गोविंद निवासी ग्राम जखौआ की मौत हो गई। उसकी असमय मौत से पूरे परिवार में कोहराम मच गया है। घटना के बाद ग्रामीणों का गुस्सा भड़क उठा और उन्होंने क्लीनिक पर जमकर हंगामा किया।

ग्रामीणों और परिजनों का आरोप है कि लखौरा बंबा स्थित क्लीनिक का संचालक हरिराम बिना किसी वैध पंजीकरण के लंबे समय से अवैध रूप से इलाज कर रहा था। स्थानीय लोगों ने यह भी दावा किया कि क्लीनिक से शराब के क्वार्टर मिले हैं और चिकित्सक अक्सर नशे में मरीजों का उपचार करता था। हालांकि इन आरोपों की अभी प्रशासनिक स्तर पर आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। ग्रामीणों का कहना है कि स्वास्थ्य विभाग की नियमित जांच के अभाव और लापरवाही के कारण ही जिले में ऐसे अवैध क्लीनिक खुलेआम फल-फूल रहे हैं, जिससे आज एक मासूम को अपनी जान गंवानी पड़ी।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और स्वास्थ्य विभाग की टीम तत्काल मौके पर पहुंची। पुलिस ने आरोपी झोलाछाप चिकित्सक हरिराम को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है, जबकि मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। परिजनों ने आरोपी के खिलाफ गैर-इरादतन हत्या सहित कठोर धाराओं में मुकदमा दर्ज करने की मांग की है। वहीं, स्थानीय लोगों ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी से जिले के सभी अवैध क्लीनिकों की जांच कर सख्त कार्रवाई की अपील की है।

## प्रसव के बाद महिला की इलाज के दौरान मौत, अस्पताल स्टाफ पर गलत प्रकार से रक्त चढ़ाने का आरोप



**घिरोर/ मैनपुरी।** घिरोर स्थित करहल रोड पर संचालित श्री श्याम अस्पताल में प्रसव के उपरांत एक 21 वर्षीया नवविवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में जान चली गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार शाहजहाँपुर घिरोर निवासी सृष्टि (21) को मंगलवार दोपहर प्रसव पीड़ा होने पर भर्ती कराया गया था, जहाँ उसने सामान्य प्रक्रिया से एक स्वस्थ शिशु को जन्म दिया। स्वजनों का दावा है कि डिलीवरी के बाद चिकित्सकों ने शरीर में हीमोग्लोबिन की कमी बताकर तत्काल ब्लड चढ़ाने की सलाह दी, किंतु गलत तरीके से रक्त संचार किए जाने के कारण महिला का स्वास्थ्य अचानक गंभीर रूप से बिगड़ने लगा।

मृतका के भाई विवेक ने गंभीर आरोप लगाया है कि मरीज की हालत नाजुक होते ही अस्पताल प्रशासन में हड़कंप मच गया और वे तीमारदारों को आगरा ले जाने की बात कहते हुए मौके से चंपत हो गए, जिसके चलते महिला ने दम तोड़ दिया। सूचना पर पहुँची पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम कराया तथा बुधवार दोपहर अंतिम संस्कार हेतु पार्थिव शरीर परिजनों के सुपुर्द कर दिया। मृतका के भाई विवेक ने निजी अस्पताल के डॉक्टरों व कर्मचारियों के खिलाफ लापरवाही और गैर-इरादतन हत्या का मामला दर्ज कर सख्त कानूनी कार्रवाई करने की गुहार लगाई है।

## एसएसपी ने बेहतर कानून व्यवस्था के लिए चलाई तबादला एक्सप्रेस , 13 पुलिस इंस्पेक्टर एवं 11 पुलिस सब इंस्पेक्टर किए गए इधर से उधर

टीएनएफ टुडे, एटा।



वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. इलमारन जी द्वारा चार्ज ग्रहण करने के पश्चात पहली बार बेहतर कानून व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए जिले के कई प्रभारी निरीक्षकों एवं थानाध्यक्षों तथा पुलिस चौकी के इंचार्ज उपनिरीक्षकों में बड़े स्तर पर तबादला एक्सप्रेस चलाते हुए फेर बदल किया गया है ! आज गुरुवार को पुलिस कार्यालय द्वारा जारी की गई गस्ती के अनुसार कोतवाली देहात के प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र पवार को जहां कोतवाली नगर में शहर कोतवाल बनाकर भेजा गया है,तो वही थाना मारहरा में अब तक थानाध्यक्ष का पदभार संभाल रहे उपनिरीक्षक के.के. लोधी को कोतवाली देहात के थानाध्यक्ष की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई है ! थाना साइबर क्राइम में अब तक तैनात रहे बेगराम सिंह कश्यप को प्रभारी निरीक्षक डीसीआरबी की जिम्मेदारी दी गई है तो वही पुलिस इंस्पेक्टर राजेश चौहान को 112 का प्रभारी बनाया गया है ! कोतवाली नगर में अब तक शहर कोतवाल रहे प्रेमपाल सिंह को कोतवाली अवागढ़ का प्रभारी निरीक्षक बनाकर भेजा गया है तो वही कोतवाली अवागढ़ में अब तक प्रभारी निरीक्षक रहे अखिलेश दीक्षित को जलेसर कोतवाली में प्रभारी निरीक्षक का दायित्व दिया गया है ! जलेसर में अब तक प्रभारी निरीक्षक रहे पुलिस इंस्पेक्टर संजय पाल सिंह राघव को पुलिस लाइन भेजा गया है तो वही रूपेश कुमार वर्मा पुलिस इंस्पेक्टर को पुलिस लाइन से अलीगंज कोतवाली का प्रभारी निरीक्षक बनाते हुए अलीगंज में अब तक थानाध्यक्ष रहे राजकुमार सिंह को पुलिस लाइन स्थानांतरित किया गया है ! पुलिस लाइन से सुनील वर्मा उपनिरीक्षक को जैथरा का थानाध्यक्ष बनाया गया है तो वहीं अब तक थानाध्यक्ष रहे रितेश ठाकुर को पुलिस लाइन भेजा गया है , महिला थाने की प्रभारी निरीक्षक श्रीमती नंदनी सिंह को हटाकर कोतवाली नगर में इंस्पेक्टर क्राइम बनाया गया है तो वहीं थाना मिरहची की थानाध्यक्ष उपनिरीक्षक श्रीमती नीतू वर्मा को यहां से हटकर महिला थाने का थानाध्यक्ष बनाया गया है ! कोतवाली मलावन के प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार सिंह को स्थानांतरित कर थाना नयागांव का प्रभारी निरीक्षक बनाया गया है तो वहीं डीसीआरबी से पुलिस इंस्पेक्टर छत्रपाल सिंह को प्रभारी निरीक्षक मलावन की जिम्मेदारी दी गई है।

पुलिस इंस्पेक्टर अनिल कुमार सिंह को थाना नयागांव से हटाकर थाना राजा के रामपुर का प्रभारी निरीक्षक बनाया गया है , उप निरीक्षक योगेंद्र सिंह को पुलिस लाइन से थाना मारहरा का थानाध्यक्ष बनाया गया है तो वही थानाध्यक्ष जसरथपुर उपनिरीक्षक विजय सिंह को पुलिस लाइन के लिए स्थानांतरित किया गया है, पुलिस इंस्पेक्टर सुबोध उपाध्याय प्रभारी 112 को स्थानांतरित करते हुए थानाध्यक्ष जसरथपुर की कमान दी गई है, तो वहीं अब तक थानाध्यक्ष सकीट रहे उपनिरीक्षक विदेश राठी को थानाध्यक्ष मिरहची की जिम्मेदारी दी गई है।

## मैनपुरी लेंटर डालते समय करंट लगने से मजदूर की मौत दो साथी घायल



**बेबर/मैनपुरी।** बेवर थाना क्षेत्र के गग्गरपुर गांव में एक दर्दनाक हादसा सामने आया है, जहाँ मकान निर्माण के दौरान करंट की चपेट में आने से एक श्रमिक की जान चली गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, गांव के अजीत पाल के घर पर लेंटर डालने की तैयारियां चल रही थीं, तभी ग्राइंडर मशीन से लोहे की अतिरिक्त सरिया काटते समय अचानक मशीन की केबल कट गई। तार कटने से पूरे लोहे के जाल में तेज करंट फैल गया, जिसकी चपेट में आकर 35 वर्षीय मजदूर दरवेश गंभीर रूप से झुलस गया। वहीं उसके साथ काम कर रहे दो अन्य साथी, ईशू और रंजीत, बिजली के झटके से दूर जा गिरे। अस्पताल ले जाने पर डॉक्टरों ने दरवेश को मृत घोषित कर दिया, जबकि दोनों घायल साथियों का उपचार जारी है और वे खतरे से बाहर हैं।

पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर बुधवार को उसे परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। जैसे ही मृतक का पार्थिव शरीर गांव पहुंचा, वहां कोहराम मच गया। दरवेश अपने पीछे पत्नी शिवानी और तीन अबोध बेटों शाहिद (8 वर्ष), लकी (6 वर्ष) व पीयूष (4 वर्ष) को छोड़ गया है, जिनकी परवरिश की पूरी जिम्मेदारी अब उसकी पत्नी के कंधों पर आ गई है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी कर ली है और मामले में आगे की विधिक जांच की जा रही है। इस अप्रत्याशित हादसे से मृतक के परिवार के सामने जीविकोपार्जन और बच्चों के भविष्य का बड़ा संकट खड़ा हो गया है।

## एटा/जलेसरः तेज बारिश के कारण पुन्हेरा माइनर के अकराबाद बंबा की पटरी कटी, बड़ी दुर्घटना की संभावना

**जलेसर/एटा।** जनपद एटा की जलेसर तहसील क्षेत्र अंतर्गत पुन्हेरा माइनर के अकराबाद बंबा की पटरी तेज बारिश के कारण पूरी तरह से छतिग्रस्त हो चुकी है। पिछले चौबीस घंटों से लगातार हो रही तेज बारिश के कारण भारी तादात में खेतों में भरा हुआ पानी ओवर फ्लो होकर पटरी के ऊपर होकर बह रहा है जिसके कारण आधी से ज्यादा पटरी कट चुकी है।नहर की पटरी डैमेज होने पर आज सिंचाई विभाग के ए ई एटा वैभव शर्मा को फोन पर वार्ता करके समस्या से अवगत कराया गया है। ए ई वैभव शर्मा ने सिंचाई विभाग जलेसर के जूनियर इंजीनियर अशोक शर्मा को तत्काल मौके पर पहुंचकर समस्या निस्तारण हेतु निर्देशित किया है।

पिछले चौबीस घंटों से हो रही तेज बारिश के कारण आम जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। लगातार भारी बारिश के कारण क्षेत्रीय लोग जरूरी कामों के लिए भी घरों से बाहर नहीं निकल पा रहे हैं।

## ई-रजिस्ट्री के विरोध में फिर गरमाया वकीलों का क्रोध

**'निबंधन मित्र' योजना के खिलाफ आर-पार की लड़ाई में एकजुट हुआ जनपद का अधिवक्ता समाज**

टीएनएफ टुडे, सिरसागंज।



व जिले की सभी तहसील। शासन द्वारा थोपी जा रही 'ई-रजिस्ट्री' व 'निबंधन मित्र' योजना के विरोध में सांकेतिक हड़ताल बृहस्पतिवार के दिन रेवेन्यू बार एसोसिएशन सिरसागंज और रेवेन्यू बार एसोसिएशन शिकोहाबाद के बैनर तले समस्त अधिवक्ताओं और दस्तावेज लेखकों ने एक दिवसीय जोरदार सांकेतिक हड़ताल रखी। इस हड़ताल के चलते उप-निबंधक कार्यालयों (सब रजिस्टार ऑफिस) एवं न्यायालयों में बैनामा लेखन व विधिक कार्य पूरी तरह ठप रहा, जिससे तहसील परिसरों में सन्नाटा पसरा नजर आया। रेवेन्यू बार एसोसिएशन सिरसागंज अध्यक्ष श्यामेंद्र सिंह एड की अध्यक्षता में सांकेतिक हड़ताल की।महासचिव चन्द्रकान्त सिंह यादव, उपाध्यक्ष योगेन्द्र कुमार, कोषाध्यक्ष अवनीश कुमार यादव, सहसचिव राकेश बघेल , जसवंत सिंह एडवोकेट, प्रवीन चतुर्वेदी एडवोकेट ,बृजेश एडवोकेट, जोगिंदर सिंह एडवोकेट, डॉ अवनीश कुमार एडवोकेट गिरीश चंद्र एडवोकेट नवनीत एडवोकेट अनिश कुमार एड, हरिओम यादव एड,दिलीप कुमार एड ,संदीप कुमार एड नागेन्द्र कुमार एड ,सुनील कुमार एड , धर्मेंद्र कुमार एड ,मीडिया प्रभारी गणेश शंकर वर्मा एडवोकेट सिरसागंज सहित भारी संख्या में अधिवक्ता और दस्तावेज लेखक उपस्थित रहे।

## आरव हत्याकांड मामलाः हत्यारोपी जितेंद्र दोषी करार, आज आएगा फैसला

टीएनएफ टुडे, शिकोहाबाद ।

नगर की यादव कॉलोनी में 30 मई को दिनदहाड़े डेढ़ वर्ष के मासूम आरव की बेरहमी से सड़क पर कई बार पटक पटककर हत्या करने के आरोपी विराज उर्फ जितेंद्र पाठक निवासी शेखूपुर, सिविल लाइंस, बदायूं को जिला जज डा. बब्बू सारंग की अदालत ने आज वीरवार को दोषी करार दिया है। वहीं सजा को सुरक्षित रखते हुए इसका एलान आज शुक्रवार को किया जाएगा। जबकि अभी तक जिले ही नहीं बल्कि प्रदेश में वायरल हो चुके इस वीभत्स मामले की हर किसी को आज गुरुवार को आने वाले फैसले पर निगाहें टिकी हुईं थी। लेकिन आने वाले फैसले का अब एक दिन और लोगों को इंतजार करना पड़ेगा। कोर्ट से पुलिस की भारी सुरक्षा के बीच हत्यारोपी जितेन्द्र पाठक उर्फ विराज को पुलिस दोपहर करीब दो बजे जेल से कोर्ट लेकर पहुंची। यहां अभियोजन और बचाव पक्ष के सामने अदालत ने आरोपी को मासूम बच्चे की हत्या का दोषी करार दिया ।जिला जज बब्बू सारंग की अदालत ने कहा कि अभियोजन की ओर से पेश किए गए साक्ष्य पूर्ण हैं। घटना बेहद जघन्य थी। विराज को दोषी करार दिए जाने के बाद पुलिस उसे वापस जेल ले गई । इस दौरान उसके चेहरे पर सजा का खौफ साफ साफ नजर आ रहा था। वहीं न्यायालय में मृतक आरव की नानी पिंकी शर्मा भी पहुंची थी। जबकि आरव की मां रति शर्मा अपने मायके में ही थी, उसके चेहरे पर गम साफ झलक रहा था।

## तीन दिवसीय 108वां उर्स-ए-वारसी कुल शरीफ के साथ संपन्न, गंगा-जमुनी तहजीब की मिसाल बना मेला

मौ0 रियाज अब्बास

**एटा।** जनपद एटा स्थित हजरत हाजी हसन शाह वारसी की दरगाह पर आयोजित तीन दिवसीय 108वां उर्स-ए-वारसी सूफियाना कव्वालियों, कुल शरीफ और अकीदतमंदों की भारी मौजूदगी के साथ सकुशल संपन्न हो गया। लगातार हो रही बारिश के बावजूद बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने दरगाह पहुंचकर चादरपोशी की, दुआएं मांगी और महफिल-ए-शमा में शामिल होकर सूफियाना कलाम का आनंद लिया।दरगाह कमेटी के सदर हाजी मुजम्मिल अली वारसी ने बताया कि इस वर्ष उर्स में एटा सहित विभिन्न जनपदों और प्रदेशों से बड़ी संख्या में जायरीन पहुंचे। तीनों दिनों तक वारसी लंगर का आयोजन निरंतर चलता रहा, जिसमें हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। बाहर से आए सभी मेहमानों के ठहरने, भोजन और अन्य व्यवस्थाओं का विशेष ध्यान रखा गया।उन्होंने कहा कि इस बार का उर्स आपसी प्रेम, सौहार्द और गंगा-जमुनी तहजीब का अनूठा उदाहरण बना, जहां हिंदू-मुस्लिम समाज के लोगों ने मिलकर उर्स को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सभी समुदायों की सहभागिता ने भाईचारे और सामाजिक एकता का संदेश दिया।



दरगाह कमेटी ने उर्स को सफल बनाने में सहयोग देने वाले शहरवासियों, बाहर से आए मेहमानों, प्रशासन तथा सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।इस अवसर पर देवा शरीफ से आए एहरामपोश, दरगाह हसन शाह वारसी मस्जिद के शाही इमाम मौलाना कारी इस्हाक साहब, दरगाह कमेटी के नायब सदर फरजान्द अली वारसी, सेक्रेटरी इरफान खान वारसी, खेलांची अख्तर मसूद वारसी, वारसी लंगर के सदर तालिब बरकाती, शानू वारसी, महफिल इंचार्ज बाहर मियां वारसी, मोहम्मद रियाज अब्बास, इमरान आलम, मुजीब अब्बास सहित दरगाह कमेटी के सभी पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद रहे।

## 32 वीं राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस के प्रोजेक्ट प्रदर्शन के लिए कराएं रजिस्ट्रेशनः अश्वनी जैन

**फिरोजाबाद।** भारत सरकार के उपक्रम राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संचार परिषद, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के अंतर्गत जिला विद्यालय निरीक्षक फिरोजाबाद श्रीमती मुदिता पाण्डेय के निर्देशन एवं जिला समन्वयक अश्वनी कुमार जैन के संयोजन में 32 वीं राज्य स्तरीय बाल विज्ञान कांग्रेस- 2026 के विद्यालय स्तरीय एवं जनपद स्तरीय प्रोजेक्ट प्रदर्शन के कार्यक्रम सम्पन्न किए जाएंगे।

अश्वनी कुमार जैन ने बताया कि इस प्रोजेक्ट प्रदर्शन का मुख्य विषय साइंस एंड इनोवेशन फॉर सस्टैंबिलिटी है। इस प्रोजेक्ट प्रदर्शन में कोई मॉडल नहीं बनना है। इस प्रोजेक्ट प्रदर्शन में 10 वर्ष से 17 वर्ष तक के बच्चे प्रतिभाग करते हैं।

# जेवर हादसे में 3 मजदूरों की मौत, जल्द गिरफ्तार होगा वाहन चालकः एडीसीपी संतोष कुमार

एजेंसी, ग्रेटर नोएडा।



ग्रेटर नोएडा के जेवर में एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। इस हादसे में तेज रफ्तार स्कॉर्पियो की चपेट में आने से सड़क किनारे पैदल जा रहे तीन युवकों की मौत हो गई। हादसा बुधवार देर रात जेवर-खुर्जा मार्ग पर नीमका गांव के सामने हुआ। ग्रेटर नोएडा के एडिशनल डीसीपी संतोष कुमार ने बताया कि पुलिस आरोपी की तलाश में जुट गई है। एडिशनल डीसीपी संतोष कुमार ने आईएएनएस से बातचीत में बताया कि थाना जेवर क्षेत्र में नीमका गांव के पास बुधवार रात को यह दुर्घटना हुई, जिसमें तीन लोगों की मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। मृतकों के शवों का पंचनामा और पोस्टमार्टम कराया गया है। प्रकरण में अभियोग दर्ज कर लिया गया है।

उन्होंने आगे कहा कि दुर्घटना वाली स्कॉर्पियो कार को पहचान लिया गया है और उसे कब्जे में ले लिया गया है। ड्राइवर की तलाश के लिए टीमें गठित कर दी गई हैं। शीघ्र ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा। अन्य कानूनी कार्रवाई जारी है। हादसे में जान गंवाने वाले लोग मजदूरी करने के लिए यहां आए थे। सभी धान की रोपाई का काम कर रहे थे और काम खत्म होने के बाद पैदल वापस जा रहे थे, तभी रात के अंधेरे में यह हादसा हुआ। मृतकों की पहचान करन (22 वर्ष) पुत्र मिथलेश, विश्वजीत (24 वर्ष) पुत्र सतीश और मिथुन (25 वर्ष) के रूप में हुई है। तीनों बिहार के अररिया जिले के निवासी थे और धान की रोपाई का कार्य करने के लिए जेवर क्षेत्र में आए हुए थे। मृतकों के परिजनों द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में एफआईआर दर्ज कर ली गई है। आरोपी चालक की गिरफ्तारी के लिए विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया है। मामले की जांच के दौरान पुलिस घटनास्थल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाल रही है, ताकि दुर्घटना के समय की पूरी स्थिति स्पष्ट हो सके और आरोपी को जल्द गिरफ्तार किया जा सके।

# बंगाल में ईडी की बड़ी कार्रवाई, क्रिप्टो और चिटफंड निवेश मामलों में कई ठिकानों पर छापेमारी

एजेंसी, कोलकाता।

पश्चिम बंगाल में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गुरुवार सुबह क्रिप्टो निवेश, कथित चिटफंड गतिविधियों और फर्जी शेयर बाजार योजनाओं से जुड़े मामलों में व्यापक तलाशी अभियान चलाया। दुर्गापुर, हावड़ा और नदिया जिले सहित कई स्थानों पर एक साथ की गई इस कार्रवाई के दौरान केंद्रीय सुरक्षा बलों को भी तैनात किया गया। जांच एजेंसी के अनुसार, प्रारंभिक जांच में निवेशकों से जुटाई गई बड़ी धनराशि के संदिग्ध लेनदेन के संकेत मिले हैं। एजेंसी यह भी पता लगा रही है कि क्या इस धन का इस्तेमाल विदेशों में लेनदेन या संपत्ति खरीद के लिए किया गया।

क्रिप्टो निवेश के नाम पर धन जुटाने का आरोप दुर्गापुर के अंडाल क्षेत्र में ईसीएल के पूर्व कर्मचारी दिलीप मल्लिक के आवास पर ईडी ने तलाशी ली। जांच के दायरे में उनके पुत्र दिगंत मल्लिक भी हैं, जिन पर क्रिप्टोकरेंसी में ऊंचे मुनाफे का लालच देकर निवेशकों से करोड़ों रुपये जुटाने का आरोप



है। सूत्रों के मुताबिक, इस धन के कुछ हिस्से के विदेश भेजे जाने की आशंका है और एजेंसी कथित अंतरराष्ट्रीय संपर्कों की भी जांच कर रही है।

चिटफंड और शेयर कारोबार की पड़ताल हावड़ा में सौरभ चट्टोपाध्याय के आवास पर भी ईडी की टीम पहुंची। उन पर विभिन्न चिटफंड कंपनियों से जुड़े होने और शेयर बाजार के नाम पर निवेश जुटाने के आरोप हैं। एजेंसी उनके बैंक खातों और वित्तीय दस्तावेजों की गहन जांच कर रही है। इसी क्रम में नदिया जिले के कालीनारायणपुर में कारोबारी सुभ्रकांति नाग उर्फ बाबाई नाग के ठिकानों की भी तलाशी ली गई। उन पर ह्वस्टॉक गुरुकुलह्न नामक संस्था के माध्यम से प्रशिक्षण और निवेश योजनाओं के नाम पर लोगों से धन एकत्र करने का आरोप है। छापेमारी के दौरान जांच अधिकारियों ने कई दस्तावेज और डिजिटल रिकॉर्ड अपने कब्जे में लिए।

ईडी का कहना है कि जब्त किए गए दस्तावेजों और इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों की जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। एजेंसी इस बात का पता लगाने का प्रयास कर रही है कि कथित निवेश योजनाओं से जुटाई गई राशि का वास्तविक उपयोग किस प्रकार किया गया।

## डायबिटीज पेशेंट को हफ्ते में एकबार लेना होगा इंसुलिन इंजेक्शनः

# भारत में पहली बार बेसल इंसुलिन लॉन्च, 40% तक सस्ती होगी डोज

एजेंसी, नई दिल्ली।

डायबिटीज मरीजों के लिए राहत की खबर है। डेनमार्क की दवा कंपनी नोवो नॉर्डिस्क ने बुधवार को भारत में Awiqli (इंसुलिन आइकोडेक) लॉन्च की।

कंपनी का दावा है कि यह हफ्ते में एक बार दिए जाने वाला बेसल इंसुलिन है, जो टाइप-1 और टाइप-2 डायबिटीज के वयस्क मरीजों के लिए है। इसके आने से साल में हर दिन लगने वाले इंसुलिन इंजेक्शन घटकर 52 रह जाएंगे।

कंपनी के मुताबिक, Awiqli का उद्देश्य भारत में इंसुलिन शुरू करने में होने वाली देरी को कम करना है। नोवो नॉर्डिस्क का कहना है कि रोज इंजेक्शन लगाने का डर मरीजों के बीच इंसुलिन थेरेपी शुरू करने में सबसे बड़ी बाधा है, जिसके कारण औसतन सात से नौ साल की देरी हो जाती है।

700 यूनिट का पैक 2611रू. में

कंपनी ने 700 यूनिट का पैक 2611 रू. में लॉन्च किया है। यानी इसकी कीमत 3.73 रू. प्रति यूनिट पड़ेगी, जो मौजूदा दैनिक बेसल इंसुलिन की तुलना में 30 से 40



प्रतिशत तक सस्ती बताई गई है।

यदि किसी मरीज को रोज 10 यूनिट इंसुलिन की जरूरत होती है, तो उसे सप्ताह में 70 यूनिट इंसुलिन लगेगी, जिसकी लागत करीब 261 रू. प्रति सप्ताह होगी।

भारत में 10 करोड़ लोग डायबिटीज से पीड़ित

भारत में 10.1 करोड़ से ज्यादा लोग डायबिटीज से पीड़ित हैं। 13.6 करोड़ लोग प्री-डायबिटीज की स्थिति में हैं। देश में 9 लाख से अधिक लोग टाइप-1 डायबिटीज से प्रभावित हैं, जिनके इलाज का मुख्य आधार इंसुलिन है। वहीं टाइप-2 डायबिटीज के लगभग 10 प्रतिशत मरीजों को भी इंसुलिन थेरेपी की जरूरत पड़ती है।

पेन डिवाइस से लगाया जाएगा

नोवो नॉर्डिस्क इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर विक्रांत श्रोत्रिया ने बताया कि Awiqli को FlexTouch पेन डिवाइस के जरिए सप्ताह में एक बार लगाया जाएगा।

इससे इलाज का बोझ कम होगा, मरीजों की दवा लेने की नियमितता बढ़ेगी और इंसुलिन थेरेपी शुरू करने में होने वाली हिचक भी कम होगी।

'ONWARDS-1 क्लिनिकल प्रोग्राम के आंकड़ों के अनुसार, Awiqli ने रोजाना दी जाने वाली इंसुलिन ग्लार्जिन व100 की तुलना में HbA1c कम करने और ब्लड शुगर को तय सीमा में रखने के बेहतर परिणाम दिए।

कंपनी का दावा है कि टाइप-2 डायबिटीज के अधिक मरीज बिना हाइपोग्लाइसीमिया के HbA1c को 7 प्रतिशत से नीचे लाने में सफल रहे। अविकली की 70 यूनिट इंसुलिन की साप्ताहिक खुराक की कीमत 261 रुपये (2.74 डॉलर) है। यह दो वेरिएंट में उपलब्ध होगाः 1 मिलीलीटर (700 यूनिट) का पेन जिसकी कीमत 2,611 रुपये है, और 3 मिलीलीटर (2,100 यूनिट) का पेन जिसकी कीमत 7,833 रुपए है।

बाजार में उपलब्ध दैनिक खुराक वाली बेसल इंसुलिन की 70 यूनिट की कीमत 345 से 453 रुपये है। अविकली अगले सप्ताह भारतीय बाजार में लॉन्च की जाएगी।

# बारामूला में यूएपीए मामले में जांच के तहत छापेमारी, पुलिस ने डिजिटल उपकरण किए सीज

एजेंसी, बारामूला।



जम्मू-कश्मीर की बारामूला पुलिस ने गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए ) से जुड़े एक मामले की जांच के तहत जिले में कई स्थानों पर एक साथ तलाशी अभियान चलाया। मौके से कुछ इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस जब्त किए गए हैं। पुलिस के अनुसार, यह कार्रवाई बारामूला पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज होने के बाद की गई। जांच को आगे बढ़ाते हुए पुलिस ने संदिग्ध गतिविधियों से जुड़े इनपुट के आधार पर यह कार्रवाई की।

बारामूला पुलिस ने गुरुवार को जिले के विभिन्न इलाकों में कई लोगों के आवासों पर समन्वित तरीके से तलाशी ली। जिन स्थानों पर तलाशी अभियान चलाया गया, उनमें इकबाल कॉलोनी बारामूला निवासी फराज अशरफ गोजरी, कनली बाग बारामूला निवासी वसीम अली कर, तौहीद गंज बारामूला निवासी तनवीर अहमद मीर उर्फ काका मीर पुत्र अब्दुल रशीद मीर, जो वर्तमान में गुलनार पार्क आजाद गंज में रह रहे हैं तथा ख्वाजाबाग जेट्टी बारामूला निवासी वसीम हुसैन मीर पुत्र मोहम्मद हुसैन मीर के आवास शामिल हैं।

पुलिस ने बताया कि तलाशी अभियान के दौरान चार मोबाइल फोन और एक लैपटॉप जब्त किए गए हैं। इन इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों को आगे की जांच और फॉरेंसिक परीक्षण के लिए सुरक्षित रखा गया है। जांच एजेंसियां इन उपकरणों से संबंधित डिजिटल जानकारी जुटाकर मामले की तह तक पहुंचने का प्रयास करेंगी। बारामूला पुलिस ने स्पष्ट किया कि पूरी कार्रवाई कानून के प्रावधानों के अनुसार की गई। तलाशी के दौरान कार्यकारी मजिस्ट्रेट और स्वतंत्र गवाह मौजूद रहे, ताकि प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी और कानूनी तरीके से संपन्न हो सके। पुलिस ने कहा कि यह कार्रवाई गैरकानूनी गतिविधियों से जुड़े मामलों की पेशेवर और निष्पक्ष जांच सुनिश्चित करने के प्रयासों का हिस्सा है। अधिकारियों के अनुसार, बारामूला पुलिस निष्पक्ष और गहन जांच सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। साथ ही कानून के शासन को बनाए रखने और इलाके में शांति व सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सभी जरूरी कानूनी कदम उठा रही है।

# अशोक गहलोत बोले: राम मंदिर ट्रस्ट तुरंत भंग करो, देरी से बढ़ी नाराजगी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता अशोक गहलोत ने राम मंदिर के लिए मिले चंदे में कथित हेराफेरी के मामले में जांच एजेंसियों और राजनीतिक नेतृत्व की तरफ से देरी से की गई कार्रवाई की आलोचना की है। उन्होंने कहा कि मंदिर के फंड का प्रबंधन करने वाले ट्रस्ट को सबूतों के साथ छेड़छाड़ का पता चलने के तुरंत बाद ही भंग कर दिया जाना चाहिए था। गहलोत ने इस मामले के सामने आने के शुरूआती दिनों में चुप्पी साधे रखने के लिए बीजेपी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की कड़ी आलोचना की।

गहलोत ने सवाल किया कि कार्रवाई कब होगी? जब इस घटना की जानकारी पहली बार सामने आई, तो सीसीटीवी फुटेज डिलीट कर दिया गया था। तुरंत की जाने वाली कार्रवाई ट्रस्ट को भंग करना और जांच शुरू करना होनी चाहिए थी। बाद में, एफआईआर दर्ज की गई, एसआईटी बनाई गई और पहली गिरफ्तारी हुई। कई दिनों तक फ्रर और भाजपा की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई।

# दिल्ली में भारी बारिश के बाद जलभराव, मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और मंत्री परवेश सिंह ने

एजेंसी, नई दिल्ली।

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में भारी बारिश के बाद दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बृहस्पतिवार को अपने विधानसभा क्षेत्र के शालामार गांव में जल निकासी व्यवस्था का निरीक्षण किया और अधिकारियों को उचित जल निकासी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। अधिकारियों ने कहा कि दिल्ली में भारी मानसूनी बारिश के बीच सरकार और सभी विभाग जलभराव से निपटने के लिए पूरी तत्परता से काम कर रहे हैं।

लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) मंत्री परवेश साहिब सिंह ने भी जल निकासी व्यवस्था की समीक्षा करने के लिए आईटीओ में पीडब्ल्यूडी के नियंत्रण कक्ष का दौरा किया। उन्होंने कहा कि ज्यादातर मामलों में जमा हुए पानी को निकाल दिया गया है और स्थिति पिछले वर्षों की तुलना में बेहतर है।

सिंह ने संवाददाताओं से कहा,



"हमने वादा किया था कि हम दिल्ली के लिए एक उचित जल निकासी व्यवस्था बनाएंगे ताकि लोग वास्तव में बारिश का आनंद ले सकें। पिछले 24 घंटों में, दिल्ली में 100 मिलीमीटर से अधिक बारिश हुई है। उसके बाद भी, मिंटो ब्रिज पर यातायात सुचारू रूप से चल रहा है, लेकिन वहां पहले बड़ी बसें और अन्य वाहन फंस जाते थे।"

उन्होंने कहा कि पीडब्ल्यूडी और सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग जैसी एजेंसियां मानसून का स्वागत करने के लिए तैयार हैं। मंत्री ने कहा, "जहां भी पानी जमा हुआ है, वह 30 मिनट के अंदर निकाल दिया गया। इसे जलजमाव नहीं कहा जा सकता। हमने उन 45 जगहों पर 179 कैमरे लगाए हैं, जहां पहले बहुत ज्यादा जलभराव होता था। ज्यादातर मामलों में, 10-15 मिनट के अंदर पानी निकाल दिया गया।"

सिंह ने यह भी कहा कि पीडब्ल्यूडी हर शिकायत पर वास्तविक समय में नजर रख रहा है और हर संवेदनशील जगह की निगरानी की जा रही है। उन्होंने कहा, "हमारा मकसद यह सुनिश्चित करना कि दिल्ली के लोग भारी बारिश के दौरान भी सुरक्षित और भरोसे के साथ आवागमन कर सकें।"

भारत मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, शहर में सुबह 8.30 बजे तक पिछले 24 घंटों में 72.6 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। एक अधिकारी ने बताया, "जलजमाव के बारे में लगभग 40 शिकायतें मिलीं, जिनमें से दोपहर तक 32 शिकायतों का समाधान कर दिया गया है।"

अधिकारी के मुताबिक, मयूर विहार और सीलमपुर गुरुद्वारा रोड जैसे इलाकों में जलजमाव देखा गया और टीमें इन इलाकों में पानी निकालने के लिए काम कर रही हैं। इसके अलावा विकास मार्ग, पूर्वी दिल्ली के इलाके, नयी दिल्ली रेलवे स्टेशन, मुनिरका, सदर बाजार और द्वारका सहित शहर के कई अन्य हिस्सों में भी जलभराव की सूचना मिली।

# चीन में जूता फैक्टरी में लगी भीषण आग, 28 की मौत

एजेंसी, बीजिंग।

चीन के जिनजियांग शहर में गुरुवार को एक जूता फैक्टरी में भीषण आग लग गई। स्थानीय अधिकारियों के अनुसार, इस हादसे में 28 लोगों की मौत हो गई।

घटना के वीडियो में देखा गया कि आग ने पूरे कारखाने और उसके आसपास की इमारतों को अपनी चपेट में ले लिया।



आपातकालीन प्रबंधन मंत्रालय ने क्या बताया?

चीन के आपातकालीन प्रबंधन मंत्रालय ने बताया कि आग लगने के बाद बचाव और राहत कार्यों की निगरानी के लिए एक संयुक्त टीम जिनजियांग शहर भेजी गई है। यह शहर पूर्वी चीन के फुजियान प्रांत के क्वांझोउ में स्थित है।

मंत्रालय के अनुसार, आग दोपहर करीब 12 बजे कारखाने में लगी थी।

राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने क्या निर्देश दिए?

चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे खोज और बचाव अभियान में पूरी ताकत लगाएं, हादसे के कारणों का पता लगाएं और इसके लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई करें।

# केजरीवाल ने सरकार से की बड़ी मांग, पेट्रोल की कीमत 82 रुपये होनी चाहिए, 102 रुपये नहीं

एजेंसी, नई दिल्ली।

आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने गुरुवार को पेट्रोल और डीजल की कीमतों में भारी कटौती की मांग की। उन्होंने तर्क दिया कि पिछले एक दशक में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में आई गिरावट का फायदा ग्राहकों को नहीं मिला है। पत्रकारों से बात करते हुए केजरीवाल ने मांग की कि पेट्रोल की कीमत मौजूदा 102 प्रति लीटर के बजाय 82 प्रति लीटर होनी चाहिए। उन्होंने केंद्र सरकार पर आरोप लगाया कि वह तेल मार्केटिंग कंपनियों को नाजायज मुनाफा कमाने दे रही है।

केजरीवाल ने कहा कि पेट्रोल 102 प्रति लीटर के बजाय 82 प्रति लीटर मिलना चाहिए और डीजल की कीमतें भी कम होनी चाहिए। उन्होंने सरकार से अपील की कि कच्चे तेल की कम कीमतों का फायदा ग्राहकों तक पहुंचाया जाए। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री ने दावा किया कि 2014 के बाद से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतें कई बार गिरी हैं, लेकिन इसका असर पेट्रोल-डीजल की खुदरा कीमतों पर नहीं दिखा।

उन्होंने पूछा कि 2014 से अब



तक अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतें कम से कम छह बार घटी हैं, लेकिन देश में पेट्रोल की कीमतें उस हिसाब से कम नहीं की गईं। इन सालों में जो भारी मुनाफा कमाया गया, उसका क्या हुआ? केजरीवाल ने तर्क दिया कि ईंधन की कीमतें कम करने से महंगाई का दबाव कम होगा और परिवारों व व्यवसायों, दोनों पर वित्तीय बोझ भी घटेगा। उन्होंने केंद्र पर यह आरोप भी लगाया कि वह तेल कंपनियों को ईंधन की कीमतें कृत्रिम रूप से ऊंची बनाए रखने की अनुमति दे रहा है, जबकि उन्हें सस्ते कच्चे तेल से होने वाले लाभ का फायदा जनता तक पहुंचाना चाहिए।

उनके ये बयान केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी के उस संकेत के कुछ दिनों बाद आए हैं, जिसमें उन्होंने कहा था कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतें चार महीने के निचले स्तर पर आने के बावजूद पेट्रोल और डीजल की कीमतों में तुरंत कटौती की संभावना नहीं है। मंत्री के अनुसार, सरकारी रिफाइनर अभी भी उस कच्चे तेल को प्रोसेस कर रहे हैं जिसे वेस्ट एशिया में संघर्ष के चरम पर ऊंची कीमतों पर खरीदा गया था। संघर्ष शुरू होने के दो महीने से भी अधिक समय बाद, मई के दूसरे भाग में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में लगभग ?7.50 प्रति लीटर की बढ़ोतरी की गई थी, लेकिन यह बढ़ोतरी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ईंधन की लागत में हुई वृद्धि से कम थी, जिससे सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कंपनियों को बोझ का कुछ हिस्सा उठाना पड़ा।

# अमेरिका में बढ़ा भारत का मानः न्यूयॉर्क में छाया स्वदेशी पालपोत आईएनएस सुदर्शिनी

एजेंसी, न्यूयॉर्क।

भारतीय नौसेना का स्वदेशी पालपोत आईएनएस सुदर्शिनी अमेरिका के न्यूयॉर्क दौरे को सफलतापूर्वक पूरा कर अब अपने अगले पड़ाव बोस्टन के लिए रवाना हो गया है। यह यात्रा भारतीय नौसेना के 10 महीने लंबे 'लोकायन 2026' महासागरीय अभियान का हिस्सा है।

इस अभियान का उद्देश्य दुनिया के अलग-अलग देशों में भारत की समुद्री विरासत, स्वदेशी क्षमता और नौसैनिक सहयोग को बढ़ावा देना है।

**क्यों खास रहा आईएनएस सुदर्शिनी का न्यूयॉर्क दौरा?**

आईएनएस सुदर्शिनी ने आठ जुलाई 2026 को न्यूयॉर्क बंदरगाह पर अपना कार्यक्रम पूरा किया। इस दौरान जहाज ने अमेरिका की आजादी के 250वें वर्ष के अवसर पर आयोजित 'इंटरनेशनल नेवल रिव्यू 250' और 'सेल250' जैसे अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रमों में भारत का प्रतिनिधित्व किया। इन आयोजनों में कई देशों के नौसैनिक जहाज शामिल हुए। भारत की ओर से आईएनएस सुदर्शिनी की मौजूदगी ने दुनिया के सामने देश की समृद्ध समुद्री परंपरा और बढ़ती नौसैनिक




क्षमता को प्रदर्शित किया।

**क्या है आईएनएस सुदर्शिनी की खासियत?**

आईएनएस सुदर्शिनी भारतीय नौसेना का तीन मस्तूल वाला पारंपरिक पालपोत है। इसका निर्माण भारत में किया गया है और इसे मुख्य रूप से प्रशिक्षण, समुद्री कूटनीति और सांस्कृतिक संपर्क बढ़ाने के लिए इस्तेमाल किया जाता है।

यह जहाज कई अंतरराष्ट्रीय यात्राएं कर चुका है और अलग-अलग देशों में भारत की संस्कृति, समुद्री इतिहास और नौसैनिक परंपराओं का परिचय कराता है।

**अब बोस्टन होगा अगला पड़ाव**

न्यूयॉर्क में सभी कार्यक्रम पूरे करने के बाद आईएनएस सुदर्शिनी अब बोस्टन के लिए रवाना हो चुका है।

वहां यह 'सेल बोस्टन 2026' समारोह में हिस्सा लेगा। इस कार्यक्रम में दुनिया के कई देशों के पारंपरिक और आधुनिक जहाज शामिल होंगे। भारतीय नौसेना के लिए यह दौरा केवल एक औपचारिक यात्रा नहीं है, बल्कि अमेरिका के साथ समुद्री सहयोग और दोस्ती को मजबूत करने का भी महत्वपूर्ण अवसर माना जा रहा है।

**क्या है लोकायन 2026 अभियान?**

'लोकायन 2026' भारतीय नौसेना का करीब 10 महीने का ट्रांसओशनिक (महासागरीय) अभियान है। इसके तहत आईएनएस सुदर्शिनी कई देशों के बंदरगाहों का दौरा कर रहा है। इस अभियान का उद्देश्य हैः-

भारत की समुद्री विरासत को दुनिया के सामने प्रस्तुत करना।

मित्र देशों के साथ नौसैनिक और सांस्कृतिक संबंध मजबूत करना।

समुद्री सुरक्षा और सहयोग का संदेश देना।

युवाओं और अंतरराष्ट्रीय समुदाय के बीच भारतीय नौसेना की पहचान बढ़ाना।

# संजू की वापसी, तिलक और वरुण की छुट्टी?

एजेंसी, नई दिल्ली।

भारत और इंग्लैंड के बीच खेली जा रही पांच मैचों की टी20 सीरीज अब एक बेहद रोमांचक और निर्णायक मोड़ पर पहुंच चुकी है। सीरीज का चौथा मुकाबला गुरुवार (9 जुलाई) को ब्रिस्टल के काउंटी ग्राउंड पर खेला जाएगा। भारतीय टीम के लिए यह मुकाबला 'करो या मरो' जैसा है। लगातार दो करारी हार झेलने के बाद भारतीय टीम सीरीज में 0-2 से पिछड़ रही है (पहला मैच बेनतीजा या रद्द रहा था)। अगर भारतीय टीम इस मुकाबले को भी गंवा देती है, तो उसे लगातार दूसरी द्विपक्षीय टी20 सीरीज में शिकस्त का सामना करना पड़ेगा। ऐसे में अपनी साख बचाने और सीरीज में बने रहने के लिए टीम मैनेजमेंट प्लेइंग इलेवन में कुछ बड़े और कड़े बदलाव करने के मूड में है।



## तिलक वर्मा की खराब फॉर्म पर गिरी गाज, संजू सैमसन की वापसी तय

टीम के उप-कप्तान तिलक वर्मा (ळ"' श्१ें) का हालिया फॉर्म बेहद चिंताजनक रहा है। लगातार फ्लॉप होने की वजह से उनकी जगह पर तलवार लटक रही है। क्रिकेट गलियारों में इस बात की पूरी चर्चा है कि चौथे टी20 में बाएं हाथ के इस बल्लेबाज को प्लेइंग इलेवन से ड्रॉप किया जा सकता है। उनकी जगह स्टार विकेटकीपर-बल्लेबाज संजू सैमसन की टीम में वापसी लगभग तय मानी जा रही है। संजू सैमसन हाल ही में संपन्न हुए आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2026 में ह्यप्लेयर ऑफ द टूर्नामेंटह्न रहे थे। उन्होंने इस सीरीज के पहले मैच में शिरकत की थी, लेकिन बाद में 15 वर्षीय युवा सनसनी वैभव सूर्यवंशी को मौका देने के लिए उन्हें अंतिम ग्यारह से बाहर बैठना पड़ा था। अब तिलक की खराब फॉर्म ने सैमसन के लिए दोबारा दरवाजे खोल दिए हैं।

## शीर्ष क्रम में फेरबदल की संभावना, क्या बदल जाएगी ओपनिंग जोड़ी?

15 साल के युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने अपने शुरूआती दो टी20 मैचों में अपनी निडर और आक्रामक बल्लेबाजी से सभी का ध्यान खींचा है। हालांकि, वह अपनी अच्छी शुरूआत को बड़ी या मैच जिताऊ पारी में तब्दील करने में नाकाम रहे हैं। इसके बावजूद मैनेजमेंट बिहार के इस युवा खिलाड़ी को एक और मौका देने के पक्ष में है। लेकिन, वैभव को टीम में बनाए रखने के साथ ही बल्लेबाजी क्रम में थोड़ा फेरबदल देखने को मिल सकता है।

### वरुण चक्रवर्ती बाहर, वाशिंगटन सुंदर संभालेंगे कमान!

बल्लेबाजी के अलावा भारतीय टीम अपनी गेंदबाजी यूनिट में भी सुधार करना चाहेगी। पिछले मैच में मिस्ट्री स्पिनर वरुण चक्रवर्ती का प्रदर्शन बेहद साधारण रहा था, जहां उन्होंने अपने 3 ओवरों में बिना कोई विकेट लिए 35 रन लुटा दिए थे। ऐसे में उन्हें चौथे मैच से आराम दिया जा सकता है।



उनकी जगह स्पिन-बॉलिंग ऑलराउंडर वाशिंगटन सुंदर को शामिल करने की पूरी तैयारी है। सुंदर के आने से टीम को दोहरा फायदा होगा। वह पावरप्ले और मिडिल ओवर्स में किफायती गेंदबाजी करने के लिए जाने जाते हैं। सुंदर निचले क्रम में आकर तेजी से रन बनाने की क्षमता रखते हैं, जिससे भारतीय बैटिंग लाइन-अप को मजबूती मिलेगी।

### सीरीज बचाने का आखिरी मौका

कप्तान श्रेयस अय्यर के कंधों पर इस समय भारी दबाव है। इंग्लैंड की टीम अपने घरेलू मैदान और परिस्थितियों का पूरा फायदा उठा रही है, वहीं भारतीय टीम अब तक पूरी तरह से दिशाहीन नजर आई है। यदि भारत को इस सीरीज को पांचवें मैच तक जिंदा रखना है, तो शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों को जिम्मेदारी लेनी होगी और गेंदबाजों को रनों की गति पर अंकुश लगाना होगा।

### चौथे टी20 के लिए भारत की संभावित प्लेइंग इलेवन

अभिषेक शर्मा, वैभव सूर्यवंशी, संजू सैमसन (विकेटकीपर), ईशान किशन, श्रेयस अय्यर (कप्तान), शिवम दुबे, अक्षर पटेल, वाशिंगटन सुंदर, हर्षित राणा, अर्शदीप सिंह, प्रिंस यादव।

# फीफा विश्व कप: मोरक्को को झटका, फॉरवर्ड सैबारी फ्रांस के खिलाफ क्वार्टर-फाइनल से हुए बाहर

एजेंसी, नई दिल्ली।

फीफा विश्व कप 2026 के क्वार्टर-फाइनल में फ्रांस जैसी मजबूत टीम के खिलाफ मुकाबले से पहले मोरक्को को बड़ा झटका लगा है। उनके मुख्य फॉरवर्ड इस्माइल सैबारी चोट के कारण इस अहम मैच से बाहर हो गए हैं।



मोरक्को के हेड कोच मोहम्मद ओआबी ने गुरुवार को मैच से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस में सैबारी के बाहर होने की पुष्टि की। ओआबी के अनुसार, कनाडा के खिलाफ राउंड ऑफ 16 की जीत के दौरान हैमस्ट्रिंग की चोट लगने के बाद यह फॉरवर्ड समय पर ठीक नहीं हो सका। हालांकि, कोच को उम्मीद है कि अगर उनकी टीम सेमीफाइनल में पहुंचती है, तो 25 वर्षीय खिलाड़ी फिट हो जाएगा। मैच से पहले पत्रकारों से बात करते हुए ओआबी ने कहा, "वह तैयार नहीं हैं, लेकिन मुझे उम्मीद है कि यह उनके लिए टूर्नामेंट का अंत नहीं है।"

सैबारी मौजूदा टूर्नामेंट में अफ्रीकी टीम के लिए बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों में से एक हैं। उन्होंने ग्रुप स्टेज के तीनों मैचों में गोल किए और राउंड ऑफ 32 में नीदरलैंड के खिलाफ निर्णायक शूटआउट में पेनल्टी को गोल में बदला। उनकी अनुपस्थिति के कारण मोरक्को को 2022 वर्ल्ड कप की उपविजेता टीम के खिलाफ अधिक रक्षात्मक रणनीति अपनानी पड़ सकती है। फीफा ने फ्रांस और मोरक्को के बीच क्वार्टर-फाइनल मुकाबले के लिए पूरी तरह से अर्जेंटीना के अधिकारियों की टीम नियुक्त करके एक बड़ी बहस छेड़ दी है। 2026 टूर्नामेंट में यह पहली बार है जब किसी मैच का संचालन पूरी तरह से एक ही देश के अधिकारियों द्वारा किया जाएगा। हालांकि, मोरक्को के कोच ने अधिकारियों के प्रभाव को कम कर-के आंका है। मैच से पहले अपनी प्रेस कॉन्फ्रेंस में रेफरी के बारे में उन्होंने कहा, "हम एक बहुत अनुभवी रेफरी की बात कर रहे हैं। हम यही चाहते हैं। हम इस तरह के मैचों के लिए अनुभवी रेफरी चाहते हैं। इसलिए हम बहुत शांत हैं। नीदरलैंड्स का सामना करने से पहले हमारे मैच में एक डच रेफरी था और उसने बहुत अच्छा काम किया था। हम इस बारे में ज्यादा बात नहीं करते क्योंकि हम जानते हैं कि वे बस अपना सर्वश्रेष्ठ करने की कोशिश कर रहे होते हैं। फ्रांस के खिलाफ मैच में जो रेफरी होगा, वह आसानी से कार्ड (बुकिंग) नहीं देता है और इसका असर पड़ सकता है, लेकिन मैं रेफरी की क्षमता के बारे में कुछ भी बुरा नहीं कहूंगा।" फ्रांस और मोरक्को के बीच सभी तरह की प्रतियोगिताओं में अब तक छह बार मुकाबले हुए हैं, जिनमें फ्रांस का पलड़ा भारी रहा है। फ्रांस ने चार मैच जीते हैं, एक मैच ड्रॉ रहा है, और मोरक्को ने एक मैच जीता है। दोनों टीमें ऐतिहासिक 2022 वर्ल्ड कप सेमीफाइनल में भी आमने-सामने थीं। मैच में मोरक्को को 2-0 से हार का सामना करना पड़ा था।

# मनोरंजन

## फिल्म निर्माण में उतरेंगी सना सईद, शेयर किया 'प्रूफ ऑफ कॉन्सेप्ट' का पहला ड्राफ्ट

बॉलीवुड अभिनेत्री सना सईद ने बतौर फिल्म निमार्ता अपनी पहली फीचर फिल्म 'प्रूफ ऑफ कॉन्सेप्ट' का पहला ड्राफ्ट पूरा होने पर जश्न मनाया। उनको ड्राफ्ट (कहानी या स्क्रिप्ट का प्रारंभिक मसौदा) मिल गया है। सना सईद 'बियॉन्ड मैजिक स्टूडियोज' के तहत एक प्रोजेक्ट पर काम कर रही हैं। अभिनेत्री इस फिल्म में एक्टिंग भी करेंगी। सोशल मीडिया पर अपडेट शेयर करते हुए सना ने कहा कि हाथ में स्क्रिप्ट पकड़ने से उन्हें फिल्म बनाने का अपना सपना आखिरकार "बहुत असली" लगा। 'कुछ कुछ होता है' की एक्ट्रेस ने एक वीडियो पोस्ट किया जिसमें उन्होंने कहा, "मेरे हाथ में एक फीचर फिल्म के 'प्रूफ ऑफ कॉन्सेप्ट' का पहला ड्राफ्ट है, जिसे हम मेरी प्रोडक्शन कंपनी, बियॉन्ड मैजिक स्टूडियो के तहत बनाने जा रहे हैं। यह फिल्म बनाने की दिशा में मेरा पहला कदम है और यह बस शुरूआत है।" उन्होंने कहा, "फिल्म बनाना बहुत मेहनत का काम है और इसमें बहुत कुछ शामिल है जिसे मैं अभी सीख और समझ रही हूं लेकिन हाथ में यह पहला ड्राफ्ट होना बहुत एक्साइटिंग है। मुझे एक्टिंग पसंद है, लेकिन मुझे फिल्म बनाना भी हमेशा से पसंद रहा है। मैं हमेशा से इसका अंदर से हिस्सा बनना चाहती थी। और इसे हाथ में पकड़ना बहुत असली लगता है। यह बहुत असली लगता है।"

सना ने कैप्शन में लिखा, "जिस चीज पर मैं कुछ समय से चुपचाप काम कर रही थी, वह आज सच हो गई। मुझे एक फीचर फिल्म के लिए अपने 'प्रूफ ऑफ कॉन्सेप्ट' का पहला ड्राफ्ट मिला। एक स्क्रिप्ट। एक असली स्क्रिप्ट। एक ऐसी फिल्म के लिए जिसमें मैं एक्टिंग करूंगी, जिसे हम सब मिलकर शुरू से बना रहे हैं। जिस चीज का मैंने सपना देखा था, उसे हाथ में पकड़ने पर कैसा महसूस होता है, इसके लिए मेरे पास शब्द नहीं हैं। इसलिए मैंने बस अपने फोन पर बात की। कल पार्ट 2 आएगा, जिसमें असली कहानी होगी कि यहां तक पहुंचने के लिए मुझे कितनी बार शुरूआत से सब कुछ शुरू करना पड़ा।"

सना सईद अभी लॉस एंजिल्स, कैलिफोर्निया में रहती हैं। उन्होंने अपने एक्टिंग करियर की शुरूआत मशहूर फिल्म "कुछ कुछ होता है" में एक चाइल्ड आर्टिस्ट के तौर पर की थी और बाद में "स्टूडेंट ऑफ द ईयर" में नजर आईं। इतने साल में, उन्होंने "झलक दिखला जा 6," "नच बलिए 7," और "फियर फैक्टर: खतरों के खिलाड़ी 7" जैसे पॉपुलर रियलिटी शो में भी हिस्सा लिया है।



## सात दिन बाद भी 50 करोड़ क्लब में शामिल नहीं हुई 'अल्फा'



आलिया भट्ट की एक्शन स्पाई ड्रामा फिल्म 'अल्फा' दर्शकों पर अपना जादू नहीं चला सकी है। सात दिन में ही इस फिल्म का कलेक्शन ओपनिंग डे के मुकाबले काफी कम हो गया है। कल शुक्रवार को नई फिल्में बॉक्स ऑफिस पर रिलीज होंगी, ऐसे में 'अल्फा' के लिए चुनौती और बढ़ जाएगी। जानिए, गुरुवार को इस फिल्म ने अपने खाते में कितने रुपये जमा किए हैं।

### सातवें दिन 'अल्फा' ने कितने कमाए?

फिल्म 'अल्फा' ने सातवें दिन 1.22 करोड़ रुपये कमाए हैं, यह फिल्म का शुरूआती कलेक्शन है। फिल्म ने छठे दिन 2.85 करोड़ रुपये कमाए थे। इस फिल्म कुल कलेक्शन भी अब तक 46.17 करोड़ रुपये हो चुका है। सात दिन थिएटर में रहने के बाद भी यह फिल्म 50 करोड़ रुपये का आंकड़ा नहीं पार कर सकी है।

### 'धमाल 4' का क्या मुकाबला कर पाएगी 'अल्फा'

कल सिनेमाघरों में अजय देवगन की फिल्म 'धमाल 4' रिलीज होगी। इसे लेकर फैंस के बीच क्रेज दिख रहा है। सैकनिल्क के मुताबिक फिल्म 'धमाल 4' के एडवांस बुकिंग में 57321 टिकट बिक गए हैं। देश भर में इसे 7894 शो मिले हैं। फिल्म के कलेक्शन की बात करें तो एडवांस बुकिंग में 1.45 करोड़ रुपये 'धमाल 4' के खाते में जमा हो गए। जब फिल्म एडवांस बुकिंग में करोड़ रुपये का कलेक्शन कर रही है तो पहले दिन अच्छी कमाई भी कर सकती है। ऐसे में 'अल्फा' के लिए बॉक्स ऑफिस पर कलेक्शन की दौड़ में टिके रहना मुश्किल हो सकता है।

### क्या पहले से मौजूद फिल्मों से मिली टक्कर?

'अल्फा' के अलावा 'वेलकम टू द जंगल' भी सिनेमाघरों में मौजूद है। इस फिल्म ने रिलीज के 14वें दिन 1.27 करोड़ रुपये की कमाई की है। वहीं शाहिद कपूर की 'कॉकटेल 2' ने रिलीज के 21वें दिन 29 लाख रुपये कमाए हैं। ऐसे में देखा जाए तो 'अल्फा' ने गुरुवार को 'कॉकटेल 2' से ज्यादा कमाई की लेकिन 'वेलकम टू द जंगल' से पिछड़ गई।

### फिल्म 'अल्फा' कहां चूक गई

शिव रावल निर्देशित फिल्म 'अल्फा' की कहानी में आलिया भट्ट और शरवरी ने किलर, स्पाई का रोल किया। फिल्म में एक्शन सीन्स भी जमकर दिखाए गए हैं। लेकिन 'धुरंधर' देखने के बाद फैंस को स्पाई ड्रामा फिल्मों से उम्मीदें ज्यादा बढ़ गई है, जिस पर 'अल्फा' खरी नहीं उतर सकी है।

# सनातन संस्कारों और गौ सेवा के लिए जीवन समर्पित करने वाली आगरा की दबंग सामाजिक नेत्री हिमानी चतुर्वेदी

### सनातन संस्कारों और गौ सेवा के लिए सर्वस्व अर्पण करने वाली आगरा की दबंग और प्रखर सामाजिक चेतना हिमानी चतुर्वेदी

### सुरभि सखी सेवा से बदली दो हजार से अधिक महिलाओं की किस्मत जानिए जर्मनी तक इको फ्रेंडली उत्पाद भेजने वाली हिमानी चतुर्वेदी का विजन

### 450 साल पुरानी लोक कला परंपरा में देश की पहली महिला खलीफा बनने का गौरव पाने वाली टाइम्स ऑफ इंडिया की पूर्व पत्रकार हिमानी चतुर्वेदी पर विशेष आलेख

### लंपी बीमारी में गोवंश की रक्षक और झुग्गी झोपड़ी के बच्चों के लिए कलम अभियान चलाने वाली ओजस्वी वक्ता हिमानी चतुर्वेदी

आज के इस आधुनिक युग में जहाँ एक तरफ समाज की युवा पीढ़ी अपनी प्राचीन संस्कृति को भूलती जा रही है वहीं दूसरी तरफ आगरा की धरती पर एक ऐसी दबंग और प्रखर नारी शक्ति का उदय हुआ है जिसने सनातन संस्कारों और गौ सेवा के पावन लक्ष्य के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया है। पूर्व राष्ट्रीय लॉन टेनिस खिलाड़ी और प्रख्यात ओजस्वी वक्ता हिमानी चतुर्वेदीआज देश की लाखों महिलाओं के लिए हौसले और स्वावलंबन का सबसे बड़ा नाम बन चुकी हैं। अपनी बुलंद आवाज और निडर कार्यशैली के बल पर समाज की रूढ़ियों को तोड़ने वाली हिमानी चतुर्वेदी एक ऐसी बहुमुखी प्रतिभा की धनी हैं जिन्होंने पत्रकारिता और खेल के मैदान से निकलकर जमीनी स्तर पर मानवता की सेवा का एक नया और ऐतिहासिक इतिहास रच दिया है।

#### सनातन संस्कारों की संवाहक और दो सौ से अधिक निराश्रित गोवंश की सच्ची रक्षक

हिमानी चतुर्वेदीके जीवन का सबसे बड़ा और पवित्र संकल्प गौ माता की सेवा करना है। सनातन धर्म के संस्कारों को अपने जीवन का आधार मानने वाली हिमानी ने बेसहारा और बीमार गोवंश की रक्षा के लिए आगरा में एक विशाल पुनर्वास केंद्र का संचालन किया है जहाँ वर्तमान में दो सौ से अधिक गौ माता की पूरी निष्ठा के साथ चिकित्सा और सेवा की जा रही है। विशेष रूप से जब लंपी त्वचा बीमारी का भयंकर प्रकोप आया था तब इस दबंग नेत्री ने अपनी जान की परवाह न करते हुए आगे बढ़कर आगरा में विशेष आइसोलेशन सेंटर स्थापित करवाए थे ताकि पीड़ित गोवंश का सही समय पर उपचार हो सके। उन्होंने गौशालाओं को आत्मनिर्भर

सियासी सिरमौर

बनाने के लिए गाय के गोबर से कागज कैरी बैग और मोबाइल के एंटी रेडिएशन स्टिकर जैसे अद्भुत और इको फ्रेंडली उत्पादों के निर्माण का एक नया सफल प्रयोग भी समाज के सामने प्रस्तुत किया है।

#### दो हजार से अधिक महिलाओं को बनाया आत्मनिर्भर और जर्मनी तक फैलाया व्यापार

महिलाओं के अधिकारों की लड़ाई लड़ने और उन्हें समाज में सिर उठाकर जीने का हौसला देने में हिमानी चतुर्वेदी का योगदान अतुलनीय है। उन्होंने आगरा में सुरभि सखी सेवा नाम से एक बेहद मजबूत सामाजिक आत्मनिर्भर मॉडल तैयार किया है जिसके माध्यम से ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों की दो हजार से अधिक वंचित महिलाओं को विशेष प्रशिक्षण देकर रोजगार से जोड़ा गया है। हिमानी की कुशल आर्थिक सोच का ही परिणाम है कि आज उनके द्वारा तैयार किए गए इन पार्यावरण अनुकूल उत्पादों की मांग केवल दिल्ली या हरियाणा तक ही सीमित नहीं है बल्कि यूरोपीय देश जर्मनी तक इन विशिष्ट वस्तुओं का बड़े पैमाने पर निर्यात किया जा रहा है जिससे देश की साधारण महिलाओं को वैश्विक स्तर पर आर्थिक संबल प्राप्त हो रहा है।



हिमानी चतुर्वेदी

#### कलम अभियान से बिखेरी साक्षरता की अलख और कला के इतिहास में बनीं पहली महिला खलीफा

हिमानी चतुर्वेदी केवल आर्थिक धरातल पर ही नहीं बल्कि शिक्षा और कला के क्षेत्र में भी एक बहुत बड़ा बदलाव लेकर आई हैं। आगरा के सुल्तानगंज पुलिया क्षेत्र में उन्होंने घुमंतू गाड़िया लोहार समुदाय के उन बच्चों के लिए कलम अभियान चलाया जो कभी भीख मांगने या कूड़ा बीनने के लिए मजबूर थे। आज वे बच्चे मुख्यधारा की शिक्षा से जुड़ चुके हैं। इसके साथ ही कला और संस्कृति के क्षेत्र में उन्होंने एक ऐसा कीर्तिमान स्थापित किया है जो पिछले 450 सालों के इतिहास में कोई महिला नहीं कर सकी। वे भगत लोक कला परंपरा के इतिहास में पूरे देश की पहली महिला खलीफा यानी मास्टर बनी हैं। उन्होंने नारी सुरक्षा और संवेदनशीलता पर आधारित प्रसिद्ध सामाजिक नाटक मेरे बाबुल का बीजना में मुख्य भूमिका निभाकर समाज की सोई हुई चेतना को जगाने का साहसिक कार्य भी किया है।

#### उच्च शिक्षा और समाज कल्याण के अद्वितीय कार्यों के लिए मिला आगरा रत्न सम्मान

डॉ भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय से राजनीति विज्ञान में एम ए की उच्च शिक्षा प्राप्त करने के बाद हिमानी चतुर्वेदी ने इंस्टीट्यूट ऑफ मीडिया स्टडीज से पत्रकारिता की पढ़ाई की और टाइम्स ऑफ इंडिया जैसे प्रतिष्ठित संस्थान में तीन साल तक अपनी लेखनी के बल पर जन सरोकार के मुद्दों को प्रखरता से उठाया। वर्तमान में वे सामाजिक न्याय को कानूनी ताकत देने के लिए एल एल बी यानी कानून की पढ़ाई कर रही हैं। सात वर्ष की अल्पायु से योग का अभ्यास करने वाली हिमानी जी ने सीखो योग संस्था के माध्यम से साठ से अधिक बड़ी कार्यशालाएं करके हजारों महिलाओं के मानसिक तनाव और घरेलू हिंसा के दर्द को दूर किया है। उनकी इसी विलक्षण प्रतिभा और दबंग सामाजिक सक्रियता के लिए उन्हें प्रतिष्ठित आगरा रत्न सम्मान कल्कि गौरव सम्मान महिला रत्न और रॉयल एनफील्ड द्वारा ना री अवार्ड जैसे बड़े सम्मानों से नवाजा जा चुका है।

नोट- सियासी सिरमौर कॉलम में हम उन व्यक्तित्वों की कहानी प्रकाशित करते हैं जिनके पास 10 सालों का सक्रिय राजनीतिक अनुभव है और संगठन के प्रति अटूट निष्ठा है। अगर आप भी खुद को मानते हैं सियासी सूरमा, तो अपनी कहानी हमें हमारे व्हाट्सएप नबंर 9412359817 पर भेजें।